You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-13 ❑ अंक-57 ❑ रविवार, 24 मार्च 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



अगर मीडिया अपनी अंतरात्मा का ख्याल रखेगा तो वह देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा। मीडिया को सभी सावधानियां बरतनी चाहिए और पक्षपातपूर्ण राजनीति के लिए युद्ध का मैदान नहीं बनना चाहिए।

जगदीप धनखड़

महुआ के पिता के आवास पर सीबीआई ने की छापेमारी 11

अबीर गुलाल के संग चला होली मिलन में गीतों का जादू 12

## बधाई



होली के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभेच्छुओं को हार्दिक बधाई।

राकेश कुमार पाण्डेय
चेयरमैन, कैनविज टाइम्स

## सूचना

होली के शुभ अवसर पर कैनविज टाइम्स कार्यालय में 24 और 25 मार्च को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 27 मार्च 2024 को प्रकाशित होगा।

प्रधान संपादक

## संक्षेप

### युद्धपोत आईएनएस कोलकाता 35 जलदस्यु को लेकर सोमालिया तट से मुंबई पहुंचा

मुंबई। सोमालिया तट के पास एक अभियान में पकड़े गए 35 समुद्री लुटेरों को लेकर युद्धपोत आईएनएस कोलकाता शनिवार सुबह मुंबई पहुंचा। नौसेना ने यह जानकारी दी। उसने कहा कि यहां लाने के बाद इन समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन संकल्प' के तहत की गई, जिसके तहत भारतीय नौसेना के जहाजों को अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है ताकि क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों और मालवाहक पोतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। नौसेना ने कहा, ''आईएनएस कोलकाता पकड़े गए 35 समुद्री लुटेरों को लेकर 23 मार्च को मुंबई पहुंचा। भारतीय कानूनों, विशेष रूप से समुद्री डकैती-रोधी अधिनियम, 2022 के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए समुद्री लुटेरों को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया।

### मतदान से पांच दिन पहले घर पर पहुंचेगी वोटर पर्ची

**लखनऊ।** केन्द्रीय चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव में हर चरण के मतदान से पांच दिन पहले हर मतदाता के घर पर वोटर पर्ची पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। प्रत्येक चरण में जिस-जिस लोकसभा सीट पर जब-जब मतदान होना है उससे पांच दिन पहले बूथ लेबल आफिसर (बीएलओ) हर मतदाता के घर पर वोटर पर्ची पहुंचाएंगे।

## अरविंद केजरीवाल पर मुख्यमंत्री योगी का बयान

# लोकतंत्र डकैती डालने की छूट नहीं देता : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है इसीलिए अरविंद केजरीवाल बार-बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बन सके। मगर लोकतंत्र किसी व्यक्ति, पार्टी या संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता। मुख्यमंत्री प्रदेश का मालिक नहीं होता। हमारा काम जनसेवक और कस्टोडियन का होता है। कोई भी, फिर चाहे मैं ही क्यों न हूं, अगर नियम विरुद्ध आचरण करूंगा तो मुझपर भी देश का कानून लागू होगा। कोई व्यक्ति या सरकार खुद को कानून से ऊपर मानने लगे तो ये गलत है। ईडी एक स्वतंत्र नियामक संस्था है और केजरीवाल का मामले में कोर्ट में है, इसे अब कोर्ट ही तय करेगी। ये बातें शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक निजी टीवी चैनल के साथ बातचीत के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि यूपी में जो भी परिवर्तन दिखाई देता है उसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूपी की जनता को दिया जाना चाहिए। प्रदेश के बारे में आज देश और दुनिया की धारणा बदली है। 2017 से पहले यहां लोगों के सामने पहचान का संकट था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। सुरक्षा की स्थिति बदतर थी। प्रदेश में विकास का माहौल नहीं था। सरकारों ने अपने परिवार का विकास किया। जातियता के नाम पर प्रदेश को विभाजित किया गया। मगर, आज ये नये भारत का नया यूपी है, जो देश की उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश है। यहां सर्वाधिक निवेश को धरातल पर उतारने का कार्य हुआ है। यूपी आज इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की योजनाओं को सबसे तीव्रता के साथ आगे बढ़ाने वाला प्रदेश बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की बात करती है, ध्रुवीकरण की ● शेष पेज 11 पर



### बयान

- ❑ मुख्यमंत्री राज्य का मालिक नहीं सेवक होता है, हम कानून से ऊपर नहीं
- ❑ हिन्दुस्तान की मूल आत्मा हिन्दू है, उसके सम्मान से समझौता नहीं कर सकते
- ❑ सीएए से भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा परिलक्षित होती है
- ❑ भाजपा अपने सहयोगियों के साथ यूपी में अबतक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करेगी : सीएम योगी

### आज यूपी एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उनकी सरकार का सात साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। तीन साल सरकार ने कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का सामना किया। हमें चार वर्ष ही अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जमीनी धरातल पर उतारने का मौका मिला। इसके बावजूद हमें यूपी की जीडीपी को दोगुना करने में सफलता मिली। आज यूपी एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। 2017 से पहले हमें अपने कर्मचारियों को तनख्वाह देने तक का पैसा नहीं होता था। कोई बड़ा बैंक हमें पैसा नहीं देता था।

# भारत अब आतंकवाद की समस्या को नजरअंदाज नहीं करेगा : जयशंकर

एजेंसी

सिंगापुर। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर सिंगापुर दौरे पर हैं। भारत के पड़ोसी देशों से रिश्तों पर जुड़े सवालों पर उन्होंने बेबाकी से जवाब दिए। डॉ जयशंकर ने साफ कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को भारत अब बिल्कुल सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान 'उद्योग स्तर' पर आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। भारत इस समस्या को नजरअंदाज नहीं करेगा। विदेश मंत्री ने एक अन्य पड़ोसी चीन के बारे में भी जवाब दिया। पूर्वोत्तर भारत में अरुणाचल प्रदेश से लगी चीन की सीमा और भारतीय भूभाग पर चीन के दावों को लेकर एक सवाल के जवाब में डॉ जयशंकर ने कहा कि चीन के दावे हास्यास्पद हैं।



डॉ जयशंकर ने रेखांकित किया कि पाकिस्तान लगभग 'उद्योग स्तर' पर आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत का मूड अब आतंकवादियों को नजरअंदाज करने का नहीं है। सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर आए विदेश मंत्री ने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशियन स्टडीज (आईएसएएस) में यह बात कही। पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों पर एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री ने कहा, 'हर देश एक स्थिर पड़ोस चाहता है... और कुछ नहीं तो आप कम से कम एक शांत पड़ोस तो चाहते हैं।' बकौल जयशंकर, दुर्भाग्य से, भारत के साथ ऐसा नहीं है। अपनी किताब 'व्हाई भारत मैटर्स' से जुड़े व्याख्यान के बाद सवाल-जवाब के दौरान विदेश मंत्री ने कहा, पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। जयशंकर ने सवाल किया कि आप ऐसे पड़ोसी से कैसे निपटेंगे जो इस तथ्य को नहीं छिपाता है कि वे आतंकवाद को शासन के साधन ● शेष पेज 11 पर

## कविता की ईडी हिरासत 26 मार्च तक बढ़ी

नयी दिल्ली। राजधानी की एक विशेष अदालत ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत 26 मार्च तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी और बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद सुश्री कविता की हिरासत को तीन और दिनों के लिए 26 मार्च तक बढ़ा दी। सुश्री कविता को जांच एजेंसी ने 15 मार्च को हैदराबाद में उसके आवास पर छापा मारने के बाद गिरफ्तार ● शेष पेज 11 पर

## मॉस्को आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 143 हुई

एजेंसी

मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को में एक कॉन्सर्ट हॉल में शुक्रवार को हुए आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 143 हो गई है जबकि 100 से अधिक लोग घायल हैं।

रूस की जांच समिति ने शनिवार को यह जानकारी दी। समिति ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं आतंकवादी हमले स्थल - मॉस्को ओब्लास्ट में क्रोकस सिटी हॉल से मलबे को हटाने का काम जारी था क्योंकि वहां से और शव पाये गये थे। प्रारंभिक निरीक्षण के बाद समिति ने कहा कि आतंकवादियों ने कॉन्सर्ट हॉल में छोड़े गए गोला-बारूद के साथ-साथ स्वचालित हथियारों का भी ● शेष पेज 11 पर



# होली पर पूरे प्रदेश में होगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❑ यूपीपीसीएल अध्यक्ष ने अधिकारियों को दिए निर्देश, विद्युत व्यवस्था ट्रिपिंग विहीन और आदर्श होनी चाहिए
- ❑ दशहरे, नवरात्रि, धनतेरस और दीपावली समेत प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भी सुनिश्चित की गई थी 24 घंटे आपूर्ति

लखनऊ। रंगों के त्योहार होली पर प्रदेशवासियों को उच्च कोटि की निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाएगी। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन (यूपीपीसीएल) के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष गोयल ने पांचों डिस्कॉम को कटौती मुक्त और ट्रिपिंग विहीन विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान प्रदेश में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सरकार दशहरे, नवरात्र और दीपावली के साथ ही अयोध्या में श्री रामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेश के सभी 75 जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों, नगर पंचायत मुख्यालयों, तहसील मुख्यालयों और जनपद मुख्यालयों में बिना कटौती 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर रिकॉर्ड बना चुकी है। अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने बताया कि होली के पर्व के महत्व को देखते हुए प्रदेश को प्रकाश युक्त रखने का निर्णय लिया गया है। इससे आमजन के साथ ही व्यवसाय को भी लाभ होगा। अध्यक्ष ने बताया है कि पर्व के दौरान पूरे प्रदेश भर में सभी क्षेत्रों को 24 घंटे कटौती मुक्त विद्युत ● शेष पेज 11 पर









# लोकसभा चुनाव: लखनऊ बना कमल का साथी पसंद नहीं आए साइकिल और हाथी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ किसी जमाने में कंग्रेस का गढ़ हुआ करती थी। सपा और बसपा के उभार के बाद प्रदेश में कंग्रेस की राजनीतिक जमीन लगातार सिकुड़ती गई। हालांकि प्रदेश की राजनीति में अग्रणी भूमिका निभाने के बावजूद सपा और बसपा लखनऊ संसदीय सीट जीतने में कामयाब नहीं हुईं। कंग्रेस ने लखनऊ सीट अंतिम बार 1984 में जीती थी। पिछले तीन दशकों से लखनऊ सीट पर भाजपा का कब्जा है। लखनऊ भाजपा का वो अभेद्य दुर्ग है जिसे 1991 से 2019 तक हुए सात चुनाव में विपक्ष विजय पताका फहरा नहीं पाया। वर्ष 2007 में बसपा ने और 2012 में सपा ने यूपी में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई, बावजूद इसके सपा और बसपा लखनऊ लोकसभा सीट जीतने का ख्वाब पूरा नहीं कर पाईं।बसपा को प्रदेश की सत्ता चार बार संभालने का मौका मिला। वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा का सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूला हिट रहा। बसपा ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। विधानसभा चुनाव के दो साल बाद 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में बसपा के खाते में 20 सीटें ही आईं। सपा ने 23, भाजपा ने 10, कंग्रेस ने 21, रालोद ने 5 और 1 सीट पर निर्दलीय ने जीत दर्ज की। इस चुनाव में बसपा ने लखनऊ सीट से पूर्व मुख्यमंत्री बाबू बनारसी दास के पुत्र डॉ.अलिखेश दास को मैदान में उतारा था। अखिलेश दास ने जीत के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी, लेकिन उन्हें जीत नसीब नहीं हुई। लखनऊवासियों ने जीत का सेहरा भाजपा प्रत्याशी लालजी टंडन के सिर पर बांधा। कंग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी दूसरे और बसपा प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे। ये वो समय था जब प्रदेश में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार थी। वर्ष 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी जगमोहन सिंह वर्मा लखनऊ सीट पर चौथे स्थान पर रहे। ये चुनाव जनता दल के मंदाता सिंह ने जीता था। 1991 के चुनाव में बसपा के बलबीर सिंह सलूजा पांचवें स्थान पर रहे। 1996 में वेद प्रकाश ग्रोवर तीसरे, 1998 में डा. दाऊ जी गुप्ता तीसरे, 1999 में इजहारूल हक और 2004 में नसीर अली सिद्दीकी चौथे स्थान पर रहे। वर्ष 1991 से 2004 तक भाजपा प्रत्याशी अटल बिहारी वाजपेयी ने लगातार लखनऊ सीट पर जीत दर्ज की। वर्ष 2004 के चुनाव में चौथे स्थान पर रहे बसपा प्रत्याशी नसीर अली सिद्दीकी को तो निर्दलीय प्रत्याशी राम जेठमलानी से भी कम वोट हासिल हुए थे। जेठमलानी तीसरे स्थान पर रहे।



# अखिलेश यादव का नाम भी है ईडी की सूची में : ओमप्रकाश राजभर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वक्त में ईडी स्वतंत्र रुप से कार्य कर रही है। पहली की सरकार में ईडी काम नहीं कर पाती थी। अरविन्द केजरीवाल पर ईडी की कार्यवाही बिल्कुल सही है। इस सूची में अखिलेश यादव का नाम भी शामिल है। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में शनिवार को एक बयान देते हुए कहा कि अखिलेश यादव को भी ईडी का डर है। अखिलेश जी के लोग भी जानते हैं कि कहीं उनके पर कार्यवाही ना शुरु हो जाये। इसके कारण उनकी पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। पल्लवी पटेल, स्वामी प्रसाद मौर्य भी छोड़कर चले गये। अल्पसंख्यक विभाग की योजना पर ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर अल्पसंख्यक विभाग के कुछ मामले रखे हैं। जिसमें विभाग का बजट बढ़ाने का विषय है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह का प्रस्ताव रखा है। मदरसा एक्ट पर आये हाईकोर्ट के निर्णय पर उन्होंने कहा कि ये हाईकोर्ट का आदेश है। इसमें अभी कुछ कह नहीं सकते हैं। घोसी लोकसभा सीट के सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के उम्मीदवार व बेटे अरविन्द राजभर पर उन्होंने कहा कि हमारे उम्मीदवार का जीतना तय है। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार ने पिछली बार जो मत पाये थे, उतना ही तो फिर पायेंगे। क्षेत्र की जनता हमारे साथ है। इतना ही नहीं, यूपी में 80 लोकसभा सीटें और देश में 400 के पार सीटें हमारा एनडीए गठबंधन जीतेगा।

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावट खोरो के विरुद्ध चलाया जोरदार अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर देहात । होली पर्व के दृष्टिगत चलाए जा रहे अभियान के दौरान जनपद के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीमों ने जनपद में जगह-जगह छापा मारकर विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों से साथ खाद्य सामग्री के सात नमूने संकलित करके उन्हें परीक्षण के लिए भेजा है। जनपद के खाद्य सुरक्षा एवं प्रशासन विभाग की टीमों की उपरोक्त कार्यवाही से दुकानदारों के बीच हड़कंप मच गया। मालूम हो कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी, जनपद कानपुर देहात आलोक सिंह द्वारा दिए गए निर्देश का अनुपालन करते हुए जनपद में आगामी होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य एवं पेय पदार्थ विशेषकर खाद्य पदार्थ खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, विभिन्न प्रकार की कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार



की मिठाईयों, अन्य खाद्य पदार्थ यथा-बेसन मैदा आदि में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए गए है, के अनुपालन में जनपद कानपुर देहात में कार्यरत शैलेश दीक्षित, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों, द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों में कार्यवाही करते हुए खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहीत किए गए खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश चन्द्र ने बिल्हौर रोड रसूलाबाद स्थित प्रतिष्ठान खाद्य कारोबारकर्ता सुभाष चन्द्र गुप्ता से खाद्य पदार्थ-रवा एवं स्थान जगदीशपुर, रसूलाबाद स्थित प्रतिष्ठान खाद्य कारोबारकर्ता रफीक अहमद से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना संग्रहीत कर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किए , खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुराग सिंह ने बादशाहपुर, रसूलाबाद स्थित खोया भट्टी खाद्य कारोबारकर्ता अंशू से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना संग्रहीत कर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किए, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुश्री विनीता यादव ने जैनपुर इण्डस्ट्रियल एरिया स्थित प्रतिष्ठान मे0 प्रनीती फूड प्रा0लि0 से खाद्य पदार्थ-रस्क का नमूना संग्रहीत कर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किए, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुश्री रूचि बाजपेयी ने जैनपुर इण्डस्ट्रियल एरिया स्थित प्रतिष्ठान मे0 प्रनीती फूडप्रा0लि0 से खाद्य पदार्थ पोटैटो चिप्स का नमूना संग्रहीत कर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किए, खाद्य सुरक्षा अधिकारीराम बिहारी द्वारा स्थान-परसौली से खाद्य कारोबारकर्ता रघुवीर से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना संग्रहीत कर जॉच हथेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किए, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सुधा कनौजिया ने ताजपुर रसूलाबाद से खाद्य कारोबारकर्ता मोहित यादव से खाद्य पदार्थ खोया का नमूना संग्रहीत कर जॉच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किए।

## एनपीसीसीएचएच के लिए सभी विभाग कार्य योजना बनाकर कार्य करें : सीडीओ

मुरादाबाद । विकास भवन स्थित मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के सभागार में शनिवार को नेशनल प्रोग्राम फॉर क्लाइमेट चेंज एंड ह्यूमन हेल्थ (एनपीसीसीएचएच) के तत्वावधान में एक जनपद स्तरीय अंतर विभागीय कार्यशाला बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागी विभागों को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य के विषय में अवगत कराया गया। प्रत्येक विभाग को विस्तार से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह तथा नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि किस प्रकार क्लाइमेट कंट्रोल तथा जलवायु परिवर्तन द्वारा मानव स्वास्थ्य पर विपरीत तथा प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा किस प्रकार मौसम के परिवर्तन के कारण बीमारियों प्रतिउत्तर वृद्धि तथा तीव्रता बढ़ रही है जिससे जन स्वास्थ्य के ऊपर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है , तथा



उससे किस प्रकार बचा जा सकता है तथा अन्य विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्य से भी जन स्वास्थ्य को किस प्रकार लाभान्वित किया जा सकता है, के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी विभागों को एक कार्य योजना बनाकर कार्य करने और कार्ययोजना के अनुसार काम करने के बारे में आदेशित किया गया। प्रतिभागियों में जिला कृषि अधिकारी, बीएसए, डीआईओएस के प्रतिनिधि, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, उप्र नेडा के प्रतिनिधि, जिला एपिडेमिलॉजिस्ट, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मंडलीय जिला चिकित्सालय मुरादाबाद के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

### आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूंका ईडी का पुतला

मेरठ। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने ईडी का पुतला फूंकते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी बिना सुबूतों के की गई है। अपने हाथों तख्तियां लिए कार्यकर्ताओं ने ईडी की कारवाई का जमकर विरोध किया और ईडी का पुतला फूंका। उन्होंने कहा कि 26 मार्च को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में प्रधानमंत्री कार्यालय का घेराव करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा।

## अवैध देसी तमंचा 315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर देहात । अपराध पर नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में चोरी की घटना में शामिल एक नफर अभियुक्त को थाना रनियां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.... गिरफ्तार अभियुक्तथाना रनियां पर पंजीकृत मु0अ0सं0-215/2023 धारा 379/411 भा0द0वि0 में वांछित था..... गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। मालूम हो कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक रेन्ज कानपुर जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना रनियां पुलिस ने कार्यवाही करते हुए थाना रनियां पर पंजीकृत मु0अ0सं0-215/2023 धारा 379/411 भा0द0वि0 में वांछित अभियुक्त सलीम पुत्र अली अहमद निवासी नूरगंज रायपुर थाना रनियां कानपुर देहात को मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर नूरगंज रायपुर थाना क्षेत्र रनियां से मय 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने बताया है कि अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना रनियां पर मु0अ0स0-62/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है एवं गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जिला कारागार भेज दिया गया है। उप निरीक्षक सूरजपाल सिंह, कांस्टेबल संदीप कुमार एवं कांस्टेबल यदुवीर सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## ओंछा पुलिस ने अवैध तमंचा कारतूस सहित युवक किया गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैनपुरी । पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार व्दारा दिये गये आदेश निर्देशों के अनुपालन व अपर पुलिस अधीक्षक मैनपुरी के कुशल निर्देशों एवं क्षेत्राधिकारी कुरावली संजय वर्मा के सफल परिवेक्षण व ओंछा थाना प्रभारी अनुरुद्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम जिसमें उपनिरीक्षक दलवीर सिंह मय उपनिरीक्षक अशोक यादव मय हमराहान के द्वारा थाना औंछा पर पंजीकृत मुकदमा से संबंधित बांछित बारंटी अभियुक्त ललित कुमार पुत्र सुरेशचन्द्र निवासी ग्राम पलिया कला थाना जसराना जिला फिरोजावाद हाल पता एस0आर0 वी इन्टर कालेज नगला जाँख थाना औछा मैनपुरी को नगला जाँख से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 1 तमंचा व 1 खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया।

अभियुक्त को गिरफतार कर कानूनी कार्रवाई करके न्यायालय भेज दिया अभियुक्त ललित कुमार की गिरफ्तारी से आम जनता अपने आप को भयमुक्त एवं सुरक्षित महसूस कर रही है तथा पुलिस टीम व्दारा किये गये इस सराहनीय कार्य की आम जनता व्दारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी है।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने घिरोर में दुकानों से भरे सैम्पल दुकान दारों में मचा हड़कंप

मैनपुरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश के अनुपालन में आज दिनांक 23, मार्च.2024 को सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ0टी0आर रावत के निर्देशन व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मैनपुरी अतुल कुमार पाठक के नेतृत्व में होली त्यौहार के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध एक अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत घिरोर में मैसर्स भारत ट्रेडर्स फिरोजाबाद से एक टेंपो पर रखकर लाये गए खुला रिफाइन राइस ब्रान आयल का नमूना संग्रहित किया गया तथा लगभग 1138 लीटर रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल जिसकी कीमत 104276/ रुपए है सीज करके विक्रेता की अभिरक्षा में दिया गया। इसके अतिरिक्त मेसर्स राकेश कुमार ट्रेडिंग कंपनी के यहां से रंगीन कचरी का नमूना व अरहर की दाल का नमूना संग्रहित किया गया तथा अनुज कुमार से सरसों के तेल का नमूना संग्रहित किया गया व लगभग 25 लीटर सरसों का तेल कीमत लगभग ?3000/ सीज करके विक्रेता की अभिरक्षा में दिया गया, करहल में सिरसागंज रोड पर खोया विक्रेता बैजनाथ से खोया का नमूना संग्रहित किया गया।सभी दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा रंगीन कचरी,रंगीन मिठाइयां व दूषित खाद्य पदार्थ न बेचने के सख्त निर्देश दिए गए। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार , राजीव कुमार व सनोज कुमार शामिल रहे।

### डीईओ ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों संग किया ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

बदायूं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने शनिवार को जिला सूचना कार्यालय में लोकसभा चुनाव के लिए संचालित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां स्थापित व संचालित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सेल का भी निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि प्रत्याशी या उनके अधिकृत प्रतिनिधि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से किए जाने वाले प्रचार माध्यमों व विज्ञापनों की अनुमति लेंगे। इसके अतिरिक्त एमसीएमसी के माध्यम से पेड न्यूज आदि पर भी सतत मॉनिटरिंग की जाएगी। नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार ने बताया कि 13 सदस्यीय एमसीएमसी समिति में जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी (अध्यक्ष), नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, सभी उपजिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी न्यायिक बिल्सी राशि कृष्णा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुरेन्द्र कुमार दुबे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य अमित कुमार शुक्ला, सहायक प्रोफ़ेसर हिन्दी डा. प्रेमचन्द्र, मान्यता प्राप्त पत्रकार कमलेश शर्मा को सदस्य तथा जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चन्दोला को सदस्य सचिव बनाया गया है। इस मौके पर एडीएम एफआर वैभव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चंदोला, मत्स्य विभाग के अधिकारी अमित शुक्ला मौजूद रहे। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने शनिवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का आंतरिक व बाह्य त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि ईवीएम एवं वीवीपैट पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। उन्होंने वहां सीसीटीवी से की जा रही मॉनिटरिंग का भी अवलोकन किया।

### आपस में भिड़े चिकित्सक और स्वीपर, मामला पंहुचा थाने

मीरजापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान पर ग्रामीण क्षेत्र से उपचार के लिए आने वाले मरीजों को आएदिन चिकित्सक व कर्मचारियों के बीच विवाद के चलते उपचार कराना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। शनिवार को ऑनलाइन मीटिंग में चिकित्सकों की उपस्थिति को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी से शिकायत करना अस्पताल के स्वीपर को मंहगा पड़ गया। सीएचसी पर तैनात चिकित्सक ने गालियां देकर स्वीपर को अस्पताल परिसर से भगाया, पीड़ित ने चिकित्सक के खिलाफ थाने पर शिकायत की। शनिवार की सुबह मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से मड़िहान सीएचसी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मचारियों की आनलाइन उपस्थिति एडिश्नल सीएमओ मुकेश यादव ले रहे थे। सीएचसी पर तैनात चिकित्सक महेंद्र सिंह चौधरी ने अनुपस्थित डाक्टरों को उपस्थित बताया। वहां पर कार्यरत स्वीपर मन्ना ने डाक्टरों को अनुपस्थित बता दिया। यह बात चिकित्सक को नागवार लगी और ऑनलाइन रहे एडिश्नल सीएमओ के सामने ही स्वीपर को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियों की झड़ी लगा दी। लगभग दो घंटे तक चिकित्सक व स्वीपर के बीच अस्पताल परिसर में हंगामा चलता रहा।

## ओंकारेश्वर इंटर कॉलेज इंग्लिश मीडियम में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया वार्षिक उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर देहात। उपरोक्त कार्यक्रम में उपरोक्त कॉलेज के छात्रों एवं छात्राओं ने प्रस्तुत किए बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम, कॉलेज के बच्चों ने एक नाटक के जरिए उपरोक्त कार्यक्रम भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों को निश्चित रूप से मतदान करने के लिए तथा दहेज रहित शादियां करने एवं नशा मुक्त जीवन जीने, यातायात के नियमों का पालन करने तथा सड़क दुर्घटना में घायल पड़े हुए व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए किया प्रेरित उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने पहुंचे पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं श्री कामतानाथ विप्र संगठन (अराजनीतिक संगठन) कानपुर देहात के संस्थापक पंडित उमेश त्रिवेदी का कॉलेज के प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर किया गया सम्मानित



उपरोक्त कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान श्री कामतानाथ विप्र संगठन कानपुर देहात की संस्थापक पंडित उमेश त्रिवेदी ने उपरोक्त कॉलेज के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं उत्साही बच्चों द्वारा अपनी छिपी हुई प्रतिभा का बेहतरीन तरीके से किए गए प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उपरोक्त कॉलेज की प्रधानाचार्य एवं उपरोक्त कॉलेज के प्रबंधन की भी जमकर की प्रशंसा

कॉलेज के प्रबंधक विद्यासागर त्रिवेदी, संचालक आनंद त्रिवेदी ने भी अपने संबोधन के दौरान कहा कि ओंकारेश्वर इंटर कॉलेज अंग्रेजी माध्यम रनिया कानपुर देहात का संचालन करने के पहले उन्होंने कॉलेज की बेहतरीन शिक्षा व्यवस्था के माध्यम से होनहार बच्चों के भविष्य के निर्माण करने का संकल्प लिया था श्री त्रिवेदी ने आगे कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारना है।

उपरोक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्रीमती कल्पना त्रिवेदी, सोनू मिश्रा, अंकित गुप्ता, सर्वेश्वर त्रिवेदी, आदि के अलावा कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक भी रहे मौजूद, कॉलेज की प्रधानाचार्य नेहा मिश्रा एवं अन्य शिक्षकों ने सभी आगंतुकों का किया स्वागत एवं बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए उनके उज्जवल भविष्य की की कामना ।

### मैनपुरी पुलिस लाइन में हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन



मैनपुरी। जिला मैनपुरी में पुलिस फैमिली वेलफ़ेयर एसोसिएशन उ0प्र0 के तत्वाधान में व मैनपुरी पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन मैनपुरी में होली मिलन समारोह का प्रोग्राम किया गया। इस इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी अलका सिंह एवं पुलिस परिवार की सभी महिलाओं ने चढ़कर भाग लिया। सभी ने आपस में गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं व होली कीर्तन भी किया गया एवं सभी को मिष्ठान वितरण किया गया । इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक बृजपाल सिंह द्वारा सभी महिलाओं से उनकी समस्या पूछी गई। इस अवसर पर वेलफ़ेयर प्रभारी एसआई एपी मायाराम ,महिला आरक्षी गुंजन कटारा एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## डॉ. राजेश्वर सिंह ने हैप्पीनेस इंडेक्स रिपोर्ट 2024 को दी चुनौती

# वैश्विक स्तर पर भारत की छवि को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास




## पूरी तरह पक्षपातपूर्ण है हैप्पीनेस इंडेक्स रिपोर्ट 2024 : डॉ. राजेश्वर सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने हाल ही में जारी हुई ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स को चुनौती दी और इसे जारी करने वाली अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए भारत व पाकिस्तान के बीच असमानताओं पर आकंड़ों के माध्यम से ध्यान आकर्षित किया है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डॉ. सिंह ने अनेक तथ्यों पर प्रकाश डाला।

दोनों देशों के बीच आर्थिक विषमताओं पर चर्चा करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि भारत की जीडीपी 3.39 ट्रिलियन डॉलर है जबकि पाकिस्तान की जीडीपी 376 बिलियन डॉलर है। हमारे देश की विदेशी मुद्रा भंडार 642 बिलियन डॉलर है लेकिन पाकिस्तान का मात्र 8 बिलियन डॉलर है। पाकिस्तान में मुद्रा स्फीति 23% है और भारत में 5.09% है।

भारत और पाकिस्तान के बीच सामाजिक अंतरों के बारे में आंकड़ों के माध्यम से डॉ. राजेश्वर? सिंह ने बताया कि हमारे देश में साक्षरता दर 77% है जबकि पड़ोसी देश में यह 59% है। भारत की लाइफ एक्सपेक्टेंस 71 वर्ष है जबकि पाकिस्तान की 66.5 वर्ष है। गरीबी दर की बात करें तो भारत के ग्रामीण क्षेत्र में 11.6% और शहरी में 6.3% जबकि पाकिस्तान की गरीबी दर 40% है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने दोनों देशों के बीच के अंतरों के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान की स्थिति आतंकवाद के केंद्र के रूप में है, जो आईएसआईएस सहित 12 सबसे खतरनाक विदेशी आतंकवादी संगठनों को संरक्षण देता है। देश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं के विरुद्ध उच्च स्तर की धार्मिक हिंसा होती है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की चिंताजनक दर, शारीरिक उत्पीड़न और बाल श्रम की लगातार घटनाओं की खबरें सामने आती रहती है। असुरक्षित पेयजल के कारण हर साल 2.5 लाख बच्चों की मौत हो जाती है।

भाजपा के विधायक डॉ. सिंह ने अपने एक्स में तथ्यों के माध्यम से दोनों देशों के बीच असमानताओं के बावजूद पाकिस्तान को भारत से ऊपर रैंकिंग देने के लिए वैश्विक प्रसन्नता सूचकांक की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा पक्षपातपूर्ण चित्रण भारत की उल्लेखनीय वृद्धि और वैश्विक स्थिति को धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया गया है। डॉ. सिंह ने भारत की प्रगति और क्षमता को पहचानने में विफल रहने वाले इस पक्षपातपूर्ण आकंलन को चुनौती देने और नकारने की आवश्यकता का आग्रह किया।

# बलिदान दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में याद किये गए भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। शहीद ए आजम भगत सिंह , शिवराम राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर ''भारत समृद्धि एवं शारदा ग्रुप ऑफ इस्टीच्युसन'' के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में शहीदों का स्मरण किया गया और शहीदों के सपनों का भारत निर्माण करने में छात्रों की भूमिका की चर्चा हुई। शारदा ग्रुप ऑफ इस्टीच्युसन में आयोजित संगोष्ठी '' शहीदों के सपनों का भारत '' में मुख्य वक्ता ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे थे।

संगोष्ठी को शारदा ग्रुप ऑफ इस्टीच्युसन के निदेशक प्रो विवेक मिश्र, भारत समृद्धि के त्रिवेणी मिश्र ने मुख्यतया संबोधित किया ! संगोष्ठी का संचालन सर्वजनहिताय संरक्षण समिति की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रीना त्रिपाठी ने किया।

मुख्य वक्ता शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि भगत सिंह के स्मरण का अर्थ है हर क्षेत्र , हर दल और विचार में घुसी जातीय विद्रूपताओं व संकीर्णताओं को अपने व्यवहार से ख़त्म करे , दहेज़ , कन्या भ्रूण हत्या , स्त्री अपमान , अंध विश्वास भगत सिंह की क्रांतिकारी ज्वालाओं में भस्म हों तभी उनका स्मरण सार्थक होगा। उन्होंने कहा जहाँ भी अन्याय, जुल्म और अनाचार है उसके खिलाफ उठने वाली हर आवाज भगत सिंह है।

भगत सिंह ने कहा कि युद्ध छिड़ा हुआ है और यह युद्ध तब तक चलता रहेगा जब तक कि शक्तिशाली व्यक्ति भारतीय जनता और श्रमिकों की आय के साधनों पर एकाधिकार जमाये रखेंगे। :चाहे ऐसे व्यक्ति अंग्रेज पूंजीपति हों या सर्वथा भारतीय पूंजीपति। भगत सिंह ने कहा कि यह युद्ध न तो हमने प्रारम्भ किया है और न यह हमारे जीवन के साथ समाप्त होगा। भगत सिंह ने कहा हम गोरी बुराई की जगह काली बुराई को लाकर कष्ट नहीं उठाना चाहते। बुराइयाँ एक स्वार्थी समूह की तरह एक दूसरे का स्थान लेने के लिए तैय्यार रहती हैं। संगोष्ठी में रीना त्रिपाठी ने छात्रों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया।

## लखनऊ में 3500 स्थानों पर होगा होलिका दहन, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होली पर्व को लेकर सारी तैयारियां कर ली गई है। होलिका दहन और रंग उत्सव के दौरान हुड़दंग करने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी।लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की ओर से होली पर्व को लेकर खास तैयारी की गई है। संवेदनशील और अतिसवेंदनशील इलाकों में होलिका दहन के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगी। राजधानी में तकरीबन 3500 स्थानों पर रविवार को होलिका दहन का कार्यक्रम होगानौ शोभा यात्रा, 10 जगहों पर मेला का कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसको देखते हुए 10 कंपनी पीएसी, दो कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स तैनात रहेगी।

# पंजीकृत मतदाताओं को मतदान से पांच दिन पूर्व जारी की जायेगी मतदाता सूचना पर्ची

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचक नामावली में पंजीकृत सभी मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची जारी की जायेगी। इस मतदाता सूचना पर्ची के आगे के भाग पर निर्वाचक नामावली में भाग संख्या व नाम, क्रम संख्या, पोलिंग स्टेशन का नाम तथा मतदान का दिनांक, क्यू आर कोड इत्यादि का उल्लेख होगा।

मतदाता सूचना पर्ची के पीछे के भाग पर पोलिंग स्टेशन का नक्शा तथा बीएलओ का नाम, बीएलओ का कॉन्टेक्ट नम्बर, मतदान करने के लिए आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज का विवरण तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश आदि उल्लिखित रहेगा। मतदाता सूचना पर्ची के साथ प्रत्येक परिवार को हिन्दी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची का वितरण मतदान की तिथि के 09 दिन पूर्व से लेकर मतदान की तिथि से 05 दिन पूर्व तक समस्त मतदाताओं को उपलब्ध करायी जाएगी। बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची, पंजीकृत मतदाता को या उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराने के बाद दी जायेगी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रंगीन वोटर गाइड में चित्रों के माध्यम से मतदाता ईवीएम से कैसे अपना मतदान करें तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जा रही सुविधा ऐप्स जैसे सक्षम-ईसीआई, वोटर हेल्पलाइन ऐप, अपने अभ्यर्थी को जाने (नो योर कैन्डिडेट) ऐप तथा सी-विजिल ऐप की जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही पंजीकरण, मतदान, दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को घर से मतदान तथा डाक मतपत्र की सुविधा के बारे में बताया गया है।

## होली के माहौल में हजरतगंज में पीआरडी जवान पर चढ़ाया वाहन

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ के हजरतगंज में शनिवार की शाम साढ़े सात बजे के करीब होली के माहौल वाली भीड़भाड़ में एक सरकारी वाहन के स्कूटी से टक्कर हो गयी। जिससे सरकारी वाहन अनियंत्रित होकर पैदल जा रहे पीआरडी जवान दिनेश के ऊपर चढ़ गयी। घटना की सूचना मिलते ही हजरतगंज में तैनात पुलिसकर्मियों ने एम्बुलेंस बुलाकर तत्काल ट्रामा सेंटर भेजवाया।हजरतगंज थाना के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि होली पर्व के कारण बाजार में भीड़ है और शाम के वक्त हजरतगंज मार्केट में भारी भीड़ हो रही है। इसी दौरान अम्बेसडर कार को लेकर एक चालक उधर से निकला, जिसके सामने एक महिला तेज गति से स्कूटी लेकर आ गयी। स्कूटी से टक्कर होने पर अम्बेसडर कार अनियंत्रित हो गयी। कार सीधे पैदल गुजर रहे दिनेश पर चढ़ी और वह बुरी तरह से घायल हो गया। वहीं स्कूटी चला रही महिला को भी मामूली चोट आयी हैउन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से घायल दिनेश को तत्काल मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर भेजवाया गया है। दिनेश को एम्बुलेंस से भेजवाने के बाद महिला को भी अस्पताल भेजवाया है। इसके अलावा कार व चालक को अपने कब्जे में ले लिया गया है। आगे की कार्रवाई हजरतगंज थाना पर होगी।

## बाइक से मजदूरी करने निकले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मोहनलालगंज। लखनऊ , बीते मंगलवार को नगराम के गढ़िरयन खेड़ा से बाइक से बिजनौर निकले मजदूरी करने मजदूर संधिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। जिसका मजदूर का शव मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के बिन्दौआ गांव के पास लावारिस हालत मे पडा मिला। मिले शव पर जगह जगह चोट के निशान मिले है। शोसल मीडिया पर मृतक मजदुर की फोटो वायरल होने पर मृतक के परिवार को जानकारी हुई। मृतक के भाई ने बुधवार को बिजनौर थाने मे गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मिली जानकारी के अनुसार नगराम थाना क्षेत्र के गडरियन खेडा का रहने वाला मजदूर धर्मेंद्र रावत (20) मंगलवार की सुबह बाईक से बिजनौर मजदूरी करने के लिए निकला था लेकिन देर रात घर न पहुँचने पर लोगो ने मजदूर की तलाश शुरू की। मजदूर का कुछ पता न चलने पर मजदूर के भाई कुलदीप ने बुधवार को बिजनौर थाने मे गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शुक्रवार की देर शाम बिन्दौआ गांव के पास शव पडा होने की सूचना पुलिस को मिली मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए शव की फोटो सोशल मीडिया पर डाल दी जिसके बाद मृतक के परिवार को मजदूर की मौत की जानकारी हुई और शनिवार को मर्चरी पहुंचकर शव की शिनाख्त की।

### परिवार ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस ने कहा नशेडी था मजदूर

लापता मजदूर के पास से उसकी बाइक गायब थी, मजदूर की बाईक बिन्दौआ से दूर डिघारी गांव मे पाई गई। शव पर चोट के निशान होने पर परिवार के लोगो ने हत्या कर शव फ़ेके जाने की आशंका व्यक्त की है लेकिन पुलिस का दावा है नशा अधिक करने पर मजदूर की मौत हुई है।

### परिवार पर दरोगा बना रहे दबाव, भाई ने जाहिर की नाराजगी

मजदूर के शव की शिनाख्त कर मोहनलालगंज थाने केस दर्ज कराने पहुंचे परिवार के लोगो ने मृतक के साथी पर हत्या जताते हुए पुलिस से शिकायत की तो थाने पर मौजूद दो दरोगा ने मृतक के भाई कुलदीप को बैठा लिया और तहरीर को ठीक करने की बात कही जिसपर परिवार के लोगो ने पुलिस से नाराजगी जताई।

## विद्यार्थी परिषद के रंगोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में शनिवार शाम राजधानी के कैसरबाग स्थित परिषद कार्यालय में रंगोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान होली के गीतों की धूम रही।परिषद के पूर्व और वर्तमान कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में उपस्थित होकर रंगोत्सव का आनंद लिया और होली के गीतों पर जमकर थिरके। सभी ने होली की खुशियां मनाते हुए एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा की और अबीर गुलाल के माध्यम से जमकर होली खेली और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कला मंच से जुड़े कलाकारों ने इसअवसर पर सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और होली के गीत गाए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही, अवध प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री अंशुल, कमल ज्योति के प्रबंध संपादक राजकुमार समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## बहू ने ससुर पर लगाया छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप

मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली बहू ने ससुर पर छेडछाड व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की पडताल कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज क्षेत्र की रहने वाली बहू का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुर बदनियत रखता था। फरवरी माह में आरोपी ससुर ने बहू से छेडछाड करने लगा बहु द्वारा विरोध करने पर आरोपी ससुर ने मारपीट की तो बहू मायके चली गई। वही शनिवार को महिला द्वारा लिखित शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गईं है।

## सरोजीनगर पुलिस एंव सर्विलांस टीम ने चार शातिर चोरों व एक बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरोजनीनगर इलाके में बीती 11 तारीख को शांतिनगर रहीमाबाद रोड स्थित मुनीश कुमार पांडेय की दुकान में चोरों ने शटर काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी के संबंध में लिखित शिकायत की गई थी जिसके बाद सरोजनीनगर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। शनिवार सरोजनीनगर पुलिस और सर्विलांस की क्राइम टीम ने सरोजनीनगर से चार शातिर चोरों के साथ एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए अभियुक्तों में समारू केवट उर्फ बिलारू, नानू उर्फ अविनाश केवट, दादू केवट उर्फ इतवारी, सुनील केवट उर्फ शेट्टी पुत्र स्वर्गीय राम लखन केवट के रूप में 4 सगे भाई ही निकले इन्हीं के साथ चोरी की तमाम वारदातों में एक बाल अपचारी भी शामिल रहा जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 7880 रुपए नगद ,लोहे की रॉड ,सिगरेट की पैकेट, 1 देशी तमंचा315 2 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है।आरोपियों के ऊपर पहले से ही 1 दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। सभी आरोपी मूल रूप से ग्राम अर्जुनी भाटापारा थाना बालोत बाजार जनपद भाटापारा छत्तीसगढ़ के निवासी हैं जोकि मौके पर देवपुर पारा पुल के नीचे निकट किशन गार्डन के पास थाना पारा लखनऊ में रह रहे थे।

## महिला से लूट करने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार , लूट का माल बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। के पश्चिमी जोन के पारा पुलिस द्वारा शातिर लुटेरों को किया गिरफ्तार। बीते 20 तारीख को पूर्वीदीन खेड़ा निवासिनी सोनी सिंह पत्नी विकास सिंह ने थाना पारा में आकर सूचना दी की ई रिक्शा पर बैठते समय एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके गले की सोने की चेन छीनकर अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल से भाग गया। प्राप्त सूचना पर संबंधित थाना पर प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा ने मुकदमा पंजीकृत कर टीम गठित कर सर्विलांस सेल पश्चिमी जोन की मदद से अभियुक्तगणों की तलाश व तमाम सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद अभियुक्तगढ़ की पहचान शुभम गुप्ता और शिवम तिवारी के रूप में हुई। अभियुक्त को गहराई से सीसीटीवी फुटेज फोटोग्राफ की मदद से लूट की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त शुभम गौतम और श्याम तिवारी को लूटी हुई चैन व चोरी के जेवरात और मोबाइल के साथ किया गिरफ्तार। गिरफ्तार अभियुक्त के ऊपर लखनऊ के थानों में कई मुकदमा दर्ज है। अभियुक्तों के पास से एक पीली धातु की चेन , एक अंगूठी , एक मंगलसूत्र , एक कान के झाली और एक मोबाइल किया बरामद। इस गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक पर बृजेश कुमार वर्मा उप निरीक्षक रामदेव गुप्ता , उप निरीक्षक राजू सिंह , कांस्टेबल अजय कुमार , कांस्टेबल दीप नारायण , सर्विलांस टीम राजदेव प्रजापति , उप निरीक्षक आशीष बालियान , उप निरीक्षक अंकित कुमार, हेड कांस्टेबल गोविंद , हेड कांस्टेबल प्रदीप , कांस्टेबल वैभव प्रकाश , कांस्टेबल आशीष कुशवाहा की अहम भूमिका से दोनों शातिर चोरों को किया गिरफ्तार।

## हत्या के विरोध में शिक्षकों ने मूल्यांकन केंद्रों पर किया प्रदर्शन

लखनऊकैनविज टाइम्स संवाददाता। मुजफ्फरनगर में चंदौली के शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार की हत्या के विरोध में शनिवार को शिक्षकों ने फिर मूल्यांकन बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया। लखनऊ के पांचों मूल्यांकन केंद्रों पर काम ठप रहा। माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) और राजकीय शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के सभी 259 मूल्यांकन केन्द्रों पर शिक्षकों ने प्रदर्शन कर मूल्यांकन का बहिष्कार किया है।माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा का कहना है कि शिक्षक स्व. धर्मेंद्र कुमार की शेष सेवावधि तक असाधारण पेंशन के रूप में उनके वेतन के बराबर धनराशि दी जाए। आश्रितों को दो करोड़ रुपये का आर्थिक सहयोग, मृतक आश्रित कोटे के तहत परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और उस विद्यालय का नाम मृतक शिक्षक के नाम से किया जाए। इसके अलावा राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय, उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ ठकुराई गुट के प्रदेश महामंत्री लालमणि द्विवेदी, शर्मा गुट के मंडलीय मंत्री अनुज पांडेय, चेतनारायण गुट के प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश यादव, वित्तविहीन शिक्षक संघ के उदयराज यादव ने मूल्यांकन का बहिष्कार किया है। सभी ने कहा कि मूल्यांकन बहिष्कार आगे भी जारी रहेगा।लखनऊ के पांच मूल्यांकन केन्द्रों पर 80 फीसदी कापियों के मूल्यांकन का काम पूरा हो गया है। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि लखनऊ में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 607450 कापियों का मूल्यांकन होना है। इसमें से 483719 कापियों का मूल्यांकन हो चुका है।

# आदर्श के रूप में स्थापित हो अवध प्रेस क्लब की छवि: योगेंद्र सचान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सरोजिनी नगर। महापर्व होली के अवसर पर अवध प्रेस क्लब लखनऊ की बैठक का आयोजन सरोजिनी नगर के शांति नगर में किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों के साथ तमाम पत्रकारों को प्रेस क्लब के संरक्षक इंजीनियर योगेंद्र सचान ने होली की बधाई दी। इंजीनियर सचान ने कहा कि सभी लोग होली का पर्व प्रेम और भाईचारे के साथ शांति से अपने परिवार के साथ मनाएं। अवध प्रेस क्लब के सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं देते हुए संरक्षक ने कहा कि राजधानी लखनऊ में अवध प्रेस क्लब की पहचान एक आदर्श प्रेस क्लब के रूप में होनी चाहिए इसके लिए सभी पत्रकारों को खबरों को लेकर निष्पक्षता और पारदर्शिता से काम करने की जरूरत है। बैठक में मौजूद प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान, सह संरक्षक अवनींद्र सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष आशीष सिंह, नीरज श्रीवास्तव ने सभी पत्रकारों को होली की बधाई के साथ शुभकामना संदेश दिया। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने एक दूसरे को अमीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसी के साथ संरक्षक इंजीनियर योगेंद्र सचान द्वारा सभी को होली के उपहार स्वरूप मिष्ठान भेंट किया गया। बैठक में प्रेस क्लब के महामंत्री, मंत्री, मीडिया प्रभारी सहित तमाम सदस्य मौजूद रहे।

# नानक नगर क्षेत्र मे जल निगम की लापरवाही से रंग मे भंग पड़ने की आशंका



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ ।विभागीय लापरवाही कैसे लोगों की खुशियों मे खलल डालने का काम करती है इसका ताजा उदाहरण अगर देखना है तो थाना ठाकुरगंज के नानक नगर मे चले जाइये क्योंकि वहाँ होली के त्यौहार की बैंड जल निगम की लापरवाही द्वारा बजाई जा रही हैद्य आपको बता दें कि नानक नगर मे पिछले काफी समय से पाइप लाइन लीक होने की शिकायत थी जिसकी सूचना भी जल निगम को काफी पहले से थी लेकिन होली के दस दिन पहले जल निगम ने इसकी सुध लेते हुए यहाँ सड़क खोद कर लीकेज तो सही कर दिया लेकिन एक चौडा गड्ढा छोड़ कर भूल गया जो किसी हादसे को दावत देता नज़र आ रहा है यहाँ रहने वालो ने बताया कि इस रास्ते से वो जोखिम उठा कर निकलते हैं इतना ही नही छोटे बच्चे भी इस गड्ढे से काफी परेशान हैं क्योंकि वो होली का हुड़दंग कायदे से नही कर पा रहे हैं लोगों ने बताया कि इसकी सूचना अवर अभियंता अधिशासी अभियंता सबको दे दी गई है पर कोई कार्यवाही नही की जा रही अब होली 2 दिन दूर है पर यहाँ के लोग इस गड्ढे को देखकर इस सोच मे पड़े हैं कि उनको होली खेलने के लिए कोई रिस्क लेना होगा या जल निगम उन्हें अपना कार्य पूर्ण कर होली की बधाई देगा ।

# प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन, कराया जा रहा कड़ाई से अनुपालन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 29,65,431 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 18,15,006 तथा निजी स्थानों से 11,50,425 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 1,99,317, पोस्टर के 8,38,468, बैनर के 5,32,581 एवं अन्य 2,44,640 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 1,40,830, पोस्टर के 5,31,290, बैनर के 3,17,955 एवं अन्य 1,60,350 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 219 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 550 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने एवं अन्य मामलों में 08 एफआईआर दर्ज की गयी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 508 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट तथा 1746 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गये हैं।

## पहले 15 फीसदी लोग बीच में छोड़ देते थे दवा -अब महज दो फीसदी ने

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। टीबी का इलाज बीच में छोड़ने वालों की संख्या में तेजी से कमी आई है। लोगों में जागरूकता बढ़ी है। नतीजतन लोग टीबी का पूरा इलाज कराने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

केजीएमयू रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत का कहना टीबी मरीज इलाज को लेकर पहले से ज्यादा संजीदा हुए हैं। वर्ष 2023 में टीबी के छह लाख 52 हजार नए मरीज मिले। इनमें से महज दो फीसदी ने ही टीबी का इलाज बीच में छोड़ा। इससे पहले यह औसत 15 फीसदी था। यह आंकड़ा टीबी के खात्मे में सबसे बड़ा बाधा बन गई थी। अधूरे इलाज से मरीज बिगड़ी टीबी की चपेट में आ रहे हैं। एमडीआर व एक्सडीआर की चपेट में मरीज आ रहे हैं। इसमें इलाज कठिन हो जाता है।डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि एमडीआर टीबी में अभी तक लोगों को करीब छह से नौ महीने तक विशेष इंजेक्शन लगाया जाता था। लंबे समय तक इंजेक्शन की वजह से मरीज को सुनाई देने में दिक्कत होती थी। गुर्दे की सेहत भी खराब होने का खतरा बना रहता है। नई गाइडलाइन में इंजेक्शन हटा दिया गया। नई गाइडलाइन के मुताबिक दवाओं के दुष्प्रभाव भी कम हुए हैं।

# बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों रंगों का त्यौहार होली मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां ( सीतापुर )। होली के पूर्व संध्या पर तहसील प्रांगण में नव गठित बिसवां बार एसोसिएशन द्वारा रंगों का त्यौहार होली मनाया गया जिसमें अधिवक्ताओ ने एक दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी। बिसवां बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आर0एन0सिंह , सचिव नीरज श्रीवास्तव, एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ब्रजेश नरायन गुप्ता, अशोक पुष्प, पुत्ती लाल वर्मा, राजकिशोर यादव, अशोक वर्मा, इंद्रपाल वर्मा, संतोष कठेरिया, जितेंद्र मिश्रा, अनमोल कन्हैया, आनंद मिश्रा



, दिनेश श्रीवास्तव, कैलाश नाथ श्रीवास्तव, मनोज कुमार गुप्ता, प्रमोद श्रीवास्तव, के0के0 वैश्य, जितेंद्र भार्गव, शिशुपाल यादव, रामकिशोर वर्मा, सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद थे।

# होली खेले रघुवीरा बृज में होली खेले रघुवीरा

**कासगंज में जिला सराफा एसोसिएशन का होली मिलन संपन्न**

**जमकर खेली होली, दी एक दूसरे को शुभकामनाएं**

कासगंज। जिला सर्राफा एसोसिएशन का होली मिलन समारोह शुक्रवार की देर रात सर्कुलर मार्ग स्थित एक होटल में आयात हुआ । कलाकारों ने चरकुला, मयूर नृत्य प्रस्तुत किया फूल और गुलाल की होली हुई महिलाओं और पुरुषों ने जमकर होली खेली और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

होली महोत्सव का शुभारंभ भगवान विध्न विनाशक के समक्ष पूजा गुप्ता, गोरी गौड, शिप्रा गर्ग, ममता गुप्ता, विमलेश पल्तानी, शिल्पी शाक्य सहित मातृ शक्ति द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण व्यापार मंडल के जिला प्रभारी दीपक गुप्ता, सुरेशचंद्र वार्ष्णेय, अनुरुद्ध पल्तानी, योगेश चंद्र गौड ने किया। बृज लोक संस्थान बृन्दाबन से आये कलाकारों ने सर्वप्रथम भगवान गणेश की झांकी प्रस्तुत की। मेरे घर मे पधारो गणेश की प्रार्थना कर होली महोत्सव का आगाज किया। बरसाना की लट्ठमार होली, मयूर नृत्य, फूलो की होली, मटका पिचकारी होली, सुदामा चरित्र, चरकुला नृत्य, की शानदार प्रस्तुतियां दी।

होली के शानदार गानो, होली खेले रघुवीरा बृज मे होली खेले रघुवीरा, मेरो खो गयो बाजूबंद, जुल्म करडारो जुल्म करडालो, होरी मे उडे रे गुलाल तेरी मेरी कट्टी हो जायेगी प्रस्तुति देते हुए लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

उपस्थित सर्राफा दम्पत्तियो ने जमकर एक दूसरे पर गुलाल लगाकर होली का हुडदंग किया। वृद्ध सर्राफा दम्पत्ति का पुरुस्कार सत्यनारायण बिडला, पुष्प लता बिडला को दिया। बेस्ट प्रबंधन पुरुस्कार राजकुमार जाखेटिया, मधु जाखेटिया, बेस्ट कार्यकर्ता पुरुस्कार विनय वर्मा पूनम वर्मा सहित हरे क?ष्ण सिह शिल्पी शाक्य, नेत्रपाल मंत्री रामा वर्मा, ग्रीस पान्यबाल मीना पान्पवाल को दम्पत्ति पुरस्कारो से सम्मानित किया।

सभी को फूल माला पहनाते हुये स्मृति चिन्ह भेंट कर शाल उडाते हुये सम्मानित किया। अंत मे जिला सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री ने समस्त आगुन्तकों का आभार व्यक्त करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। होली महोत्सब का संचालन ओज कवि मनोज गुप्ता मंजुल ने किया।

## सोलर पैनल लगाने के नाम पर वेंडर जनता से कर रहे धनउगाही

कानपुर । सोलर पैनल लगाने के नाम पर नेडा के अधिकृत वेंडर अवैध तरीके से धोखाधड़ी करके लोगों से धन उगाही कर रहा है। वेंडर द्वारा की जा रही धनउगाही से उप्र सरकार के नेडा विभाग की छवि धूमिल हो रही है। पीड़ित ने इस संबंध में परियोजना अधिकारी यूपीनेडा कानपुर राकेश कुमार पांडेय से भी लिखित शिकायत की है। शनिवार को परियोजना अधिकारी से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि इस तरह की शिकायत मिल रही है। इस संबंध में विभाग को अवगत कराते हुए पंजीकरण का पता लगाया जा रहा है। कानपुर के आनंद बाग निवासी प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि नेडा के अधिकृत वेंडर जेनरूफ टेक प्रा.लि. सोलर लगवाने की चाह रखने वाले लोगों से अवैध रूप से धन उगाही कर रहा है। इस कंपनी ने कई लोगों से पैसा लेकर कोई काम नहीं कर रही है। इससे सरकार एवं नेडा विभाग की छवि धूमिल हो रही है। प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि मैंने अपने घर पर सोलर पैनल लगवाने के लिए 14 दिसंबर 2023 को कंपनी के क्यूआईडी के माध्यम से एचडीएफसी बैंक में ऑनलाइन दस हजार का भुगतान कर दिया। लेकिन आज तक उसके घर सोलर पैनल नहीं लग पाया।

# समय से पहले पूरी हुई सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग : सीएमओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर-खीरी। थारू बाहुल्य क्षेत्र में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत जनपद में वृहद स्तर पर कार्य किया गया है। इसके फल स्वरुप जांच के लिए निर्धारित लक्ष्य 49244 को समय से पहले ही सत प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। इसे लेकर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने अभियान में लगे समस्त अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई दी है।

उन्होंने बताया है कि प्रदेश के साथ जनपदों में थारू बाहुल्य क्षेत्र में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत स्क्रीनिंग की जा रही थी। जिसमें पलिया के छह और निघासन के दो आयुष्मान आरोग्य मंदिर के अंतर्गत आने वाले थारू जनजाति के लोगों की स्क्रीनिंग शासन के आदेश पर 31 मार्च तक की जानी थी, परंतु महज बीते एक हफ्ते में कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने युद्ध स्तर पर कार्य कर निर्धारित लक्ष्य 49244 को 23 मार्च को ही शत प्रतिशत पूरा कर लिया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम सोनभद्र, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, ललितपुर, बहराइच और खीरी के थारू बाहुल्य एरिया में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ प्रमोद वर्मा सहित पलिया अधीक्षक डॉ भारत, डीपीएम अनिल यादव व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर तैनात सीएचओ को उन्होंने बधाई दी है और आगे भी इसी तरह से शासन की योजनाओं को शत प्रतिशत समय पर पूरा करने की बात कही है।

## होली पर बंद रहेंगी शराब की दुकानें

लखीमपुर–खीरी। जिले में होली पर शराब की दुकानें बंद रहेंगी। शाम को चार बजे दुकानें खुलेंगी। इसे लेकर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश जारी किए हैं। अगर कोई दुकान खुली मिलेगी तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी और संबंधित आबकारी निरीक्षक व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा। होली के पावन पर्व को शान्तिपूर्ण वातावरण में मनाने एवं लोक शान्ति बनाये रखने के लिए उप्र आबकारी अधिनियम की धारा–59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने 25 मार्च (रंग खेलने के दिन) प्रातः10 से सांय 04 बजे तक जनपद खीरी में स्थिति समस्त थोक व फुटकर के आबकारी अनुज्ञापनों को बन्द रखने का आदेश दिया है। इस बन्दी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नही होगा। इस आदेश का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

## कुरावली पुलिस ने अवैध चरस के साथ एक अभियुक्त किया गिरफ्तार

मैनपुरी । पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा दिये गये आदेशों निर्देशो के अनुपालन व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मैनपुरी के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुरावली संजय वर्मा के सफल पर्यवेक्षण में कुरावली थाना प्रभारी मोहरसिंह द्वारा गठित टीम में उपनिरीक्षक राहुल कुमार मय हमराहान फोर्स द्वारा मुखबिर की सूचना पर 1 अभियुक्त प्रदीप यादव पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम खिरना कलाँ थाना कुरावली मैनपुरी को 1.747 कि.ग्रा. अवैध चरस के साथ कुरावली पुलिस ने गिरफ्तार किया पुलिस ने अभियुक्त को गिरफतार कर कानूनी कार्रवाई करके न्यायालय भेज दिया

## लोकसभा चुनाव : बिजनौर से निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे कांग्रेस के रामदयाल

मेरठ। अक्सर चुनाव जीतने के लिए राजनैतिक दलों के महारथियों के बीच कांटे की टक्कर होती है, लेकिन 1974 के लोकसभा चुनाव में बिजनौर लोकसभा सीट पर टक्कर देने के लिए कोई उम्मीदवार ही नहीं उतरा और कांग्रेस के रामदयाल निर्विरोध निर्वाचित हो गए। इसी तरह से बिजनौर सीट पर 1962 में प्रकाशवीर त्यागी शास्त्री ने निर्दलीय ही जीत का परचम लहरा दिया था। बिजनौर लोकसभा सीट की गिनती पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण सीट के रूप में होती है। इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवारों को सात बार जीत हासिल हुई तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार चार बार सांसद बनने में कामयाब हुए हैं। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और जनता पार्टी को दो–दो बार, समाजवादी पार्टी (सपा) एक बार तो एक बार निर्दलीय उम्मीदवार को कामयाबी मिली है। इस सीट पर 1974 में ऐसा वाकया हुआ, जो राजनीति में अपवाद स्वरूप ही दिखाई देता है। कांग्रेस के उम्मीदवार रामदयाल के सामने नामांकन करने के लिए कोई उम्मीदवार ही नहीं उतरा और उन्हें निर्विरोध ही निर्वाचित घोषित कर दिया। 1962 में बिजनौर की जनता ने निर्दलीय उम्मीदवार को चुनाव जिताकर संसद में भेजा। आर्य समाज के बड़े विद्वान प्रकाशवीर त्यागी शास्त्री ने उस समय निर्दलीय चुनाव जीतकर सभी को चौंका दिया था। 1967 में प्रकाशवीर ने गाजियाबाद सीट पर भी दिग्गज नेता बीपी मौर्य को हराकर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत कर अपना परचम लहराया। बिजनौर लोकसभा सीट 1985 में सुरक्षित सीट थी। 1984 के आम चुनावों में कांग्रेस के गिरधारी लाल यहां से सांसद चुने गए। उनके असमय निधन के कारण 1985 के उपचुनाव में इस सीट से दिग्गजों ने भाग्य आजमाया। कांग्रेस नेत्री मीरा कुमार के सामने रामविलास पासवान जैसी हस्ती चुनाव लड़ी। इस रोचक मुकाबले में मीरा कुमार ने रामविलास पासवान को करारी शिकस्त दी। 1989 में इस सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेत्री मायावती चुनाव जीतकर संसद में पहुंची थी, लेकिन 1991 में हुए चुनाव में मायावती को भाजपा के मंगलराम प्रेमी के हाथ करारी हार झेलनी पड़ी।

## रालोद–भाजपा के चंदन चौहान चुनावी मैदान में

बिजनौर लोकसभा सीट मेरठ, बिजनौर और मुजफ्फरनगर जनपद में फैली हुई है। बिजनौर लोकसभा सीट में पांच विधानसभा आती है। इसमें मुजफ्फरनगर जनपद की पुरकाजी सुरक्षित और मीरापुर सीट है तो बिजनौर जनपद की बिजनौर सदर सीट व चांदपुर और मेरठ जनपद की हस्तिनापुर सुरक्षित सीट शामिल हैं। इनमें से पुरकाजी और मीरापुर से राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) विधायक है। हस्तिनापुर और बिजनौर सदर से भारतीय जनता पार्टी विधायक है, जबकि चांदपुर सीट पर समाजवादी पार्टी के स्वामी ओमवेश का कब्जा है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा–रालोद गठबंधन से मीरापुर विधायक चंदन चौहान चुनाव मैदान में है। बसपा ने विजेंद्र सिंह पर दांव खेला हुआ है। 1952 में कांग्रेस के स्वामी रामानंद शास्त्री सांसद चुने गए। 1957 में कांग्रेस के अब्दुल लतीफ गांधी, 1962 में निर्दलीय प्रकाशवीर त्यागी शास्त्री, 1967 और 1971 में कांग्रेस के स्वामी रामानंद शास्त्री, 1974 में कांग्रेस के रामदयाल निर्विरोध चुने गए। 1977 में जनता पार्टी के माहीलाल, 1980 में जनता पार्टी के मंगलराम प्रेमी, 1984 में कांग्रेस के गिरधारी लाल, 1985 में कांग्रेस की मीरा कुमार, 1989 में बसपा की मायावती, 1991 और 1996 में भाजपा के मंगलराम प्रेमी, 1998 में सपा की ओमवती देवी, 1999 में भाजपा के शीशराम सिंह रवि, 2004 में रालोद के मुंशीराम पाल, 2009 में बिजनौर सामान्य सीट हो गई तो रालोद के संजय चौहान, 2014 में भाजपा के भारतेंद्र सिंह और 2019 में बसपा के मलूक नागर चुनाव जीतकर सांसद बने।

## जौनपुर में अवैध शराब बनाने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शराब के अवैध कारोबार करने वाले और तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार की देर रात को खेतासराय थाना पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। मौके पर पांच ड्रम में करीब 250 लीटर लहन को नष्ट करते हुए शराब बनाने का उपकरण बरामद किया है। क्षेत्राधिकार शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने शनिवार को बताया कि सूचना पर पुलिस ने सोंगर ईट भट्ठे पर छापेमारी की। यहां से झारखंड निवासी अनिल उराव और कुंदन उराव को गिरफ्तार किया है। मौके से अवैध कच्ची शराब एवं शराब भट्ठी के साथ शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किया है। पुलिस अभियुक्तों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

## काशी में होलिका का आकार बढ़ाने में जुटे युवा, होलिका की मूर्ति आकर्षण का केन्द्र

वाराणसी। काशीपुराधिपति की नगरी में रंगों के पर्व होली और होलिका दहन को लेकर युवाओं में खासा उत्साह है। युवा होलिका दहन के पूर्व उसका आकार बढ़ाने में जुट गए हैं। होलिका में इस बार कई स्थानों पर होलिका की मूर्तियां लोगों में आकर्षण का केन्द्र है। चेतगंज सेनपुरा चौराहा,पांडेयपुर सहित अन्य स्थानों पर मूर्तियों के साथ ईको फ्रेंडली गोहरियों से बनी होलिका भी लोगों को अपनी ओर खींच रही हैं। युवा उपली की होलिका में लकड़ियों को रखने से परहेज कर रहे हैं। कुछ स्थानों पर युवा पर्व पर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश भी दे रहे हैं। वहीं, शहर के अन्य स्थानों पर होलिका में पेड़ की टहनियों के साथ अनुपयोगी सामान भी युवा रख रहे हैं। गौरतलब हो कि रविवार 24 मार्च को होलिका दहन होगा। पंचांग के अनुसार, इस वर्ष फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 09 बजकर 55 से लगेगी। और इसका समापन 25 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर होगा। ऐसे में होलिका दहन 24 मार्च को किया जाएगा। वहीं, होली का पर्व 25 मार्च को मनाया जाएगा। होलिका दहन के दिन रविवार को भद्राकाल सुबह 9.55 से शुरू होकर रात 11.13 बजे तक रहेगा। ऐसे में भद्रा के बाद रात 11.13 बजे होली जलेगी। ज्योतिषविदों के अनुसार होलिका दहन के लिए महज 1.20 घंटे का शुभ मुहूर्त बन रहा है। होलिका दहन सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग में होगा।

# 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक नेपाली गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्पूर्णानगर-खीरी। पुलिस अधीक्षक गणेष षाहा के निर्देशन में वांछित ध्वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारीए अपराध की रोकथाम व मादक पदार्थ की तस्करी व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत बाऊन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया । थानाध्यक्ष सम्पूर्णानगर निराला तिवारी ने बताया कि उ0नि0 विशाल सिंह मय टीम के थाना क्षेत्र के मिलन बाजार बसही रोड से रामू फार्म ;बसहीद्ध की ओर जाने वाले तिराहा बहद ग्राम बसही से एक नफर अभियुक्त दिवस थापा पुत्र राम थापा निवासी ग्राम गगाऊ वार्ड नं0 05 नगर पालिक पुनर्वास थाना टाउन जिला कंचनपुर नेपाल राष्ट्र को 12 ग्राम बाऊन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 82ध्2024 धारा एनडीपीएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी । कार्यवाही करने वाली टीम में उ0नि0 विशाल सिंह, का0 अंचल वर्मा, का0 रजत यादव, का0 चमन व का0 पंकज कुमार मौजूद रहे।

# शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु का मनाया गया 94वां बलिदान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पलियाकलां-खीरी। शहीद भगत सिंह सुखदेव राजगुरु के 94वें बलिदान दिवस पर गोल्डन फ्लावर हाल रामलीला मैदान पलिया में पालियाड 2024 समिति द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पलिया श्री के बी गुप्ता ने शहीदों के सम्मान में दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। पलियाड कमेटी के अध्यक्ष श्री अनूप कुमार गुप्ता ने सभी सदस्यों एवम प्रबुद्ध नागरिकों के साथ शहीदों को पुष्प अर्पित किए व मोमबत्ती जलाकर नमन किया। डॉक्टर अफजल अहमद ने शहीदों को नमन करते हुए शहीद भगतसिंह द्वारा किसी को कभी बिना नुकसान पहुंचाये असेम्बली में बम धमाका कर उनके धैर्य एवं इच्छा शक्ति की चर्चा करते हुए भारत के निर्माण के लिए अपने उत्तरदायित्व के निर्वाहन आमंत्रित किया। आयोजन सचिव राजेश गुप्ता ने शहीद भगत सिंह के बचपन से ही देश की आजादी के लिए संघर्ष के जनून में रिवाल्वर उत्पादन की घटना स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य बालिका इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार भाटी ने शहीदों की स्मृतियों का स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। विजय महिंद्रा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए पूर्ण सहयोग की घोषणा की। रोटरी क्लब अध्यक्ष जय अग्रवाल ने शहीदों की मजारों पर लगेंगे हर बरस मेले शेर के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। फुरकान अंसारी, राधेश्याम गुप्ता, पवन गर्ग ,जसवीर फ्लोरा, धर्मेंद्र अरोड़ा, प्रथम अरोड़ा एवम आमिर हुसैन ने शहीदों को नमन करते हुए श्रंद्धाजलि अर्पित की। दर्शन सिंह हिंदुस्तानी ने (अशफाक उल्ला खान की मजार शाहजहांपुर से शहीद भगत सिंह की समाधि तक हुसैनी वाला पंजाब तक) की श्रंद्धाजलि यात्रा, कटक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक के संस्मरण को साझा करते हुए तन और मन से स्वस्थ रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम अध्यक्ष श्री अनूप गुप्ता जी ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जाति धर्म वर्ग के विवादों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय भावना के आवश्यकता पर बल दिया एवं उपस्थित सभी का धन्यवाद अर्पित किया।

# विशेष प्रवर्तन अभियान, प्रशासन ने फीड में बढ़ाई सक्रियता शराब के काले कारोबारियों पर 17 अभियोग दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एवं एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश एवं डीईओ राजवीर सिंह के नेतृत्व में आगामी होली पर्व और सामान्य निर्वाचन लोकसभा के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें 31 मार्च तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।

शनिवार को सभी आबकारी निरीक्षकों ने लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे है, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये। इस प्रकार जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 17 अभियोगो को पंजीकृत किया गया। 368 लीटर अवैध शराब और 2450 किग्रा लहन बरामद की। डीईओ राजवीर सिंह ने बताया कि जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर खीरी मय स्टाफ ग्राम चिमनी थाना खीरी में दबिश दी। आबकारी निरीक्षक हरदय नारायण क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने ग्राम खाकिन, ढाकिया भाऊ थाना मोहम्मदी खीरी में दबिश की कार्यवाही की। दबिश के दौरान 02 अभियुक्तो को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव क्षेत्र 3 निघासन ने ग्राम मुन्नापुरवा, भोलना पुरवा, बल्लीपुर टापर पूर्व थाना मझगई और ग्राम इंदर नगर थाना तिकुनिया में दबिश दी। दबिश के दौरान 01 अभियुक्त को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक प्रभात तिवारी क्षेत्र 4 पलिया ने ग्राम बिहारीपुरवा, कोरियाना थाना पलिया में दबिश के दौरान 02 अभियुक्तो को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने ग्राम लक्ष्मणजति, कालीचरणपुर, दौलत गंज, जमैयतपुर थाना गोला में दबिश की कार्यवाही की। आबकारी निरीक्षक श्री बिजय चंद जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली और कस्ता चैकी के प्रभारी परितोष पाण्डे के साथ संयुक्त टीम गठित कर ग्राम पहाड़ा, अमानपुर, मितौली कस्बा थाना मितौली में दबिश के दौरान 01 अभियुक्त को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा। सभी आबकारी निरीक्षकों ने लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे है, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये। इस प्रकार जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 17 अभियोगो को पंजीकृत किया गया। 368 लीटर अवैध शराब और 2450 किग्रा लहन बरामद की। बाक्स-

जिले भर में एसडीएम-सीओ ने किया आबकारी दुकानों का निरीक्षणजनपद मे प्रशासन, पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीमो द्वारा आबकारी दुकानो का निरीक्षण किया। एसडीएम गोला रत्नाकर मिश्रा, सीओ अजेन्द्र कुमार यादव तथा आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-5 प्रेम सिंह ने गोला मे शराब की दुकानो का निरीक्षण किया। एसडीएम विनीत कुमार उपाध्याय, पुलिस क्षेत्राधिकारी शमशेर बहादुर सिंह तथा आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-6 ,विजय जायसवाल ने मितौली मे शराब की दुकानो का निरीक्षण किया गया। एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार तथा आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 निघासन मनोज यादव ने निघासन मे शराब की दुकानो का निरीक्षण किया।

# अबीर-गुलाल के साथ सांसद ने खेली पत्रकारों के संग होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर । पडरौना नगर के एक होटल में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय सांसद विजय कुमार दुबे द्वारा आयोजित किये गये होली मिलन कार्यक्रम मे अबीर-गुलाल और फूलो की होली खेली गयी।

होली मिलन समारोह मे आयोजक सांसद विजय दूबे ने जिले भर के पत्रकारों का स्वागत व शुभकामनाऐ देते हुऐ कहा होली वैमनस्य भुला कर पारस्परिक प्रेम सौहार्द बढ़ाने का पर्व है। उन्होने कहा की आज हम सब राष्ट्र विकास में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास रंगों को अपनाने का संकल्प लेते आगे बढ रहे हैं। होली भाईचारे का पर्व है। आपस में मिल-जुलकर होली मनाने में सुखद अनुभूति होती है। इससे समाज में भाईचारा भी कायम रहता है। इस दौरान सांसद श्री दूबे ने पत्रकारों के बीच अपने पांच साल का रिपोर्ट कार्ड रखते हुए कराये गये तमाम विकास कार्यों पर चर्चा की। अंत मे पत्रकारों के साथ अबीर-गुलाल लगाकर फूलो की होली खेली गयी।

इस अवसर मिथलेश्वर पाण्डेय, ओमप्रकाश द्विवेदी, ज्योतिभान मिश्रा, संजय चाणक्य, कृष्ण मोहन पाण्डेय, अशोक शुक्ला, मनीष मिश्रा, अजय मिश्रा बीबी त्रिपाठी, दीपक मिश्रा, आरके भट्ट, शम्भू मिश्रा,कुन्दन मिश्रा, पवन मिश्रा, हेमंत चौरसिया, प्रमोद गोड, शैलेन्द्र गुप्ता, संतोष गोड, परमेश्वर यादव, अजय त्रिपाठी, विनय उपाध्याय, विष्णु श्रीवास्तव, शकील अहमद, शाजिद अंसारी, गौरीशंकर गुप्ता, आदित्य श्रीवास्तव, उपेन्द्र कुशवाहा, सत्येन्द्र पाण्डेय, अभय मिश्रा, अशोक सिंह, उपेन्द्र तिवारी, राजेन्द्र गुप्ता, संजय पाण्डेय, दीपक जायसवाल, उमर फारुख, मुकेश पटेल,विष्णु प्रभाकर, प्रदीप यादव, तेज नरायण श्रीवास्तव टीपू सुल्तान, अजित कुमार भोलू, सुनील मिश्रा, संतोष मिश्र, नीरज साहा के अलावा आयोजक मण्डल के नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, चिन्टू शुक्ला, रितिक सिंह, हेमंत मिश्रा, आकाश वेभव, विजय पाण्डेय, रत्नेश पाण्डेय समेत जिले भर प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के लोग उपस्थित रहे।

# वाराणसी के शिक्षक की हत्या के विरोध में उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन का कुशीनगर में हुआ बहिष्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कसया, कुशीनगर । राजकीय हाई स्कूल महगाव वाराणसी के स्वर्गीय धर्मेंद्र कुमार शिक्षक की मुजफ्फरनगर में साथ रहे पुलिस आरक्षी द्वारा की गई निर्मम हत्या के विरोध में प्रदेश के विभिन्न शिक्षक संगठनों के आहवाहन पर कुशीनगर के बुद्ध इण्टरमीडिएट कालेज कुशीनगर में मूल्यांकन केन्द्र पर इण्टरमीडिएट उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया गया। बताते चले कि सहायक अध्यापक स्व धर्मेन्द्र कुमार के पुलिस आरक्षी द्वारा कारबाईन चलाने से हुई मृत्यु के विरोध में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चेत नारायण गुट, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट, पांडेय गुट, ठाकुरई गुट, एकजुट, प्रधानाचार्य परिषद, राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश द्वारा पांच बिंदुओं पर मांग पत्र यूपी बोर्ड के सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया था। परन्तु शासन द्वारा मृत्यु शिक्षक के परिवारजनों को आवश्यक सह?योग न देने व उपेक्षा किये जाने के विरोध में प्रांतीय संगठनों के निर्देश पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ कुशीनगर के द्वारा बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज कुशीनगर में शनिवार को बने मूल्यांकन केन्द्र पर परीक्षकों ने शासन विरोधी नारे लगाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। कहा कि मूल्यांकन का बहिष्कार मांग माने जाने तक जारी रहेगा। शनिवार को उत्तर पुस्तिकाओं के बहिष्कार का आहवाहन पूर्णत सफल रहा। इस दौरान जिला अध्यक्ष ज्योतिष कुमार पांडेय, अनिल कुमार दुबे, नवनाथ दुबे, ओम प्रकाश शर्मा व अशोक कुमार चौरसिया जिला मंत्री, जितेंद्र मणि त्रिपाठी, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, महेश कुमार मिश्रा, सुरेश कुमार गुप्ता, उमाशंकर सिंह, मोहन मिश्रा, सुधीर कुमार, राजेश राम, बैजनाथ सिंह, दिनेश कुमार पाण्डेय, डॉक्टर मोनिका मल्ल, इंगेश आदि शामिल रहे।

## रायबरेली में पहली बार 1996 में खिला था कमल

रायबरेली । देश के महत्वपूर्ण लोकसभा सीट में से एक रायबरेली को हमेशा से कांग्रेस का अभेद्य किला माना जाता रहा है, बावजूद इसके भाजपा ने 1996 में यहां अपना परचम फहराया था और कांग्रेस के गढ़ में पहली बार कमल खिला था। भाजपा के लिए यह चुनाव परिणाम जहां उत्साहजनक रहा, वहीं कांग्रेस का प्रदर्शन काफ़ी निराशाजनक था। रायबरेली में हुए अब तक के चुनाव में यह सबसे ख़राब प्रदर्शन कांग्रेस का था और यह पार्टी के लिए अपने ही गढ़ में सबसे बुरा दौर रहा। जबकि भाजपा ने अपनी विजय आगे भी जारी रखते हुए 1998 में यहां से जीत दर्ज की। दरअसल, रायबरेली में केवल तीन चुनाव ही ऐसे हैं जहां कांग्रेस से अलावा दूसरी पार्टियों की जीत हुई है।1977 में जनता पार्टी जबकि 1996 और 1998 में भाजपा यहां से विजयी रही। मंडल कमंडल के दौर में रायबरेली में पहली बार पार्टी का खाता खुला और अशोक सिंह विजयी हुए। भारतीय जनता पार्टी के अशोक सिंह को 163,390 वोट मिले और उन्होंने जनता दल के अशोक सिंह को मात दी। जनता दल उम्मीदवार को 129,503 वोट मिले। सबसे ख़राब स्थिति कांग्रेस की रही। कांग्रेस उम्मीदवार विक्रम कौल इंदिरा गांधी के ममेरे भाई और शीला कौल के पुत्र थे लेकिन वह कोई करिश्मा नहीं कर सके और उन्हें मात्र 25,457 वोट ही मिल सके। कांग्रेस के लिए यह सबसे बड़ी फ़जीहत थी। अपने ही गढ़ में कांग्रेस के लिए यह सबसे बुरा दौर रहा। रायबरेली में भाजपा ने 1996 में बेहतरीन प्रदर्शन किया और पार्टी को 33.93 प्रतिशत वोट मिले। यह रायबरेली में पार्टी का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन था। जनता दल को 26.90 प्रतिशत, बसपा को 24.80 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस को मात्र 5.29 प्रतिशत वोट ही मिल पाए थे, जो कि उसके लिए अब तक सबसे कम वोट प्रतिशत था। राजनीतिक विश्लेषक रवीन्द्र सिंह चौहान कहते हैं ‘ उस दौर में कांग्रेस के विरोध में लहर थी लेकिन रायबरेली में इस हालत के जिम्मेदार कांग्रेस के नेता ख़ुद थे। शीला कौल यहां दो बार सांसद रहीं लेकिन कभी सक्रिय नहीं रहीं। जिससे जनता नाराज़ थी और कांग्रेस को काफ़ी निराशाजनक परिणाम मिले।‘

## होली के मद्देनजर रेलवे ने 5 लाख अतिरिक्त बर्थों की व्यवस्था की : महाप्रबंधक

मुरादाबाद। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने शनिवार को बताया कि उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस नई दिल्ली में आयोजित बैठक में होली पर्व के इंतजामों की समीक्षा की। रेलवे द्वारा लगभग 5 लाख अतिरिक्त बर्थों की व्यवस्था की गई। 75 जोड़ी रेलगाड़ियों के 354 फ़ेरे अधिसूचित किए गए हैं जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 179 अधिक हैं। इनमें 243 फ़ेरे पूर्व दिशा की ओर जबकि 111 फ़ेरे अन्य दिशाओं में जाने वाली रेलगाड़ियों के हैं, इनमें 282 फ़ेरे आरक्षित हैं और 72 फ़ेरे अनारक्षित हैं। मौजूदा रेलगाड़ियों के 39 रैकों में 842 कोच ट्रिप बढ़ाए गए हैं। रियल टाइम के आधार पर और अधिक अनारक्षित रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आगामी होली त्योहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़-भाड़ की सुविधाजनक निकासी के लिए उत्तर रेलवे द्वारा किए जा रहे विभिन्न इंतजामों की समीक्षा की। इस दौरान उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोलते हुए जीएम ने कहा कि इस वर्ष रेलवे द्वारा 75 जोड़ी रेलगाड़ियों के 354 फ़ेरे अधिसूचित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 179 अधिक हैं। इन 354 फ़ेरों में 243 फ़ेरे पूर्व दिशा की ओर जाने वाली जबकि 111 फ़ेरे अन्य दिशाओं में जाने वाली रेलगाड़ियों के हैं। इसके अलावा, 282 फ़ेरे आरक्षित हैं और 72 फ़ेरे अनारक्षित हैं। मांग को पूरा करने के लिए होली पर्व के दौरान मौजूदा रेलगाड़ियों के 39 रैकों के 842 कोच ट्रिप पहले ही बढ़ाये जा चुके हैं। इससे पूर्व लगभग 5 लाख अतिरिक्त बर्थों की व्यवस्था हुई है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों को यात्रियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की निगरानी करने और दिल्ली क्षेत्र से पूर्व दिशा की ओर तथा अन्य गंतव्यों के लिए विशेष रेलगाड़ियों को समय पर चलाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## होली पर हुड़दंग किया तो सख्ती से निपटेगी पुलिस

मीरजापुर। होली, बासंतिक नवरात्र मेला और लोकसभा चुनाव को सकुशल कराने के लिए शनिवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में पुलिस उप महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र, आरपी सिंह ने बैठक की। उनके साथ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन व जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारी, थानाध्यक्ष एवं बीट प्रभारी मौजूद रहे। उपमहानिरीक्षक ने कहा कि 24 मार्च को होलिका दहन और 25 मार्च को रंग खेला जाएगा। ऐसे में होली पर्व के दृष्टिगत विवादित स्थलों आदि को लेकर जनपद स्तर पर शांति समितियों की बैठक कर व्यवस्थाएं बना ली जाए। पर्याप्त मात्रा में पुलिस-पीएसी बल तैनात करने के साथ विशेषकर मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सतर्कता बरते जाने और लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सांप्रदायिक सौहार्द, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखे।

# रंग अबीर लगाकर मनाया होली का जश्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हसवा विकास खंड के परिसर में शनिवार देर शाम को आफिस होने के बाद होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख एवं बीडीओ ने कर्मचारियों के साथ एक दूसरे कर्मचारियों को अबीर लगाकर गले। और गुझिया खिलाकर सभी लोगों का मुंह मीठा कराया गया। हसवा ब्लॉक परिसर में होली मिलन समारोह आया किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हसवा ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान एवं बीडीओ सतीश चन्द्र पाडेय द्वारा ब्लॉक परिसर में सभी कर्मचारियों को होली के शुभ अवसर प्रदान रंग- गुलाल लगाकर एक दूसरे से गले लगाकर मिले। और एक दूसरे को आशीर्वाद देकर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान, बीडीओ सतीश चन्द्र पाड़,एडीओ पंचायत कौशलेन्द्र सिंह, एपीओ नितिन श्रीवास्तव, सचिव दीपक तिवारी, विपिन कुमार, रामबाबू कुशवाहा, एवं ग्राम प्रधान दीपक दुबे, शुनील कुमार,अनूप सिंह, राम विशाल, विश्राम पासवान, कैलाश शिव हरे, राजकिशोर, एडवोकेट हरिश्चंद्र यादव, जयकरन,महेंद्र सिंह, शिव भोला, पंकज कुमार, चंद्ररानी, अंकुर, अरविंद कुमार, लाल चंद, लाल सिंह, मनीष कुमार, सहित अन्य कर्मचारी एवं ग्राम प्रधान मैहजूद रहे।

# संग्रहालय में शाहिद दिवस पर आयोजित हुआ परिचर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कसया, कुशीनगर । आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर में शनिवार को शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के शहीद दिवस के अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान संग्रहलायाध्यक्ष अमित कुमार द्विवेदी ने कहा कि 23 मार्च 1931 को देश के तीन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को अंग्रेजी हुकूमत द्वारा फाँसी की सजा दी गयी थी। भारत मे शहीद दिवस ऐसे योद्धाओं को याद करने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने अपने प्राण की परवाह न करते हुए देश की स्वतंत्रता, कल्याण और प्रगति के लिए हर सम्भव प्रयास किया और अंत मे देश के लिए शहीद हो गए। महज 23 साल की उम्र में ये नौजवान मातृभूमि पर कुर्बान हो गए थे, जिसके चलते इन्हें ‘ शहीद-ए-आजम‘ कहकर पुकारा जाता हैं। इस बलिदान के बाद पूरे देश में युवा खून आजादी पाने के उबल पड़ा था। इसी कारण भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में इस दिन को बेहद अहम माना जाता हैं। इससे पूर्व वीर सपूतों के बलिदान को याद करते हुए उनके चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर नमन किया । इस अवसर पर तेज प्रताप शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा, श्रवण कुशवाहा, गोविन्द, निगम , महेश कानू व गुरुजनों सहित छात्र-छात्राओं आदि उपस्थित रहे।

# चलो फिर से आज नजारा याद कर ले

कैनवज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर। शहीदे आजम की हर बात याद कर लें'' भारत की आजादी की लड़ाई में अहम योगदान देने वाले भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जी को आज ही के दिन यानी 23 मार्च 1931 को अंग्रेजों ने फांसी की सजा दी थी जिसके बाद देश की आजादी के लिए उन्होंने हंसते-हंसते अपने प्राण देश पर न्यौछावर कर दिए थे उनके द्वारा दिये गए बलिदान हेतु आज शहीद दिवस के मौके पर शाम 4 बजे नगरपालिका परिषद के बाहर लगे राष्ट्रीय ध्वज के नीचे इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन यूथ आईकान डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें उपस्थित सभी विद्वतजनों ने भारत मां व शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात सभी ने आरती की एवं मोमबत्ती जलाकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।उपस्थित सभी लोग भारतमाता की जय,भगतसिंह, राजगुरु,सुखदेव अमर रहे,जय हिंद के गगनभेदी नारे लगा रहे थे।साथ ही स्वीप के अंतर्गत स्वीप आइकॉन द्वारा सभी सदस्यों को मतदाता शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार श्रीवास्तव,आजीवन सदस्य शैलेंद्र रस्तोगी,लालजी श्रीवास्तव,सुनीत सिंह,डॉ तारक नाथ सरकार,वेदप्रकाश गुप्ता,सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रवीण अवस्थी एडवोकेट, मनीष कुमार,चैतन्य कुमार,सुरेश कुमार,रामगोपाल कश्यप, रामप्रकाश मौर्य,अंगद सिंह, शा.जी,राजीव कुमार, विनय कुमार,कल्यान देव,आचार्य रामनारायन, शरद श्रीवास्तव, वकास फारूकी, मनोज कुमार सहित तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विजयीपुर ब्लाक की समूह की महिलाओं ने स्वरोजगार की दिशा में बढ़ाएँ कदम

कैनवज टाइम्स संवाददाता




फतेहपुर के हसवा विकासखंड के रामपुर थरियाँव स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा महिलाओं हेतु अचार ,पापड़, मुरब्बा तथा मसाले बनाने' का निशुल्क 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें विजयीपुर ब्लाक की कूरा ग्राम पंचायत की 26 महिला प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर भविष्य में स्वरोजगार की ओर कदम बढाने का संकल्प लिया । इस अवसर पर पूर्व अग्रणी ज़िला प्रबंधक,हमीरपुर , करुणेश कुलश्रेष्ठ मुख्य अतिथि रहे । प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन एवं प्रमाण के लिए लिखित परीक्षा एवं प्रायोगिक जांच के बाद मुख्य अथिति ने महिलाओं को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किये तथा बैंक से ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय शुरू करने की बात बताई । संस्थान के निदेशक प्रतीक शर्मा ने ने बताया कि यह प्रशिक्षण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा निशुल्क दिया गया है तथा संस्थान इसी तरह के अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाकर समूह की महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने में मदद करता है । साथ ही संस्थान एवं बैंक ऑफ़ बड़ौदा की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया । इस अवसर पर संकाय सदस्य सत्येन्द्र कुमार एवं संस्थान से अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डीडी मंत्रा नृत्य एवं संगीत विद्यालय में होली मिलन समारोह सम्पन्न

कैनवज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। नगर दीनदयाल उपाध्याय नगर स्थित डीडी मंत्रा नृत्य एवं संगीत विद्यालय में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें संस्था के छात्रों ने होली गीत गाया। अध्यक्षता प्रसिद्ध साहित्यकार देवी शरण त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से हुआ। कार्यक्रम में अनुराग ने गाया खेले मसाने में होली दिगंबर गाया, प्रियंका ने 'काफी अच्छी प्रस्तुति रही, गीता वर्मा ने पनिया लाले लाल ए गौरा हमहू के चाही प्रस्तुत किया तो महफिल खुश हो गया हो गया। करण लाल यादव ने गाया सदा आनंद रहे एहि द्वारे मोहन खेले होली हो। अनिल ने गाया अंखिया लाले लाले, अमरजीत ने होली खेले रघुबीर सिया संगे महल अटरिया, कीर्तिवर्धन ने गाया जोगी जी धीरे धीरे से माहौल बदला। नवश्री ने मिथिला में राम खेले होली गाया।बच्चों ने भी कार्यक्रम में अपनी गायकी से सबको मंत्र मुग्ध किया।संस्था के निदेशक कृष्णानंद त्रिपाठी ने होली की सभी को बधाई दी। कहा कि संस्था हमेशा अनवरत आगे भी और अच्छे कार्यक्रम करती रहेगी। मुख्य अतिथि के रूप में आये सुरेश गुप्त ने कहा कि ऐसे कार्य क्रम समाज को प्रेरणा देते है। अध्यक्षीय उद्बोधन में लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार देवी शरण त्रिपाठी ने आए हुए सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में दुर्गेश, राजेश कुंज, दीपक राय, नीतू निषाद, प्रियंका, देवेंद्र पांडेय, दर्श त्रिपाठी, खुशी , संतोष पांडेय, ईशा संतोष शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## हैंडबाल प्रतियोगिता : सोनकपुर स्टेडियम ने 13-10 से एमबीडी क्लब को पराजित कर जीता फाइनल

मुरादाबाद। मुरादाबाद मण्डल के क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार क्षेत्रीय खेल कार्यालय द्वारा शनिवार को पुरुष सीनियर वर्ग में जिला स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डॉ. अजय पाठक सचिव जिला हैण्डबाल संघ मुरादाबाद द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया उक्त प्रतियोगिता का फाइनल मैच एमबीडी क्लब एवं सोनकपुर स्पोर्टस स्टेडियम के मध्य खेला गया जिसमें सोनकपुर स्टेडियम ने 13-10 से एमबीडी क्लब को पराजित सोनकपुर स्टेडियम विजयी रहा। पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी प्रेम कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर यश शुक्ला प्रशिक्षक क्रिकेट, नेहा प्रशिक्षका हाकी, ललिता चौहान प्रशिक्षका एथलेटिक्स, मो. आसिफ सिद्दीकी प्रशिक्षक बैडमिन्टन, प्रदीप सक्सेना कनिष्ठ सहायक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक बलवन्त सैनी, विकास कुमार, सीएल वर्मा, अमित शुक्ला रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परिणाम हुआ घोषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पड़रौना, कुशीनगर। राज्य के श्रम कार्यालय में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों एवं

**एक ही विद्यालय की सर्वाधिक तीन छात्राओं का चयन**

अनाथ बच्चों को निशुल्क एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश के सभी मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना नवोदय विद्यालय की तर्ज पर की गई है। गोरखपुर मंडल के विद्यालय में कक्षा 9 में प्रवेश परीक्षा गति 25 फरवरी को आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम आज घोषित कर दिया गया। गोरखपुर मंडल के सहजनवां में स्थित अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 एवं 9 हेतु कुल 280 सीटें निश्चित हैं। सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद कुशीनगर से कक्षा 9 के लिए 25 बच्चे प्रवेश परीक्षा में सफल हुए। कंपोजिट विद्यालय पकड़ी बांगर विकास क्षेत्र रामकोला की सर्वाधिक तीन छात्राओं अंजली गौतम पुत्री राजेश भारती श्वेता पुत्री जयप्रकाश भारती कुमकुम पुत्री प्रमोद गोंड का चयन कक्षा 9 के लिए हुआ है।







इन छात्रों की सफलता पर खंड शिक्षा अधिकारी रामकोला राजेश कुमार, एआरपी योगेंद्र शुक्ला,एआरपी लाल प्रताप सिंह, एआरपी अजय विश्वकर्मा, राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सूर्य प्रताप, सुनील कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार पांडे, मंजू सिंह, केशव गोविंद राव, आशीष गोविंद राव, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह,डॉक्टर शंकर दयाल पाठक तथा समाजसेवी ज्ञानवर्धन गोविंदराव ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अवैध धंधे ने ले लिया कुटीर उद्योग का रूप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । कच्ची शराब का काला कारोबार कैसे बेरोक टोक और धडल्ले से चलता है, अगर यह देखना हो तो आइए गोण्डा जिले में आ जाए। यहां अवैध कच्ची शराब कुटीर उद्योग की तर्ज पर बनाई जाती है।यहां पर आबकारी विभाग के द्वारा आए दिन छापेमारी हो रही है।लेकिन फिर भी नहीं बंद हो रहा अवैध कच्ची शराब का धंधा वही सूत्र बता रहे है कि जब से सदर तहसील का चार्ज बंदना केसरवानी को मिला है तब से सदर क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का धंधा तेजी से फल फूल रहा है।जिला भी कोई ऐसा वैसा नहीं जहां पर जिला आबकारी अधिकारी तैनात है राजेश सिंह वहां पर अवैध कच्ची शराब के खिलाफ छापेमारी पर छापेमारी भी हो रही है लेकिन फिर भी नहीं बंद हो रहा अवैध कच्ची शराब का काला कारोबार ऐसे चलता है,जैसे अचार-मुरब्बे का कुटीर उद्योग।कच्ची शराब बनाने वाले माफियाओं के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्हें ना तो पुलिस का खौफ है और ना ही आबकारी विभाग की कार्रवाई का।सूत्र बता रहे है कि जहां पर तैनाती हो बंदना केसरवानी वहां पर आखिरकार कैसे बंद हो जाएगी अवैध कच्ची शराब वही इतना ही नहीं अवैध शराब माफिया इसलिये भी निडर होकर काला कारोबार करते हैं क्योंकि सूत्र बता रहे है कि वह हर महीने अधिकारियों को मोटी रकम देते हैं।मोटी रकम वसूलने के बाद विभाग के अधिकारियों में इतनी हिम्मत नहीं रहती कि वो शराब माफिया के खिलाफ कोई एक्शन ले सकें।

वही सूत्र बता रहे है कि सदर तहसील क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है।नवाबगंज थाने के तुलसीपुर माझा गांव नवाबगंज थाना इलाके के माझा गांव में अवैध शराब बनाने का धंधा लगातार जारी है।यदा-कदा पुलिस छापेमारी कर अवैध शराब की भट्ठियां नष्ट भी करती है पर उसका कोई असर नहीं होता।वही सूत्र बता रहे है कि जनपद के 17 थानो में से करीब आठ थानों में कच्ची शराब बनाने की भट्ठियां धड़ल्ले से धधकती हैं और हर साल इसके सेवन से मौत भी हो जाती है लेकिन आबकारी विभाग की कार्रवाई वही ढाक के तीन पात।आबकारी एक्ट से लेकर कच्ची शराब का कारोबार करने के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी शराब माफियाओं में कोई खौफ नहीं है। नवाबगंज, नगर कोतवाली, वजीरगंज, देहात कोतवाली, मोतीगंज,धानेपुर, कर्नलगंज,छपिया क्षेत्र के कुछ गांव में शराब बनाने का धंधा खूब फल-फूल रहा है।पिछले कई वर्ष से अवैध शराब बनाने के लिए महिलाओं से लेकर युवा, वृद्ध और महिलाएं सभी अपनी भागीदारी निभाते हैं।सूत्र बता रहे है कि शाम होते ही इन इलाकों में कच्ची शराब बिकने का सिलसिला शुरू हो जाता है। वही कच्ची शराब का विरोध करने वालों को महिलाएं बुरी तरह से धमकाती है।महिला होने के नाते कोई कुछ करना तो दूर बोल भी नही पाता और कच्ची शराब का धंधा आराम से चलता है।यही नहीं शराब रोडवेज बस स्टॉप के पास शराब की दुकान रात दस बजे बंद होने का नियम कानून है लेकिन वहां पर आपको रात को 12 बजे भी शराब बिकती हुई मिल जाएगी वही सूत्र बता रहे हैं कि रात 12 की शराब बिकने की शिकायत किसी ने आबकारी निरक्षक वंदना केसरवानी को दी तो उन्होंने इसका जवाब देने में आनाकानी और शराब 12 रात तक धड़ल्ले से बिक रही है।वही इसकी जानकारी ली तो जिला आबकारी अधिकारी ने कहा कि इसको बंद नहीं कराया जा सकता है।छापेमारी की जा रही है लोग कच्ची शराब पीना छोड़ दें और ठेके पर बिकने वाली प्रमाणित की गई ही शराब को पिए तो कच्ची शराब बिकनी बंद हो जाएगी और धीरे-धीरे कच्ची शराब बनाना भी बंद हो जाएगी और जहां बन भी रहा है तो वहां पर कार्रवाई हो रही है और जो भी इस अवैध शराब के धंधे में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

# सर्वेश यादव बने राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य

**आगामी लोकसभा चुनाव मे समाजवादी पार्टी के प्रत्यासी को विजयी कराना ही हमारा लक्ष्य : सर्वेश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच। जनपद बहराइच के समाजवादी पार्टी के समर्पित युवा नेता सर्वेश यादव बने छात्र सभा के कार्यकारणी सदस्य, कार्यकारणी सदस्य बनाये जाने पर क्षेत्रीय लोगों व समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता व इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया।जनपद बहराइच के जरवल ब्लॉक के ग्राम पंचायत नासिर गंज रेतीहाता निवासी युवा सपा कार्यकर्ता सर्वेश यादव को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इमरान ने कैसरगंज के युवा नेता सर्वेश यादव को छात्र सभा का राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया है। सर्वेश यादव समाजवादी पार्टी के प्रति समर्पण भाव रखते हैं। जनपद में अपनी अलग पहचान बना रखी है। क्षेत्र के युवाओं को अपने साथ जोड़ने का काम करते हैं। पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। पार्टी ने इसी ईमानदारी और मेहनत को देखते हुए क्षेत्र के तेज तर्रार युवा नेता को जिम्मेदारी देते हुए अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी के साथ जोडने का निर्देश दिया है। सर्वेश यादव के छात्र सभा कार्यकारणी सदस्य बनने पर लोग व इष्ट मित्र घर पर पहुंचकर बधाइयां दे रहे हैं।कार्यकारणी सदस्य मनोनीत होने पर सर्वेश यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा की जो भी जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा मुझे मिली है उसे पर 100% खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा, आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को विजयी हेतु तन मन व पूरी लगन से मेहनत करूँगा। व राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के हाथों को मजबूत करूंगा।

# विधायक ने फीता काटकर किया रंगो से भरे पर्व होली का शुभारम्भ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर के चौक बाजार निकट धनीराम गली पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रंग भरी होली की शुरुआत नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान होलिकाध्यक्ष अतुल जायसवाल, महामंत्री मनोज गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष नानपारा आशीष पांडे, महामंत्री आनंद रस्तोगी, निवर्तमान अध्यक्ष अजय गुप्ता, नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी गुड गुड डेरी के मालिक अभिलाष श्रीवास्तव, सचिन गुप्ता, अशोक जायसवाल, सुनील शुक्ला, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष लल्लू, राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित नगर के सम्मानितजन उपस्थित रहे।

# कीटनाशक दवाइयों के खेती में लगातार प्रयोग से कृषि उत्पाद हो रहा विषैला: संजीव श्रीवास्तव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच। बौण्डी (महसी) ग्राम पंचायत के पाण्डेयपूरा चौराहा पर आयोजित ''विषमुक्त खेती नशामुक्त गाँव'' विषयक पर आधारित चौपाल का आयोजन किया गया। आयोजित चौपाल में किसान परिषद शिक्षक अभिभावक संगठन, गायत्री परिवार, व प्रगतिशील किसानों ने उन्नतशील खेती किसानी व पशुपालन के लिए कृषि विज्ञान आधारित संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग एवं परम्परागत तरीकों से जैविक खेती बागवानी सब्जी उत्पादन हेतु चर्चा-परिचर्चा किया। किसान परिषद की ओर से आयोजित किसान चौपाल को संबोधित करते हुए मालवीय मिशन अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग एवं कीटनाशक दवाइयों के खेती किसानी में लगातार प्रयोग से कृषि उत्पाद विषैला हो चुका है जिसके उपयोग से हम सब लाइलाज बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं धरती भी बांझ हो रही है पर्यावरण व जल भी प्रदूषित हो रहा है ऐसे में आवश्यक है कि गोबर, कंपोस्ट, हरी खाद व जैविक खाद का उपयोग कर हम अपना और समूचे मानवजाति का स्वास्थ्य संवर्धन करें तथा पशुपालन व बागवानी में भी स्वदेशी गौवंश आधारित तकनीक का उपयोग कर बीमारियों से दूर रहने का प्रयास करें तभी हमारा समाज एवं रास्ट्र मजबूत एवँ ताकतवर बन सकेगा और धरती भी मनावनुकूल बनी रह सकेगी। समाजसेवी किसान परिषद संरक्षक अनिल त्रिपाठी एडवोकेट ने खेती किसानी बागवानी एवं गौपालन को मानवजाति के संरक्षण के लिए परम आवश्यक बताते हुए स्थानीय कृषि रोजगार आधारित खेती को बढ़ावा देने का आवाहन किया तथा घाघरा नदी के कछार में कृषि विज्ञान आधारित अत्याधुनिक खेती के लिए कृषि वैज्ञानिकों से समन्वय बनाकर जगह-जगह कृषि चौपाल आयोजित करने की बात कही और किसानों को प्रकृति से समन्वय बनाकर खेती किसानी करने की सलाह भी दी। चौपाल का संचालन करते हुए आयोजक पर्यावरण विद पुण्डरीक पाण्डेय ने घाघरा नदी के कटान के बाद खेती किसानी में आ रही समस्याओं व जटिलताओं की ओर ध्यान आकृष्ट करवाते हुए कृषि एवं जिला प्रशासन से घाघरा व सरयू नदी कटान प्रभावित इलाकों में कृषि गौपालन सब्जी व फल उत्पादन हेतु विशेष योजना से आच्छादित करवाये जाने की मांग की तथा जगह जगह कृषि चौपाल आयोजन हेतु विचार विमर्श किया।

आयोजित चौपाल की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान बाला प्रसाद पाण्डेय ने किया। आयोजित चौपाल में प्रमुख रूप से शिक्षाविद पंडित राम सागर पाण्डेय, प्रगतिशील किसान गिरजाशंकर मिश्र, पर्यावरण विद समाजसेवी राकेश चंद्र श्रीवास्तव, शिव प्रकाश, चंचरीक पाण्डेय, रामकुमार मिश्र, अमृतलाल रामचंद्र अवस्थी, पाटनदीन, राकेश राजेश शुक्ल, मनोज अवस्थी, सिद्धार्थ, हाकिम, शीतला सिंह समेत सैंकड़ों किसान उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन शंकर किसान सेवा संचालन केंद्र के संचालक आदर्श बाबू ने किया। समापन अवसर पर उपस्थित लोगों ने विषमुक्त खेती नशामुक्त गाँव अभियान से जन जन को जोड़ने का सामूहिक संकल्प लिया।

# जल संरक्षण दिवस पर खेली फूलों की होली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अपराजिता सामाजिक समिति संघ की महिलाओ द्वारा खेली गयी फूलों व अबीर गुलाल से होली, नशा के प्रति करेंगी लोगों को जागरूक**

कैसरगंज बहराइच। अपराजिता सामाजिक समिति द्वारा गठित दुर्गा नारी संघ परसेंडी ने विश्व जल संरक्षण दिवस पर होली मिलन समारोह आयोजित कर सामाजिक सौहार्द स्थापित किया, संस्था प्रमुख किरण बैस ने नागरिकों से केमिकल युक्त रंगों से होली न खेलने की अपील की, होली पर कोई भी नशा करके अभद्रता न करेगा, जिससे हमारी बहन, बेटियां असहज महसूस न करें। नारी संघ ने बैठक में ये ये निश्चय किया कि इस बार फूल और अबीर की होली खेल कर,जल संरक्षण का संदेश दे। तथा होली पर आपसी भाई चारे का संदेश देते हुए सभी लोग आपस में मिल जूल कर होली मनाये एक दूसरे से गले मिल कर होली की बधाई दे। अर्पिता ने सभी नारी संघ बहनों को संबोधित करते हुए कहा की सभी संग की महिलाएं एक दूसरे को जागरूक कर होली मनाये।जब आप सभी संघ की महिलाएं पहल करेंगी।तभी सभी ग्रामवासियों को यह संदेश जाएगा और आगे एक नशा मुक्ति अभियान चलाने की भी बात रखी। नमन द्वारा होलिका और प्रह्लाद की कहानी सुनाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया।

# गोंडा लोकसभा सीट पर संघर्ष होगा बड़ा भीषण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी है।राजनीतिक दल सीट पर अपने प्रत्याशियों का ऐलान भी कर चुके हैं तो कुछ पर करना अभी बाकी है।ऐसे में उत्तर प्रदेश की गोण्डा लोकसभा सीट की बात करें तो यहां मुकाबला दिलचस्प देखने को मिल सकता है क्योंकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है तो वहीं बीजेपी ने वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया पर फिर से दांव खेला है।वही कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को 2014 के चुनाव में 359643 वोट मिले 12019 लोकसभा की बात करें तो इस चुनाव में कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया 5,08190 मत पाकर विजयी हुए थे कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया इस बार हैट्रिक लगाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं।बीजेपी ने एक बार फिर से गोण्डा लोकसभा सीट से कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया पर ही दांव खेला है।2024 लोकसभा चुनाव की बात करें तो इस चुनाव में प्रमुख राजनैतिक दलों की तरफ से समाजवादी पार्टी ने श्रेया वर्मा को तो बीजेपी ने कीर्तिवर्धन सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया है इसके अलावा किसी अन्य दल ने अपना प्रत्याशी नहीं घोषित किया है।वही लोगो का कहना है कि इस बार सपा और बीजेपी के बीच ही कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है।यह चुनाव श्रेया वर्मा और कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया दोनों के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है।अगर कीर्तिवर्धन सिंह तीसरी बार सांसद बने तो वह जीत की हैट्रिक लगाएंगे।वहीं सपा की उम्मीदवार श्रेया वर्मा कीर्तिवर्धन सिंह की हैट्रिक न लगने पाए इसके लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं।

## समाजवादी पार्टी

एनडीए के पांच मुद्दे-राज्य में अच्छी कानून व्यवस्था, माफिया से मुक्ति,

विकास, श्रीराम मंदिर,धारा 370, फ्री राशन, किसानों को फ्री नलकूप के लिए बिजली सहित दर्जनों केन्द्र व प्रदेश की जन कल्याणकारी

इंडिया गठबंधन व विपक्ष के मुद्दे महंगाई, बेराजगारी, सरकारी नौकरियां, पीडीए, पेपरलीक, किसानों की एमएसपी की मांग, जातीय

जनगणना,किसानों और महिलाओं को ज्यादा आर्थिक मदद का भरोसा मुख्य मुद्दे है।

## सभी प्रमुख पदों पर बीजेपी का कब्जा

गोण्डा लोकसभा सीट में कुल पांच विधानसभा है जिसमे गोण्डा सदर, मैहनोन-मनकापुर, गौरा,और उतरौला शामिल है। और सभी विधानसभा पर बीजेपी का कब्जा है। कभी यहां की विधानसभा की ज्यादातर सीटों पर सपा का कब्जा था।लेकिन 2017 से यहां पर बीजेपी ने कब्जा जमा लिया है।इस जिले के सभी प्रमुख पद बीजेपी के ही कब्जे में हैं।चाहे वह सांसद हो या विधायक हो जिला पंचायत अध्यक्ष हो या एमएलसी हो समेत सभी पद बीजेपी के कब्जे में है।

## मुद्दे जो असर डालेंगे

## क्यों आसान नहीं है किसी की जीत ?

गोण्डा सीट पर कीर्तिवर्धन सिंह या श्रेया वर्मा में से सीधे तौर पर किसी को भी आगे दिखाना जल्दबाजी होगी।कीर्तिवर्धन सिंह क्षत्रिय हैं और वह अपने संसदीय क्षेत्र में बीते कुछ समय से काफी एक्टिव रहे हैं।भाजपा लगातार यादव-मुस्लिम,ओबीसी वोट को अपनी ओर करने की कोशिश कर रही है।वही सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा भी इसमें पीछे नहीं है वह भी मुस्लिम, यादव,ओबीसी, दलित और ब्राह्मण वोटो को अपनी और करने की कोशिश कर रही हैं।इसके अलावा सपा के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ता भी है।वहीं अगर बसपा यहां किसी पॉपुलर उम्मीदवार को टिकट देती है तो गोण्डा का मुकाबला एक बार फिर से काफी रोचक हो सकता है।

# विज्ञापन प्रकाशित करने से पहले एमसीएमसी से लेनी होगी अनुमतिः डीएम

गोण्डा। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि जिलास्तरीय मीडिया प्रमाणीकरण एवं निगरानी समिति लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान विभिन्न उम्मीदवारों से संबंधित विज्ञापनों एवं पेड न्यूज पर पैनी नजर रख रही है। प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उम्मीदवारों द्वारा अपने-अपने पक्ष में प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापनों के साथ-साथ पेड न्यूज का ध्यान रखा जा रहा है।मीडिया प्रमाणीकरण एवं निगरानी समिति की लिखित अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की राजनीतिक अपील या विज्ञापन को प्रसारित न करें तथा समाचार पत्रों के संवाददाताओं से आग्रह किया कि वे भी उम्मीदवारों के पक्ष में समाचारों को ऐसे तरीके से प्रकाशित करने से परहेज करें जो पेड न्यूज की श्रेणी में आते हों। पेड न्यूज के संबंध में एमसीएमसी से सूचना मिलने पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी 96 घंटे की समयावधि में उम्मीदवार को नोटिस जारी करेंगे, जबकि नोटिस मिलने के 48 घंटे के भीतर संबंधित उम्मीदवार को नोटिस का जवाब देना होगा। यदि इस संबंध में उम्मीदवार नोटिस का जवाब नहीं देता है तो एमसीएमसी का निर्णय अंतिम माना जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिलास्तरीय एमसीएमसी के निर्णय के खिलाफ राज्यस्तरीय एमसीएमसी में अपील की जा सकती है।

# अंकित हत्याकांड को हाइकोर्ट ने आत्महत्या को हत्या मानते हुए हत्या की धाराओं की बढ़ोतरी करने के दिए निर्देश

**अंकित तिवारी हत्याकांड में न्यायालय ने पुलिस अधीक्षक और नगर कोतवाली को लगाई कड़ी फटकार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में नर्सिंग सहायक अंकित तिवारी हत्याकांड को लेकर के लखनऊ उच्चतम न्यायालय द्वारा एक बड़ा फैसला दिया गया है।आत्महत्या की धाराओं को हटाते हुए पूरे मामले को हत्या बताते हुए धारा 302 ,201 में कन्वर्ट नर्सिंग सहायक अंकित तिवारी हत्याकांड का मामला हाइकोर्ट ने आत्महत्या को हत्या मानते हुए हत्या की धाराओं की बढ़ोतरी करने के दिए निर्देश दिया है। नारायण हॉस्पिटल के नर्सिंग सहायक अंकित तिवारी हत्याकांड को लेकर के लखनऊ उच्चतम न्यायालय द्वारा एक बड़ा फैसला दिया गया है।आत्महत्या की धाराओं को हटाते हुए पूरे मामले को हत्या बताते हुए धारा 302, 201 में कन्वर्ट करने का निर्देश दिया है।वही अंकित तिवारी का शव रलवे ट्रेक पर मिला था।नगर कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा तो उसमें हत्या किए जाने की बात निकलकर सामने आई थी।और नगर कोतवाली पुलिस ने परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर हत्या समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। लेकिन नामजद आरोपी डॉक्टर दीपक सिंह को आत्महत्या की धारा 306 के तहत गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था।मामले को लेकर के मृतक अंकित तिवारी के चाचा सुनील कुमार तिवारी ने यूपी सरकार के प्रिंसिपल सचिव गृह सचिव सचिवालय और गोंडा पुलिस को पूरे मामले में पार्टी बनाते हुए लखनऊ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

## आरोपी के खिलाफ चार्जशीट फाइल करने के निर्देश

न्यायाधीश नरेंद्र कुमार जौहरी और राजन राय जे के नेतृत्व में दो न्यायाधीशों की पीठ ने पूरे मामले में सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक और नगर कोतवाली पुलिस को कड़ी फटकार लगाते हुए 302, 201 आईपीसी की धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आरोपी के खिलाफ चार्जशीट फाइल करने के निर्देश दिए हैं।

## वरिष्ठ अधिकारी द्वारा जांच की निगरानी करवाई जाए

कोर्ट ने मना है कि पूरी घटना आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है और नगर कोतवाली वाली पुलिस द्वारा आत्महत्या की धाराओं में चार सीट लगाकर के मामले को हल्का किया गया है।साथ ही लखनऊ हाई कोर्ट ने गोंडा पुलिस अधीक्षक को सख्त निर्देश दिया कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा जांच की निगरानी करवाई जाए।पुलिस ने आत्महत्या की धाराओं में मुकदमा लगा करके जेल भेज दिया था वहीं मृतक अंकित तिवारी के चाचा सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि डॉक्टर दीपक सिंह ने मेरे भतीजे की निर्मम तरीके से हत्या की गई थी।डॉक्टर को नगर कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या की धाराओं में मुकदमा लगा करके जेल भेज दिया था।लेकिन न्यायालय से हमको न्याय मिला है न्यायालय ने 302, 201आईपीसी की धारा में बढ़ोतरी करते हुए आरोपी के खिलाफ चार्जसीट लगाने के निर्देश दिए हैं न्यायालय ने माना है कि अंकित ने आत्महत्या नहीं बल्कि उनकी हत्या की गई थी।

# स्वामी विवेकानंद के 39 वें वार्षिकोत्सव की रही धूम, बच्चों ने प्रस्तुत किये विभिन्न कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । स्थानीय स्वामी विवेकानंद जूनियर हाईस्कूल/हायर सेकेंडरी स्कूल का 39वाँ वार्षिकोत्सव रंगारंग विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सत्येंद्र प्रकाश श्रीवास्तव उन्नति डायग्नोस्टिक सेंटर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक नानपारा व विशिष्ट अतिथि चेयरमैन नगर पालिका परिषद अब्दुल वहीद रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया और कार्यक्रम की शुरूआत हुई, तदोपरांत विद्यालय की छात्रा सोनम देवी, अनन्या वारी व शुभि ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया तथा प्रियंका ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा बन्दूक चलेगी, सपने रे सपने, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, भर दे झोली, देश रंगीला, रेड रेड गजरा, कौआ बिरयानी, राम आयेंगे मेरी कुटिया के भाग्य खुल जायेंगे, छोटा बच्चा समझ के, किलकारी प्रहसन, जलवा जलवा जोगीरा सरारा, एकांकी, आशीधनन्दिनी, मैंने पायल है छनकाई, सुनो गौर से दुनिया वालों, इश्क जैसा कुछ, बावन गज का दामन, ट्युशन बदमाशी का, कान्हा छोटो सो, दर्द हुआ-दर्द हुआ आदि कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर विद्यालय परिवार सहित अभिभावक व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य ने आये हुए सभी अतिथियों व अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नाबालिग लड़की को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। खोडारे थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर घर से भगा ले जाने के और उसके साथ दुराचार करने के आरोप में आरोपी शेषमन यादव पुत्र गंगाराम यादव निवासी नरहरपुर थाना खोड़ारे के खिलाफ मामला दर्ज किया था।इस केस में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शिकायतकर्त्ता के अनुसार उसकी बेटी को आरोपी शेषमन यादव बहला-फुसला कर भगा ले गया है।वादिनी की तहरीर पर थाना खोड़ारे में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।विवचेना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त शेषमन यादव को थाना खोड़ारे पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत व अथक प्रयास से गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया है।

# निपुण ब्लाक बनाने में सभी का सहयोग आवश्यक : बीईओ

भटहट , गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के मंशानुरूप प्रदेश को शतप्रतिशत साक्षर बनाते हुए जल्द से जल्द प्रत्येक विद्यालय को निपुण घोषित करना है । उसी क्रम में शिक्षकों , कर्मचारियों एवं अधिकारियों के सामूहिक प्रयास से भटहट को जिला का पहला निपुण ब्लाक बनाना है जो सभी के सकारात्मक सहयोग से ही सम्भव है । उक्त बातें बीआरसी एवं खण्ड विकास अधिकारी सभागार भटहट में हमारा आंगन हमारे बच्चें व राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अन्तर्गत ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी कुमारी सबिस्ता प्रवीन ने शनिवार को कही । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि भटहट का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है जिसे और आगे बढ़ाने में हमारे शिक्षक साथी निरन्तर लगे हुए है तथा उनके किसी भी समस्या के समाधान हेतु शिक्षक संघ सदैव आगे रहेगा । संघ के ब्लाक अध्यक्ष नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी के सहयोग से प्रशिक्षण,हमारा आंगन हमारे बच्चें व ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ जिसमें सभी शिक्षकों ने अपने विद्यालय के बच्चों के साथ प्रतिभाग किया । इस सफल आयोजन के लिए आयोजनकर्ताओं को बधाई दिया । प्रभारी सीडीपीओ उर्मिला यादव ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का उत्साहवर्धन किया । कार्यक्रम व कार्यशाला को ब्लाक मंत्री जितेन्द्र मिश्र,मीडिया प्रभारी रमेश मणि त्रिपाठी,एआरपीगण डॉ चंद्रभान यादव,सत्यप्रकाश सिंह,विवेक श्रीवास्तव व अवधेश कुमार ने भी सम्बोधित किया । क्विज प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 106 बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें 90 बच्चें उत्तीर्ण हुए उनमें से टॉप 11 बच्चों को शील्ड,प्रमाणपत्र व उत्साहवर्धन हेतु नगद धनराशि देकर खण्ड शिक्षा अधिकारी कुमारी सबिस्ता प्रवीन ने सम्मानित किया ।

# कलीनगर के आदर्श बाल विद्यालय में छात्रों ने एक दूसरे को रंग लगाकर खेली होली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरनपुर। कलीनगर के आदर्श बाल विद्यालय में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने होली के पौराणिक महत्व के बारे में जानकारी दी। कृपाल सिंह प्रबंधक गंगाराम शर्मा ने बताया सभी बच्चो में रंग गुलाल की होली खेली।त्यौहार को लेकर छात्रों और शिक्षकों में काफी उत्साह देखा गया।

प्रबंधक गंगाराम शर्मा ने सभी को होली की बधाई दी।कलीनगर के आदर्श बाल विद्यालय में शुक्रवार को होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्रधानाचार्य कृपाल सिंह द्वारा होली पर्व के महत्व पर प्रकाश डालकर किया गया।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने होली के पौराणिक महत्व के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी।

अधिवक्ता पूर्णेंद्र शर्मा ने छात्रों को होली पर अपने अंदर बुराइयों को त्यागने का संकल्प लिया।इसके बाद सारे बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ फूलों से जमकर होली खेली।पर्व को लेकर छात्रों और शिक्षकों में काफी उत्साह देखा गया।

प्रबंधक ने सभी को होली का त्यौहार मैत्री पूर्वक मनाने का संदेश दिया है। इसके साथ ही सभी को शुभकामनाएं भी दी।सभी छात्रों शिक्षकों को मिल जुलकर होली का त्यौहार मनाने को कहा है।प्रधानाचार्य कृपाल सिंह,प्रबंधक गंगाराम शर्मा ने सभी बच्चों को होली पर्व की जानकारी देते हुए बधाई दी उन्होंने सभी से प्राकृतिक रंगों से होली खेलने को कहा उन्होंने बताया कि प्रकृति के रंग हमारी त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचते हैं।इस मौके पर सभी शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

## बड़े ही धूमधाम से अधिवक्ताओं ने जजी परिसर में खेली होली उपस्थित रहे कई अधिवक्ता



पीलीभीत। जजी परिसर में अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की मुबारकबाद पेश की है। अधिवक्ताओं ने जजी परिसर में एकत्र होकर अपने साथी अधिवक्ताओं को गुलाल लगाकर गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी है। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को अमीर गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं भी दी। मौके पर अधिवक्ता अशोक भारती,अशोक बाजपेई, हरिओम सिंह,संतोष मिश्रा, रिशु पांडे,सौरभ सिंह,महेश मिश्रा,अनिल वर्मा,संजीव शर्मा,ओम मिश्रा,कमलजीत सिंह,अमलेस तोमर समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## सीएचसी में स्वास्थ्य कर्मियों ने गुलाल लगाकर खेली होली



पूरनपुर। नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों ने होली के त्योहार के चलते एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खेली होली। इस दौरान 108 और 102 एम्बुलेंस के एमटी और चालक व स्वास्थ्य कर्मियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले लगकर एक दुसरे को होली की शुभकामनाएं दी साथ रंग लगाकर जमकर होली खेली गई।

# फार्मेसी कॉलेज में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का त्यौहार

### होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे विधायक और संस्था के एमडी अमित मिश्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरनपुर। पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक फार्मेसी कॉलेज में होली मिलन समारोह संपन्न हुआ जिसका उद्घाटन विधायक बाबूराम पासवान के कर कमलों द्वारा फीता काट उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप विधायक और संस्था के अध्यक्ष अमित मिश्रा सहित अध्यापक, प्राचार्य मेडिकेयर हॉस्पिटल के डॉक्टर्स और यहां के एडमिनिस्ट्रेटर सुनील, प्राचार्य संतोष सिंह भदोरिया बच्चे सभी लोगों ने धूम मचा दिया और बढ़-चढ़कर बहुत-बहुत हिस्सा लिया और बहुत ही शालीनता के साथ उमंग के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ अंत में संस्था अध्यक्ष महोदय ने सभी उपस्थित अतिथियों विधायक बाबूराम पासवानसोनू दीक्षित,टीटू खंडेलवाल,डिंपल शर्मा,अचलेंद्र मिश्रा अचल, अजय अवस्थी, अनादि मिश्रा आदि का आभार प्रकट कर छात्रों को पुरुस्कृत किया जिसमें फार्मेसी डिप्लोमा फर्स्ट ईयर की टीम विजेता रही उपविजेता में बी फार्मा के छात्र रहे।

## एसपी ने फायर स्टेशन गौरीगंज का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। आगामी होली के त्यौहार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा फायर स्टेशन गौरीगंज व जिला प्रशिक्षण इकाई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने शनिवार को लोकसभा चुनाव एवं आगामी होली के त्यौहार आदि के दृष्टिगत पुलिस फायर स्टेशन गौरीगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।आगामी ग्रीष्मकालीन मौसम, व त्योहारों को ध्यान में रखते हुये गौरीगंज फायर स्टेशन परिसर में अग्निशमन वाहन, अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता की जांच की गयी तथा साथ ही समस्त कर्मियों को फायर, रेस्क्यू की घटना घटित होने पर घटनास्थल में सदैव पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (पीपीई) सेफ्टी गियर का उपयोग करने आदि के संबंध में आवश्यक आदेश निर्देश दिये।

### पुलिस ने इकतीस ग्राम स्मैक के साथ युवक को जेल भेजा

मुसाफिरखाना अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत इकतीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत उप निरीक्षक हेम नारायन सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर रोशन अहमद पुत्र इन्तिजार अहमद निवासी ग्राम भीखीपुर थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब बाइस वर्ष को ग्राम खौदिया मजरे पूरे मोहम्मद नेवाज के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम को गिरफ्तार युवक के कब्जे से इकतीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है।थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

### दो तमंचा और चार कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा दो अदद तमंचा व चार अदद जिन्दा कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक राजेश कुमार दीक्षित मय हमराही द्वारा सत्यम सिंह उर्फ अखिलेश पुत्र विन्ध्या बक्श सिंह निवासी ग्राम उलरा थाना मुंशीगंज को एक तमंचा दो जिंदा कारतूस बारह बोर के साथ मझगवां नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। उप निरीक्षक विमल किशोर पाण्डेय मय हमराही द्वारा विकास उपाध्याय पुत्र विधान शंकर उपाध्याय निवासी ग्राम अनखरी थाना मुसाफिरखाना को एक अदद तमंचा दो जिंदा कारतूस के साथ नया कोट मजरे रामनगर से गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

### शहीदी दिवस पर याद किए गए भगत सिंह,राजगुरु,सुखदेव

पुरनपुरकैनविज टाइम्स संवाददाता।। शहीदे आजम भगत सिंह राजगुरु सुखदेव सिंह के बलिदान दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में शहीदों को याद करके उनको पुष्पांजलि अर्पित की गई।बापू फकीर सिंह निवास उदयकरनपुर में सरदार भगत सिंह,राजगुरु,सुखदेव थापर के शहीदी दिवस के मौके पर शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन स्वराज के मण्डल अध्यक्ष सरदार सुखजीत सिंह औलख, जिला उपाध्यक्ष दलविंदर सिंह, डिप्टी कमिश्नर इंडस्ट्रीज आत्मदेव शर्मा, ग्राम प्रधान उदयकरनपुर सरदार जगजीत सिंह, कुलविंदर सिंह, गुरवीर सिंह सन्नी,वीरेंद्र सिंह विक्की, मनजिंदर सिंह मन्ना,मुख्तयार सिंह,गुरप्रीत सिंह सोनू इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

जामो अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।थाना जामो पुलिस ने गोगमऊ नहर पुल के पास से एक युवक को एक अवैध तमंचा और एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को उप निरीक्षक हरदेव बहादुर सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर जितेन्द्र पासी पुत्र हौसिला प्रसाद निवासी पूरे भवन मजरे रुदौली थाना उम्र करीब छब्बीस वर्ष को गोंगमऊ नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

### अयोध्या धाम को दर्शन के लिये रामभक्तों का जत्था हुआ रवाना

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। केन्द्रीय मंत्री व क्षेत्रीय सांसद स्मृति ईरानी द्वारा अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर के दर्शन के लिये शुक्रवार को गड़ेहरी और राजामऊ गांव से श्रीराम भक्तों का जत्था रवाना हुआ।भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और जय श्री राम के नारों जयकारों से इलाका गूंज उठा।भारतीय जनता पार्टी राजाफत्तेपुर के पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र के दो लाख लोगों को दर्शन करवाने की बात कही थी। केंद्रीय मंत्री द्वारा शुक्रवार को राजा फत्तेपुर मण्डल के गांव गड़ेहरी और राजामऊ से सैकड़ों रामभक्तों का जत्था अयोध्या धाम के लिये रवाना हुआ।भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि भक्तों का जत्था अयोध्या धाम के लिये अनवरत भेजा जा रहा है और आम जनमानस की सुख सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जा रहा है।इस मौके पर संतलाल तिवारी, नागेन्द्र सिंह,सदाशिव, प्रभात सिंह,अमित सिंह, राम किशोर ओझा सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

### स्वंय सहायता समूह द्वारा कलेक्ट्रेट में लगाया गया स्टाल




अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। होली के त्यौहार पर कलेक्ट्रेट परिसर में एनआरएलएम अन्तर्गत संचालित स्वामी महिला स्वंय सहायता समूह द्वारा स्टाल लगाया गया जिसमें पापड़, चिप्स, गुझिया आदि के साथ गाय के गोबर से निर्मित हर्बल रंग व गुंलाल की बिक्री की गयी।इस अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा समूह के उत्पादों की खरीदारी की गई तथा समूह को प्रोत्साहित किया।इसी क्रम में विकास भवन परिसर सहित जनपद के समस्त विकास खण्डों में विभिन्न स्वंय सहायता समूह द्वारा रंग गुलाल तथा खाद्य पदार्थो के स्टाल लगाकर बिक्री की गयी।

# तलाकशुदा पति द्वारा महिला पर साथ रहने का दबाव बनाना पड़ा मंहगा

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल करने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### मोहनगंज पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जांच में जुटी

तिलोई अमेठी। थाना मोहनगंज क्षेत्र की एक तलाकशुदा महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया गया कि हाल ही में विदेश में रह रहे उसके पति ने फोन से पहले उसे तीन तलाक दिया और बाद में दोनों परिवारी जन निकाह के समय लेनदेन का हिसाब कर लिया गया। महिला का आरोप है कि अब उसके पति फिर से परिजनों के साथ रहने के लिये दबाव बना रहे हैं। महिला द्वारा मना करने पर उसका आपत्तिजनक वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दबाव बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तलाकशुदा पति के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जांच पड़ताल में जुट गई है।थाना क्षेत्र के एक गांव की तलाक शुदा महिला ने बताया कि उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज के हिसाब से दो वर्ष पूर्व क्षेत्र के ही गांव पूरे घीसा राय के रहने वाले आमिर खान पुत्र अमीन के साथ हुई थी।महिला का आरोप है कि बीते दिनों विदेश में रह रहे उसके पति ने फोन से तीन तलाक दे दिया और तलाक के बाद दोनों के परिजनों में निकाह के समय हुये लेनदेन का हिसाब भी हो गया है।महिला के तलाकशुदा पति द्वारा अब उसे परिजनों के साथ रहने का दबाव बनाया जा रहा है।दोनो में अनबन होने को वजह से महिला अब वहां रहना नही चाह रही है।महिला का आरोप है कि साथ न रहने पर उसकी आपत्तिजनक वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।महिला ने बताया कि ऐसी स्थित में उसका भविष्य खतरे में फंसा पड़ा हुआ है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देते हुये तलाकशुदा पति से छुटकारा दिलाये जाने की मांग की है।इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्जकर लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# अमेठी: नियुक्ति के बाद भी अस्पताल नहीं आती हैं दंत चिकित्सक, कबाड़ में तब्दील हो रहे उपकरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जनपद के संग्रामपुर सीएचसी पर मरीजों को उपकरण व डॉक्टर की नियुक्ति होने के बाद भी दन्त चिकित्सा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मरीजों को दांत के इलाज के लिए प्राइवेट डॉक्टरों के पास जाना पड़ रहा है। जहां उनसे मनमानी फीस वसूली जा रही है। संग्रामपुर सीएचसी पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दंत चिकित्सक रुकसार बानो की नियुक्ति बीते कई वर्षों से की गई है। रुकसार बानो नियुक्ति के बाद से ही मनमाने तरीके से ड्यूटी करती चली आ रही हैं। बताया जा रहा है कि अधीक्षक से मिली भगत कर सीएचसी नहीं आती हैं, रजिस्टर में खानापूर्ति के लिए मरीजों का नाम अंकित कर ड्यूटी चला रही हैं। मातृत्व अवकाश में रहने के बाद भी अस्पताल न आने पर अधीक्षक द्वारा अवकाश पर होने की बात कही जाती हैं। वही दांत के इलाज के लिए अस्पताल जाने वाले मरीजों का कहना है कि उन्होंने यहाँ मौजूद उपकरण और दंत चिकित्सक को कभी देखा ही नहीं। आयुष डॉक्टर और डॉक्टर संतोष सिंह से दांत दिखाकर दर्द के आराम के लिए दवा मिल जाती है। आराम न होने पर प्राइवेट दन्त चिकित्सक का सहारा लेना पड़ता है। जिससे हजारों रुपए खर्च हो जाते हैं।

लाखों खर्च फिर भी नही मिल रहा मरीजों को लाभ स्वास्थ्य विभाग द्वारा संग्रामपुर सीएचसी पर दंत चिकित्सा के लिए लाखों रुपए के उपकरण खरीद कर रखे गए हैं जो कई सालों से एक ही कमरे में बंद पड़े होने के कारण धीरे- धीरे कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। दंत चिकित्सक को भी विभाग द्वारा वेतन जारी किया जा

रहा है। संग्रामपुर सीएचसी क्षेत्र की जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। संग्रामपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ संतोष सिंह ने बताया कि दंत चिकित्सक रुकसार बानो का सीएचसी पर बीते कई वर्षो से नियुक्ति है। इस समय उन्होंने अवकाश लिया है। इसके पहले भी वह कई महीने मातृत्व अवकाश पर रही हैं। सीएचसी पर दंत चिकित्सा चेयर इंस्टॉल नहीं है। विभाग को दो बार पत्र भेजकर उपकरण व डेंटल चेयर को इंस्टॉल करने की मांग की गई है। लेकिन अभी तक डेंटल चेयर इंस्टॉल न होने से यहां आने वाले मरीजों का इलाज संभव नहीं हो पा रहा है। दन्त चिकित्सक की गैर मौजूदगी पर अस्पताल आने वाले मरीजों को देखकर मौजूद डॉक्टर द्वारा दर्द आदि के लिए सम्बंधित दवा दी जाती है।

# सरदार भगत सिंह सुखदेव राजगुरु का अधूरा सपना करेंगे पूरा: ओमप्रकाश उपाध्याय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। 23 मार्च महान समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया का जन्म दिवस है किंतु वह अपना जन्म दिवस नही मनाते थे क्योंकि भारत के आजादी आंदोलन में अमर शहीद सरदार भगत सिंह सुखदेव राजगुरु को इसी दिन फांसी पर चढ़ाया गया था और उनका शहीदी दिवस मनाया जाता है। सरदार भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु की दोस्ती अत्यंत मशहूर है वही सरदार भगत सिंह जैसा महान क्रांतिकारी जिन्होंने ईश्वर को भी चुनौती देकर तमाम सवाल उठाए और कहा कि मैं नास्तिक क्यों न हूं भले ही आप सबको वह सम्माननहीं मिला जिसके आप हकदार थे आपका सपना अधूरा हम सब मिलकर करेंगे पूरा। लोकतंत्र के इस महापर्व में घोषित आम चुनाव 2024 लोकसभा चुनाव में हम सब मिलकर एक नोट और एक मत को देकर सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार उतरेंगे। इस पर शीघ्र ही मिलजुल कर निर्णय लिया जाएगा जो वास्तव में सच्चा जनप्रतिनिधि होगा वरना तो कॉरपोरेट कंपनियों के करोड़ों करोड़ों रुपए से करोड़ों खर्च करके जीतने वाले तथा कथित जनप्रतिनिधि जनता के सीने पर मूंग दलने का काम करता है। करोड़ों रुपए लगाने वाला करोड़ कमाता है उसे कैसे हम जन प्रतिनिधि मान ले इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर से इसका समर्थन किया और कहां कि डॉक्टर राम मनोहर लोहिया एवं शहीदों के सपनों का भारत बनाया जाएगा उसके लिए लोकतंत्र के महापर्व का उपयोग किया जाएगा। सच्चे जनप्रतिनिधि को लोकसभा में भेजा जाएगा समाज के लगभग सभी वर्गों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### शिक्षिका के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय में दी गई विदाई

पीलीभीत। परिषदीय विद्यालय बारात भोज में होली का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इसके साथ-साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय नगरिया सहगवा की भारत वरिष्ठ शिक्षिका रागिनी सक्सेना के सेवानिवृत होने पर शनिबार को विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता वर्मा ने की है।विदाई समारोह में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने अपने संबोधन में कहा कि वरिष्ठ शिक्षिका रागिनी सक्सेना ने कई वर्षो तक शिक्षा विभाग में अपना योगदान दिया है।और सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ मधुर स्वभाव के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यालय के सफलतापूर्वक संचालन किया।

# झाड़ू लेकर मेनका गांधी को भगाएगा पिछड़ा-अति पिछड़ा वंचित समाज: भीम निषाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। गठबंधन ने भीम निषाद को प्रत्याशी बनाया है। चुनावी कैंपेन के दूसरे दिन उनके बोल बिगड़ गए और उसका एक वीडियो सामने आया है। यूट्यूबर से बात में उन्होंने सुल्तानपुर सांसद मेनका गांधी को लेकर बेतुका बयान दिया है। भीम निषाद ने कहा है मेनका गांधी को पिछड़ा, अतिपिछड़ा, शोषित, वंचित जो समाज है झाड़ू लेकर भगाएगा। मैं गांव-गांव, घूम-घूमकर अवलोकन कर लिया हूं। तभी मैने राष्ट्रीय अध्यक्ष को हां भरा, नहीं तो मैं लड़ने से मना कर रहा था।

भीम निषाद का कहना है अगड़ों में जो गरीब हैं वो हमारे साथ हैं जो उसमें चतुर हैं वो हमारे साथ नहीं हैं। जबकि समाजवादी पार्टी हर समाज को फर्श से अर्श पर ले जाने का काम बारी-बारी से करती है। उन्होंने कहा यहां हमारे सामने कोई नहीं होगा, 75 में हम लड़ेंगे 25 में सब लड़ेंगे ये मैं वादा कर रहा हूं। यहां गरीबों, निषादों, कहारों, कोहरो, मुस्लिम और यादव बस्ती में उपेक्षा हुई है। रोड चक रोड कुछ बना नहीं है। जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है 10 प्रतिशत लोगों का ही विकास हुआ है। केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उन्होंने कहा मोदी शाह चाहते हैं हिन्दुस्तान में एक क्षत्र राज हो, हम लोगों (भाजपा) का राज हो। ईडी-सीडी सब भेज रहे हैं। गंगा की सफाई पर हिंदुस्तान का टोटल खजाना लूट लिए। रोड गड्ढा मुक्त कराई के नाम पर कितना लूटे हैं। देश कितना कर्ज में है आप लोग समझदार हैं। अगर जनता ने इनको दोबारा चुन दिया तो मैं कह रहा हूं इस देश में कुछ नहीं बचेगा। सुई से लेकर जहाज तक बनाने का काम कांग्रेस ने किया। ये मायावी लोग कुछ किया है इन्होंने। ये बहुत बड़े झूठे हैं।

नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स का हुआ स्वागत

सुलतानपुर। शनिवार को नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स सुल्तानपुर पहुंचे। वीरेंद्र सिंह वत्स सूचना आयुक्त बनने के बाद पहली बार अपने गृह जनपद सुल्तानपुर पहुंचे हैं। यहां सिविल लाइन स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा, जिला सूचना अधिकारी धीरेंद्र यादव ने राज्य सूचना आयुक्त को बुके भेंटकर स्वागत किया।

# व्यापार मंडल ने डीएम व एसपी को गौ माता के गोबर से निर्मित पूजन सामग्री किया भेंट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को गौ माता के गोबर से निर्मित पूजन सामग्री भेट कर पर्यावरण को शुद्ध करने की पहल करते हुए, होली की शुभकामनाऐं प्रेषित की। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने इस पहल की सराहना करते हुऐ संगठन को होली की शुभकामनाऐं दी।

जिलाधिकारी ने आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापारियों से शत प्रतिशत मतदान करने हेतु व्यापारी संगठनों को जागरूकता अभियान चलाने का आवाहन किया। पुलिस अधीक्षक ने होली के त्योहार को सकुशल संपन्न कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संगठन के जिला युवा पदाधिकारी व गौ सेवा समिति के सच्चिदानंद कसौधन(माधव), प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय, क्षेत्रीय प्रभारी अमर बहादुर सिंह, जिलाअध्यक्ष विजय प्रधान, वरिष्ठ जिला महामंत्री अम्बरीश मिश्रा, जिला युवा महामंत्री अंकित अग्रहरी, मनोज कसौधन, धन्नजय मुखर्जी, एंव विशाल अग्रहरी आदि कई पदाधिकारी गण उपस्थिति रहे।

## कांग्रेस को परेशान करने का नया हथकंडा

भारत को बारम्बार 'लोकतंत्र की जननी' बतलाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस प्रकार से लोकसभा का चुनाव लड़ने के मार्ग में कांग्रेस के लिये अड़चनें पैदा कर रहे हैं उससे साबित होता है कि उनकी आस्था विरोधी दलों को समान परिस्थितियों में चुनाव लड़ने देने में कतई नहीं है। अधिक दुखद बात तो यह है कि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाएं भी इस ओर से आंखें मूंदे बैठी हैं। जैसे-जैसे विपक्ष मजबूत होता जा रहा है, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ऐसी अनेक दिक्कतें विपक्ष के लिये खड़े कर रही है। कांग्रेस उसके मुख्य निशाने पर है जो लगातार मजबूत हो रही है। भाजपा की परेशानी का मुख्य सबब भी यही है। जिस तरह के कांग्रेस के नेतृत्व में मुम्बई के शिवाजी पार्क में इंडिया गठबन्धन की रैली सफल हुई है और भाजपा समेत कई दूसरे दलों के अनेक नेता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं उससे सत्तारुढ़ दल की चिताएं बढ़ गयी हैं। उसके हमले भी कांग्रेस व उसके नेताओं पर बढ़ चले हैं। नयी बानगी यह है कि सरकार के इशारे पर आयकर विभाग ने कांग्रेस के बैंक खाते सील कर दिये हैं जिसके कारण उसे चुनाव लड़ने में भारी दिक्कतें आ रही हैं। गुरुवार को अपने मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने बतलाया कि किस प्रकार से पार्टी के आगे बड़ा वित्तीय संकट खड़ा कर दिया गया है। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के अलावा अजय माकन मौजूद थे। उन्होंने जानकारी दी कि 14 लाख रुपये वसूली के एक मामले के बहाने कांग्रेस के 210 करोड़ रुपये आयकर विभाग ने फ्रीज कर रखे हैं। यह मामला 2017-18 का है। इतना ही नहीं 30 साल पहले के एक मामले को लेकर उसे नोटिस दी गई है जब कोषाध्यक्ष सीताराम केसरी हुआ करते थे। साफ है कि भाजपा कांग्रेस के लिये वह समान अवसर वाली स्थिति बनाने के हक में बिलकुल नहीं है जिसे श्लेवल प्लेईंग फील्डश कहा जाता है और जिसे सभी दलों को उपलब्ध कराने का वादा केन्द्रीय चुनाव आयोग के मुख्य आयुक्त राजीव कुमार ने आम चुनावों की घोषणा करते वक्त किया था। वैसे भी लोकतंत्र का तकाजा, परम्परा एवं नियम यही है कि सभी दलों को एक जैसी परिस्थितियों में चुनाव लड़ने का वह न केवल अवसर प्रदान करे बल्कि वैसी स्थिति को निर्मित भी करे। पिछले कुछ समय से भाजपा ने एक सुनियोजित तरीके से चुनावी लड़ाई की असमान जमीन तैयार कर रखी है। अपनी 10 वर्षीय सत्ता में उसने भरपूर पैसा बटोरा है। कहा तो यह भी जाता है कि 2016 में लाई गई नोटबन्दी का यही उद्देश्य था। इसके माध्यम से जनता की जेब से पैसे निकलवा लिये गये। इतना ही नहीं, 2017-18 में जारी इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना में लाभान्वित होने वाला सबसे बड़ा दल भाजपा ही है। इसमें जितना चुनावी फंड मिला उसका ज्यादातर हिस्सा भाजपा के खाते में गया है। विरोधी दलों को जो राशि मिली है वह बहुत कम है। वर्तमान दौर में किसी भी चुनाव में धन के महत्व व उसकी आवश्यकता से कोई इंकार नहीं कर सकता। पिछले कुछ अरसे से भाजपा ने जैसे चुनाव लड़े हैं उसने देश के चुनावी तौर-तरीकों को बदलकर रख दिया है। पार्टी की सभाओं-सम्मेलनों में भारी-भरकम राशि खर्च होती है। भाजपा के प्रमुख चेहरे यानी नरेन्द्र मोदी की सभाओं की भव्यता और अधिक होती है। उनके रोड शो, रैलियों आदि के साथ विज्ञापनों पर जो अकूत राशि खर्च होती है उससे भाजपा अन्य से आगे निकल जाती है। चूंकि इन दिनों यह तथ्य भी (खर्च वाला) बहुत अहम हो गया है तथा मतदाताओं के लिये मायने रखता है, अतरू इसे यह कहकर नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि केवल पैसे से चुनाव नहीं लड़ा जाता।श यह सच है कि मतदाता के निर्णय की अंतिम कसौटी पैसा नहीं है लेकिन बहुत से ऐसे मद हैं जिन पर धन राशि की जरूरत हर पार्टी को पड़ती है। यात्रा, विज्ञापन, सभाएं, प्रचार सामग्री आदि अपरिहार्य खर्च हैं। धन के बिना किसी भी दल का पिछड़ना स्वाभाविक है। अगर किसी पार्टी के पास उसके प्रयासों से एकत्र की हुई राशि ही न हो तो वह अलग बात है परन्तु कंाग्रेस के साथ होता हुआ अन्याय साफ दिखता है कि उसे अपनी ही राशि निकालने नहीं दी जा रही है। फिर, बहुत पुराने मामलों की आड़ में ऐन चुनाव के वक्त पर खातों को फ्रीज करना बतलाता है कि भाजपा खर्चों के मामले में बढ़त बनाने के लिये यह षड़यंत्र रच रही है।

# होली सबकी प्रीति, राष्ट्र की रीति

**होली भारत का अपना सांस्कृतिक आयोजन है। यह सम्पूर्ण भारतीय जन का उल्लास है लेकिन कुछ स्वयंभू भौतिकवादी विद्वानों ने इसे मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। ऐसे क्षेत्रों से भारत के व्यापारिक सम्बंध थे। सत्यकेतु विद्यालंकार ने 'वैदिक युग' (पृष्ठ 232) में बताया कि वर्तमान ईराक और तुर्की राज्य क्षेत्रों से प्राप्त भग्नावशेषों व प्राचीन सभ्यताओं से ज्ञात होता है कि उनका भारत के साथ घनिष्ठ व्यापारिक सम्बंध था। ऋग्वेद (1.25.4) में पक्षियों के उड़ने वाले आकाश मार्ग और समुद्री नौका मार्ग के उल्लेख हैं। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई.) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक वसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। ऋग्वेद में अग्नि को अन्न समर्पित करने और तमाम वाद्य यंत्रों के साथ गीत गाने के उल्लेख हैं। हजारों बरस पुरानी होली की परम्परा उत्सवधर्मा भरतभूमि में ही उगी। बहुत संभव है कि मिस्र और यूनान ने भी भरतभूमि से ही ऐसी प्रेरणा ली हो। वैदिक पूर्वजों का चित्त उत्सवधर्मा था। होली हजारों बरस प्राचीन राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास का परिणाम है। इसके उत्सव ऋग्वेद में हैं। ऋग्वैदिक पूर्वज सृजनशील है। सृजनशीलता ही वैदिक ऋचांए कविताएं हैं। यहां मंत्रों के साथ संगीत और नृत्य भी है। रूप, रस, गंध, स्पर्श की अनुभूति से आनंद रस का अतिरेक छलकता है। यही आनंद उत्सव बनता है। ऋषि कवि अपने खेल में देवताओं को भी साझीदार बनाते है, वे मरूतों को उत्सव 'क्रीडन्ति' बताते हैं। सोम को घोड़े के समान खेलने वाला बताते हैं। लेकिन सूर्य और अग्नि बड़े देवता है। सूर्य ऋतुएं विभाजित करता है। अग्नि ऋतु निर्माणकत्र्ता है। ऋषि अग्नि से कहते (ऋ. 5.19.5) हैं कि वह खेलता हुआ हमारी ओर आये। अग्नि खेलते हुए आने वाले अतिथि हैं। उनके स्वागत का आनंद होली में ही खेलता हुआ ही आता है। तब लोक भी खेलता है, हंसता, गीता गाता नृत्य करता है।**

प्रकृति नित्य नूतन है। चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इस स्रोत का नाम है-उत्स। उत्सव इसी आनंद रस का आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति दर्शनीय है। नदियां हंसती नृत्य करती गति करती हैं। नदियों के तट पर उत्सव और नृत्य। काल सबका नियंता है। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। होली भारत के मन का सामूहिक उल्लास है। द्यावा-अंतरिक्ष मदनरस, आनंदरस और प्रीतिरस का वातायन। होली वसंतोत्सवों का चरम है और वसन्त है प्रकृति का अपनी परिपूर्णता में खिलना। प्रकृति सदाबहार नायिका है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरुणाई है। भारतीय उत्सवों का अन्तः प्रेरण यह भरी पूरी प्रकृति है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। वसंत ऋतु राज है। पृथ्वी सगंधा है। सो फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीले गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलमिलौवल करते हैं। पक्षी गीत गाते हैं। वे नियम बंधन में रहते हैं। लेकिन वसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। होली आनंद का अतिरेक है। अतिरेक प्रायः शास्त्रीय नहीं होता। होली में लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। ऊर्जा का अतिरेक उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। भारतीय समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति का चरम है। भारतीय उत्सव है प्रकृति का प्रसाद। होली महाप्रसाद है। होली पूरे बरस भर की मधुऊर्जा है। परिपूर्ण उत्सव है। होली संपूर्ण मानव समाज को अंगांगी भाव से अंगीकृत करने का नेह निमंत्रण है। आधुनिक मानस विदेशी पर मोहित है, परदेशी रंग के कारण रंग में भंग है। नेह निमंत्रण है कि आओ चढ़ा ले रंग देशी कि रंग परदेशी उतर जाये। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। एक मुट्ठी गुलाल आपके भी गाल। होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा हिन्दू संस्कृति का मनआनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवन्त महाउल्लास है। होली की तमाम कथाएं हैं। महाभारत में भविष्य पुराण का उल्लेख है। कथा के अनुसार कृष्ण ने युधिष्ठिर को बताया कि राजा रघु के पास ढोण्ढा राक्षसी की शिकायत हुई, यह बच्चों को तंग करती थी। रघु को ज्योतिषियों ने बताया कि शिव वरदान के अनुसार उसे खेलते बच्चों से डरना चाहिए। फाल्गुन पूर्णिमा को लोग-बच्चे हंसे, ताली बजाएं तीन बार अग्नि के चक्कर लगाएं, पूजा करें। गीत गायें। ऐसा ही किया गया, वह मर गयी। प्रहलाद की कथा दूसरी है। हिन्दुस्थान के उत्तर पूर्व में दैत्यों दानवों का क्षेत्र पूर्व ईरान, एशियाई, रूस का दक्षिणी पश्चिमी हिस्सा और गिलगिट तब इलावर्त था। बेबीलोनिया की प्राचीन गुफाओं के भित्ति चित्रों में विष्णु हिरण्याक्ष से युद्धरत हैं। हिरण्याक्ष हिरण्याकश्यप का भाई था। प्रहलाद हिरण्याकश्यप का पुत्र था। वह पिता की दैत्य परमपरा का विरोधी था। तब उसे आग में झोंका गया, कथा के अनुसार वह बच गया। प्रहलाद भारतीय सत्याग्रही चेतना का प्रतिनिधि था। ढेर सारी कथाएं हैं। ऐसी कथाओं के सत्य सांस्कृतिक स्रोत होते हैं। होली भारत का अपना सांस्कृतिक आयोजन है। यह सम्पूर्ण भारतीय जन का उल्लास



है लेकिन कुछ स्वयंभू भौतिकवादी विद्वानों ने इसे मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। ऐसे क्षेत्रों से भारत के व्यापारिक सम्बंध थे। सत्यकेतु विद्यालंकार ने 'वैदिक युग' (पृष्ठ 232) में बताया कि वर्तमान ईराक और तुर्की राज्य क्षेत्रों से प्राप्त भग्नावशेषों व प्राचीन सभ्यताओं से ज्ञात होता है कि उनका भारत के साथ घनिष्ठ व्यापारिक सम्बंध था। ऋग्वेद (1.25.4) में पक्षियों के उड़ने वाले आकाश मार्ग और समुद्री नौका मार्ग के उल्लेख हैं। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई.) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक वसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। ऋग्वेद में अग्नि को अन्न समर्पित करने और तमाम वाद्य यंत्रों के साथ गीत गाने के उल्लेख हैं। हजारों बरस पुरानी होली की परम्परा उत्सवधर्मा भरतभूमि में ही उगी। बहुत संभव है कि मिस्र और यूनान ने भी भरतभूमि से ही ऐसी प्रेरणा ली हो। वैदिक पूर्वजों का चित्त उत्सवधर्मा था। होली हजारों बरस प्राचीन राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास का परिणाम है। इसके उत्सव ऋग्वेद में हैं। ऋग्वैदिक पूर्वज सृजनशील है। सृजनशीलता ही वैदिक ऋचांए कविताएं हैं। यहां मंत्रों के साथ संगीत और नृत्य भी है। रूप, रस, गंध, स्पर्श की अनुभूति से आनंद रस का अतिरेक छलकता है। यही आनंद उत्सव बनता है। ऋषि कवि अपने खेल में देवताओं को भी साझीदार बनाते है, वे मरूतों को उत्सव 'क्रीडन्ति' बताते हैं। सोम को घोड़े के समान खेलने वाला बताते हैं। लेकिन सूर्य और अग्नि बड़े देवता है। सूर्य ऋतुएं विभाजित करता है। अग्नि ऋतु निर्माणकत्र्ता है। ऋषि अग्नि से कहते (ऋ. 5.19.5) हैं कि वह खेलता हुआ हमारी ओर आये। अग्नि खेलते हुए आने वाले अतिथि हैं। उनके स्वागत का आनंद होली में ही खेलता हुआ ही आता है। तब लोक भी खेलता है, हंसता, गीता गाता नृत्य करता है। वैदिक परम्परा में अग्नि बड़े देवता हैं। पूर्वजों ने होली उत्सव में अग्नि को प्रधान बनाया। कृषि प्रधान राष्ट्र ने जौ-गेहूं की बालियां अग्नि देव को सौंपी, प्रसाद रूप में स्वयं भी ग्रहण की। सूर्य अग्नि का ही रूप है। उनके प्रकाश में सात रंग है। पूर्वजों ने होली उत्सव को सतरंगी बनाया। ध्वनि में सात सुर-आयाम हैं। पूर्वजों ने रंगों के साथ सात सुर भी जोड़े। यहां रंग, सुर, छंद है, ताल लयसंगीत हैं, नृत्य और थिरकन है। होली में मर्यादित वर्जनाहीनता है। परिपूर्ण उन्मुक्तता है। उपनिषदों में परम सत्ता को रस बताया गया है-रसौ वै सः। होली रसपूर्ण है। प्रीतिरस के साथ रीतिरस। गीत और संगीत रस। मर्यादा रस और उन्मुक्त रस साथ साथ हैं। होली आप सबको आनंदरस रंग से परिपूरित करे। **-हृदयनारायण दीक्षित**

# अब महिला वोट करते हैं बड़ी चोट

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18 वीं लोकसभा के चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनावा आयोग ने सात चरणों में मतदान कार्यक्रम जारी कर दिया है। चार जून को मतगणना की तारीख तय की गई है। सीधी सी बात है कि दोपहर बाद तक 18 वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह सब अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफ़े काबिल है। गत दो चुनाव में देश की महिला वोटर्स ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के करीब एक दर्जन राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनाव में सक्रियता से हिस्सा लेने और उम्मीदवार को जिताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आम चुनाव में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थीं वहीं गत 2019 के आम चुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आईं। हालांकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए-नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते हैं। खैर सबसे अच्छी बात यह है कि गांव हों या शहर, महिलाएं अब घर की चारदीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही हैं। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी हैं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता हैं तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम हैं। यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल प्रदेश, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया उसी की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रिपीट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनाव में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिशत पुरुषों ने कंाग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनाव में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। यानी कि 2019 के चुनाव में 36 फीसदी महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया। महिलाओं के अधिक मतदान का ही परिणाम रहा कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को जबरदस्त बहुमत प्राप्त हुआ। विगत दो लोकसभा चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हर संभव प्रयास में जुट गए हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं की जा रही हैं। केंद्र की उज्ज्वला योजना, मध्य प्रदेश की लाडली योजना, लखपति लाड़ली योजना, महिला मुखिया को नकद राशि और मुफ्त बस यात्रा का करिश्मा देखा जा चुका है। आम आदमी पार्टी महिला सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। लगभग सभी राजनीतिक दल इस दिशा में आगे आ रहे हैं। बहरहाल लोकतंत्र के इस महापर्व में देश की महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाने जा रही हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। चुनाव के दौरान आने वाले दिनों में महिलाओं की और सभी राजनीतिक दलों की नजर रहेगी। इसे देश और लोकतंत्र दोनों के लिए ही सकारात्मक कहा जा सकता है। दुनिया के देशों के लिए भी भारत की महिलाएं एक मिसाल बन कर सामने आएंगी।

## सेहत मंत्र

# शुगर कंट्रोल करने में कारगर साबित होता है अखरोट का तेल

डायबिटीज यानी मधुमेह के मरीजों की संख्या में बड़ी तेजी से इजाफा हो रहा है। खासकर भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या सबसे अधिक है। इस बीमारी में रक्त में शुगर यानी शर्करा स्तर बढ़ जाता है और अग्नाशय से इंसुलिन निकलना बंद हो जाता है। इंसुलिन एक हार्मोन है, जिसका काम शरीर में मौजूद भोजन को ऊर्जा में तब्दील करना है। डायबिटीज के चलते शरीर में ऊर्जा का संचरण नहीं होता है। विशेषज्ञों की मानें तो व्यक्ति अपनी डाइट में जो भी कार्बोहाइड्रेट्स लेता है। उनमें ग्लूकोज़ की अधिकता होती है और जब यह ग्लूकोज टूटता है, तो इंसुलिन हार्मोन ग्लूकोज का इस्तेमाल ऊर्जा उत्पादन के लिए करता है। अगर आप भी डायबिटीज के मरीज हैं और ब्लड शुगर कंट्रोल करना चाहते हैं, तो अखरोट के तेल का सेवन कर सकते हैं। कई शोध में खुलासा हो चुका है कि अखरोट का तेल डायबिटीज में फायदेमंद साबित होता है। एक शोध में अखरोट तेल के फायदे को बताया गया है। यह शोध खासकर डायबिटीज के मरीजों पर किया गया है। इस शोध में 100 लोगों को शामिल किया गया था। वहीं, एक ग्रुप के मरीजों को लगातार तीन महीने तक रोजाना 15 ग्राम अखरोट के तेल का सेवन करने की सलाह दी गई। इसका परिणाम संतोषजनक रहा है। इस शोध के जरिए खुलासा हुआ है कि अखरोट का तेल ब्लड शुगर कंट्रोल करने में कारगर साबित हो सकता है। इसके लिए आप अपनी डाइट में अखरोट के तेल को शामिल कर सकते हैं। हालांकि, टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के उच्च रक्तचाप और वजन में कोई बदलाव नहीं पाया गया है। इसके अलावा, अखरोट में भी ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है। इसके सेवन से सांस लेने में आने वाली तकलीफों से निजात मिलता है। साथ ही अस्थमा से लड़ने में शरीर की मदद करता है।

डिस्क्लेमरः स्टोरी के टिप्स और सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन्हें किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफ़ेशनल की सलाह के तौर पर नहीं लें। बीमारी या संक्रमण के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## धर्म मंत्र

# शुक्रवार को पूजा कर प्रसन्न करें माता पार्वती को

किसी भी पूजा के पहले शुद्ध मन से उसका संकल्प करना जरूरी है। इसीलिए जब देवी पार्वती का भी पूजन शुक्रवार को करें तो पहले उसका सकंल्प लें। इसके लिए हाथों में जल, फूल व चावल लें, अब जिस दिन पूजन कर रहे हैं उस वर्ष, वार, तिथि स्थान और अपने नाम का स्मरण करते हुए अपनी मनाकामना को दोहरायें। अब हाथों में ली हुई सामग्री को को जमीन पर छोड़ दें। आपका संकल्प पूरा हुआ अब पूजा की शुरूआत करें। प्रत्येंक पूजा में गणपति का प्रथम स्थान माना जाता है और माता पार्वती तो श्री गणेश की माता है तो उन्हें इसकी सर्वाधिक प्रसन्नता होगी ही। इसके लिए सबसे पहले गणेश जी को स्नान करा कर वस्त्र अर्पित करें, अब उन्हें गंध, पुष्प और अक्षत अर्पित करें। इसके बाद देवी पार्वती का पूजन शुरू करें। पूजा के लिए पार्वती जी की मूर्ति भगवान शिव के बायीं और स्थापित करें। इस मूर्ती में माता का आवाहन करें और उन्हें शुद्ध जल से स्नान करा कर सुंदर वस्त्र पहनायें। इसके बाद मूर्ती को आसन पर स्थापित करें। अब देवी को आभूषण पहनाएं, फिर पुष्प और पुष्पमाला पहनाएं। इसके बाद सुगंधित इत्र अर्पित करें। बिंदी लगायें और सिंदूर अर्पित करें। धूप, दीप चढ़ाने के साथ फूल और चावल भी अर्पित करें। इसके बाद दीपक प्रज्जवलित करके माता की आरती करें। अब भोग लगायें। देवी पार्वती की पूजा में इन मंत्रों का जाप अवश्य करें, 'ऊं गौर्ये नमः'' और ''ऊं पार्वत्यै नमः।

## पर्यटन



# बद्रीनाथजी के दर्शनों के बाद जरूर घूमिये आसपास के इलाकों में

उत्तराखंड को देवों की भूमि भी कहा जाता है। इस राज्य में ख्यातिप्राप्त तीर्थस्थल तो हैं ही साथ ही इस राज्य की प्राकृतिक सौंदर्य भी देखते ही बनता है। इस राज्य की खूबसूरती का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि उत्तराखंड की प्रमुख आय का स्त्रोत पर्यटन ही है। खूबसूरत स्थलों और तीर्थस्थलों का जिक्र आए और बद्रीनाथ का उल्लेख न हो। ऐसा हो ही नहीं सकता क्योंकि हिन्दुओं के लिए बद्रीनाथ आस्था का प्राचीन केन्द्र है। इस तीर्थस्थल की खासियत यह है कि यह न सिर्फ अपनी महिमा बल्कि अपने अलौकिक सौंदर्य के कारण भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां आने पर आप देखेंगे कि किस प्रकार सैलानी आसमान की ऊंचाइयों को छूते पहाड़ तथा नर व नारायण की गोद में स्थित इस जगह पर सुनहरे शिखरों व घाटियों की सुंदरता को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। यहां पर अलकनंदा नदी की घाटी के बीच में बहते हुए कलकल करते जल की आवाज सुनकर आपको एक मधुर संगीत सुनने-सा आभास होगा। यहां पर पहाड़ों की आड़ में विशाल मंदिर की स्थापत्य कला तो देखने योग्य है। लगभग 3,133 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बद्रीनाथ धाम मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। मंदिर के निकट ही गर्म जल के सोते भी हैं। इन सोतों में स्नान करने का अपना अलग ही मजा है। इन सोतों के जल की खास बात यह है कि यह आपकी थकान को क्षण भर में दूर कर देता है। पूर्व में भले ही बद्रीनाथ की यात्रा कठिन हुआ करती थी लेकिन अब यहां पर काफी विकास हुआ है और यात्रियों के लिए अनेक सुविधाएं प्रशासन की ओर से मुहैया कराई गई हैं। अब सड़क बन जाने से यहां की यात्रा बहुत ही सुविधाजनक हो गई है। आप जब यहां आए ही हैं तो यहां के दर्शनीय स्थलों को देखना मत भूलिए। बद्रीनाथ धाम के आसपास कई खूबसूरत झीलें और मनोहारी ताल भी मौजूद हैं। जिनमें आप नौकायन का लुत्फ भी उठा सकते हैं।

# सास-बहू सम्मेलन में मतदाता जागरूकता के प्रति महिला मतदाताओं को किया गया जागरूक

## डीएम ने जनपद की सभी सास और बहू से आगामी चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत ज़िलाधिकारी की परिकल्पना पर आधारित ल्र सास बहु सम्मेलनङ्क शनिवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सम्मेलन मे मतदाता जागरूकता के अंतर्गत जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार झा के दिशा निर्देशन में सास बहू सम्मेलन में एक रंगमंच के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया उसके साथ ही जादू कलाकार के माध्यम से भी लोगों को मतदान के मूल्य को बताया गया। मतदान की महत्ता पर प्रकाश डाला गया और सभी से अपील की गई कि सास अपनी बहु को और बहु अपनी सास को मतदान के लिए प्रेरित करें, साथ में मतदान करें।

जिलाधिकारी श्री झा ने कहा कि पिछले चुनाव में महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों के मुकाबले 5 प्रतिशत कम था । इसलिए इस चुनाव में महिला मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ाने के महिलाओ को जागरूक करने के लिए प्रशासन द्वारा इस तरीके के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जनपद की सभी महिला मतदाताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की और कहा कि महिलाएं लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और बढ़-चढ़कर इसमें अपनी भूमिका का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रत्येक घर की सास की जिम्मेदारी है कि वह अपनी बहू को मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्र पर लेकर जाएं और उनका वोट डलवाएं । इसी प्रकार उन्होंने सभी बहुओं से अनुरोध किया है कि वह भी अपनी सास को मतदान के लिए प्रेरित करें और अपनी सास के साथ वोट डालने मतदान केंद्रों तक अवश्य जाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा इस तरीके का सास बहू सम्मेलन कार्यक्रम जनपद के प्रत्येक गांव में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर किया जाएगा। जहां पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा सास बहू सम्मेलन कराया जाएगा और उन्हें आने वाले चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा , जिससे जनपद का वोटिंग परसेंटेज शत प्रतिशत हो सके। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता श्री आशीष पाठक ने किया।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी के साथ अन्य अधिकारियो ने गर्भवती बहुओं की गोद भराई की रस्म की और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा विभिन्न सुंदर-सुंदर स्टॉल लगाए गए और रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। अंत में सभी ने फूलों की होली खेली और होली के पर्व की शुभकामनाएं भी दी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अ.सुदन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ,डिप्टी कलेक्टर श्वेता मिश्रा ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडे ,जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेंद्र दूबे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (पुरुष) डॉ.बृजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण तथा भारी संख्या में जनपद की सास बहुएं उपस्थित रही।

# हमीरपुर के युवक ने दुनिया की प्रतिष्ठित मेरी क्यूरी फ़ेलोशिप में मारी बाजी

**कैनविज टाइम्स संवाददात**

**-शोध कार्य के लिए मिला पौने दो करोड़ रुपये का अनुदान**

**-स्लोवेनिया सरकार ने भी दिया डेढ़ करोड़ रुपये का प्रस्ताव**

**- पीएचडी करने के बाद डॉ.सतेन्द्र बंगलौर में है**

हमीरपुर। हमीरपुर के छोटे से गांव पारा रैपुरा के एक प्रतिभाशाली शोधकर्ता डॉ सतेंद्र कुमार पुत्र राजा भैया ने विश्व प्रतिष्ठित यूरोपियन मैरी क्यूरी फ़ेलोशिप हासिल करके जनपद को गौरवान्वित किया है।

गौरतलब है कि डॉ सतेंद्र कुमार ने अपने उत्कृष्ट शोध प्रस्ताव के साथ चयनकर्ताओं को प्रभावित किया, जिसे 99 फीसदी का असाधारण स्कोर दिया गया। इस शोधकार्य के लिए डॉ सतेंद्र कुमार को पौने दो करोड़ की अनुदान राशि मिली है। यह शोधकार्य प्रोफ़ेसर मारिया के साथ मिलकर स्पेन में रह कर करना होगा। यह फ़ेलोशिप यूरोपीय संघ द्वारा प्रदान की जाने वाली विश्व की सबसे प्रतिष्ठित एवं प्रतिस्पर्धी शोध फ़ेलोशिप में से एक है और युवा, होनहार शोधकर्ताओं को कैरियर के शुरुआती चरण में अपना शोध करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।यह उपलब्धि न केवल शोधकर्ता के लिए बल्कि पूरे भारतीय शोध समुदाय के लिए भी गर्व का विषय है। यह इस बात का प्रमाण है कि भारतीय शोधकर्ता विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और उनके कार्यों को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है।

एमजीएम कालेज के प्रबंधक डॉ आलोक पालीवाल ने शनिवार को बताया कि सीएसआईआर-एम्प्री भोपाल से पीएचडी करने के पश्चात डॉक्टर सत्येंद्र वर्तमान में बेंगलोर में वैज्ञानिक पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने एमजीएम इण्टर कॉलेज सुमेरपुर में तीन साल तक भौतिकी तथा गणित में अध्यापन किया एवं निरंतर विद्यालय परिवार से जुड़े रहे हैं। उनकी सफलता निश्चित रूप से अन्य युवा शोधकर्ताओं को विदेशों में शोध करने और वैज्ञानिक क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। उनकी इस उपलब्धि पर माँ गीता माहेश्वरी इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. आलोक पालीवाल, उपप्रबंधक डॉ. पुनीत पालीवाल, प्रधानाचार्य भारत प्रसाद सहित समस्त स्टाफ ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है।

# पुलिस ने की दो गैंग लीडरों की 80 लाख की संपत्ति कुर्क

**कैनविज टाइम्स संवाददात**




फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने शनिवार को गैंगस्टर एक्ट के दो गैंग लीडरों अभियुक्तों की लाखों रुपये की अचल संपत्ति को मौके पर जाकर कुर्क करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की है।अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रण विजय सिंह ने बताया कि थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट गैंग लीडर धर्मेन्द्र उर्फ डीके पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी ग्राम अजायपुर थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद हाल निवासी लक्ष्मीनगर बोझिया कस्बा व थाना शिकोहाबाद की 34 लाख 15 हजार 400 रूपये की चल-अचल अचल सम्पत्ति को अन्तर्गत धारा 14(1) (जब्तीकरण) गिरोहबन्द एव असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण)1986 के तहत कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की है। गैंगस्टर धर्मेन्द्र उर्फ डी0के0 पर जनपद के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन अभियोग दर्ज है।इसी थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में शातिर अभियुक्त ब्रजेश कुमार उर्फ डिम्पू उर्फ कमलकान्त पुत्र जगदीश निवासी ग्राम अजायपुर थाना फरिहा हाल निवासी लक्ष्मीनगर बोझिया कस्बा व थाना शिकोहाबाद की 45 लाख 93 हजार 40 रूपये की अचल सम्पत्ति को अन्तर्गत धारा 14(1) (जब्तीकरण) गिरोहबन्द एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की है। गिरफ्तार अभियुक्त पर विभिन्न थानों में छह मुकदमें दर्ज हैं। एएसपी ने बताया कि जनपद में शातिर अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है।

# मानवीय गुणों को आत्मसात करने से होता है व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास : आत्मश्रद्धानंद

**कैनविज टाइम्स संवाददात**

कानपुर। शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और अनुशासन महत्वपूर्ण है, क्योंकि इन्हीं दोनों से छात्रों का भविष्य निर्भर होता है कि वह किस दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। छात्रों को चाहिये कि अपने माता-पिता और गुरुओं को सदा सम्मान करें। ऐसा करने से ईश्वरीय शक्ति जीवन में आपको कहीं कमजोर नहीं होने देगी। जहां तक व्यक्तित्व विकास की बात रही तो मानवीय गुणों को आत्मसात करने से ही व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। यह बातें शनिवार को बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कालेज बेनाझाबर में विद्यालय की ओर से आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण में आर के मिशन के सचिव स्वामी आत्मश्रद्धानंद ने कही।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रद्धा के साथ ईश्वर का स्मरण करें, ईश्वर की कृपा से लक्ष्य सहजता से प्राप्त हो जाएगा। आगे कहा कि शिक्षा ऐसी हो जिसमें व्यक्तित्व का विकास हो और अपने व्यक्तित्व से अच्छे समाज का निर्माण हो। विद्यार्थियों को सदैव अपने लक्ष्य पर फोकस करना चाहिये, लक्ष्य तय करने से पहले भली भांति विचार करना चाहिये और फिर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जी जान से जुट जाना चाहिये। लक्ष्य प्राप्ति में अगर कोई व्यवधान आता है या कोई उतार-चढ़ाव आता है तो घबराना नहीं चाहिये और मन में कभी हीन भावना नहीं लानी चाहिये, धैर्यपूर्वक आगे बढ़ने से सुनिश्चित है कि आपका लक्ष्य आपके कदमों पर होगा।

इस दौरान आरएसएस कानपुर प्रांत के प्रांत संघचालक भवानी भीख, विद्यालय के प्रबंधक आदित्य शंकर बाजपेयी, प्रधानाचार्य बृजमोहन कुमार सिंह, मंजूबाला श्रीवास्तव, श्याम नारायण द्विवेदी, संचित गुप्ता आदि मौजूद रहें।

# हमारे वर्तमान के लिए हेमू जैसे वीरों ने राष्ट्र पर अपना सर्वस्व न्योछावर किया: नीलकंठ तिवारी

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हेमू कालाणी को जयंती पर याद किया गया, सर्वोच्च बलिदान को नमन

**कैनविज टाइम्स संवाददात**



वाराणसी। स्वतंत्रता समर में महज 19 वर्ष की आयु में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर हेमू कालाणी की 101वीं जयंती पर शनिवार को उन्हें याद किया गया। जयंती पर हिन्दू युवा वाहिनी और त्रिशक्ति सेवा फाउंडेशन के संयुक्त बैनर तले संगोष्ठी में हेमू कालाणी के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। गोलघर स्थित पराड़कर स्मृति भवन के सभागार में आयोजित भारत के निर्माण में युवाओं का योगदान विषयक संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि हेमू कालाणी की गौरवगाथा युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत है।संगोष्ठी में प्रदेश के पूर्व मंत्री और शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हेमू कालाणी को नमन किया। विधायक ने कहा कि हमारे वर्तमान के लिए हेमू कालाणी जैसे अनेक वीरों ने राष्ट्र पर अपना सर्वस्व न्योछावर किया। गर्व की बात है कि हेमू कालाणी जैसे वीर जिसने मात्र 19 वर्ष की अवस्था में भारत माता के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया।

विधायक ने कहा कि हिन्दू युवा वाहिनी ने ऐसे वीरों के नाम पर मण्डल का निर्माण किया है,गर्व का विषय है। संगोष्ठी में हिन्दू युवा वाहिनी के वाराणसी मंडल प्रभारी अम्बरीश सिंह भोला, सिन्धी समाज के वरिष्ठ नागरिक ओ पी बदलानी, रमेश लालवानी, साहित्यकार डॉ रामसुधार सिंह ने वीर के व्यक्तित्व को याद कर कहा कि मात्र 19 वर्ष की आयु में अमर शहीद हेमू कालाणी का प्राणोत्सर्ग सदैव याद रखा जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमू कालाणी मंडल के अध्यक्ष शिवांशु यादव ने किया। संगोष्ठी में वाहिनी के लोकसभा विस्तारक विनोद तिवारी, चन्दन रूपानी, लीलाराम सचदेवा, हाशानंद बदलानी, वाहिनी के बाबू यादव, शनि गुप्ता, ओमप्रकाश जायसवाल आदि ने भी भागीदारी की।

# सोशल मीडिया की लत एक मानसिक बीमारी: डॉ रोहित कुमार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज,। रेलवे चिकित्सालय में शनिवार को ल्लसोशल मीडिया और किशोर स्वास्थ्यल्ल पर एक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहित कुमार ने सोशल मीडिया-व्हाट्सएप, फ़ेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम आदि की लत को एक मानसिक बीमारी बताया, जिसकी चपेट में लगभग हर उम्र के व्यक्ति शामिल हैं। किन्तु इसका सबसे बड़ा प्रभाव युवाओं पर पड़ता है।

रेलवे चिकित्सालय की स्थापना के शताब्दी समारोह के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में डॉ रोहित कुमार ने बताया कि सोशल प्लेटफॉर्म पर अधिक समय बिताने से युवाओं का बहुमूल्य समय तो खराब होता ही है। साथ ही कई फिजिकल व न्यूरोलॉजिकल विकृतियां भी उत्पन्न होती हैं। उन्होंने सोशल मीडिया का उपयोग संयम के साथ करने की सलाह दी।

वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सा निदेशक डॉ एस.के. हांडू ने भी कैम्प को सम्बोधित किया तथा लोगों से खासकर युवाओं से अच्छे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए सोशल मीडिया का कम से कम इस्तेमाल करने की सलाह दी। साथ ही 22 मार्च को डीआरएम क्रिकेट टूर्नामेंट में चिकित्सा टीम की जीत पर हर्ष जताया तथा टीम को बधाई दी।

इस अवसर पर अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक डॉ कल्पना मिश्रा, अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक डॉ मंजू लता हांडू, अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक डॉ उषा यादव, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराग यादव, डॉ अंकित अग्रवाल, डॉ आयुषी मिश्रा, डॉ तनय श्रीवास्तव तथा डॉ गौरव आनंद ने लोगों को स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया। इस आयोजन में मुख्य नर्सिंग अधीक्षक श्रीमती मोदेस्ता टोपनो, सीता रानी गुप्ता, सुमंती, तरुण जैन, राजकुमार, सत्येंद्र कुमार, सरवन कुमार, दिनेश तिवारी, राजू, मोहित, संदीप व उत्तम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# ट्रांसजेंडरों के हित में कार्य करने वाले क्षेत्रों में 22 लोग होंगे सम्मानित

## महाकुम्भ में शामिल होंगे बड़ी संख्या में ट्रांसजेंडर : लक्ष्मी नारायण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




प्रयागराज। द नेशनल ट्रांसजेंडर अवार्ड का आयोजन दिल्ली के ललित होटल में दो अप्रैल को 11 बजे से होने जा रहा है। इसमें देश के प्रत्येक राज्य में किन्नर-ट्रांसजेंडर के हित में (सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक) कार्य करने वाले लोगों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध अभिनेत्री जरीन खान हैं एवं अध्यक्षता किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक सोशल एक्टिविस्ट आर्यन हैं।आर्यन ने बताया है कि यह तीसरा द नेशनल ट्रांसजेंडर अवार्ड है। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मा सलमा खान मुम्बई को तथा 10 लोगों को पाथ ब्रेकर अवार्ड प्रदान किया जाएगा। किन्नरों के उत्थान के लिए एम्स, यूएनडीपी, यूएन एड्स, अति, पूना वाला, रैकेट एसोसिएशन फॉर ट्रांसजेंडर हेल्थ इज इंडिया और नैको हैं।

उन्होंने बताया कि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की माता स्व. श्रीमती विधा अवार्ड दो उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को प्रदान किया जाएगा। इसमें दिल्ली की डॉ बेला शर्मा और मुम्बई की डॉ पद्मा अय्यर हैं। ट्रांस लायसेंव अवार्ड हिन्दुस्तान लि, गोदरेज, लवली प्रो को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल को ट्रांसजेंडर विजिबिलिटी डे का आयोजन किया गया है, जबकि 4 अप्रैल को नेशनल नेटवर्क फार ट्रांसजेंडर पर्सन की वार्षिक बैठक यूएन हाउस में होगी। बैठक की अध्यक्षता किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर करेंगे।

किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर ने बताया कि द नेशनल ट्रांसजेंडर अवार्ड में शामिल हो रहे देश के बड़ी संख्या में ट्रांसजेंडरों को अगले वर्ष जनवरी माह में संगमनगरी में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध महाकुम्भ में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया जाएगा। जिससे बड़ी संख्या में किन्नर-ट्रांसजेंडर शामिल होकर सनातन धर्म के सबसे बड़े और विश्व प्रसिद्ध आयोजन को सफल बनायें। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के मेलाधिकारी विजय किरन आनंद के नेतृत्व में महाकुम्भ की व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गयी है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों, कल्पवासियों और संत-महात्माओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# बहन के घर होली पर त्यौहारी देकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे मे हुई दर्दनाक मौत,दम्पति गंभीर घायल

बाराबंकी।बहन के घर होली की त्यौहारी देकर वापस घर जा रहे भाई की शनिवार सुबह रामनगर इलाके में हुए एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में कार सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय सीएचसी से जिला चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए ज़िला मुख्यालय भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक रामनगर थाना अंतर्गत रामनगर बदोसराय मार्ग पर सिलौटा मोड़ के पास तेज़ रफ़्तार अनियंत्रित अर्टिगा कार नम्बर ठव 32 ख्रख 3098 ने सड़क किनारे बाइक के पास खड़े बदोसराय निवासी बलदीप यादव (25) पुत्र देवी प्रसाद को ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिससे बलदेव मोटरसाइकिल सहित सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी।घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया बलदेव आज ही सुबह ग्राम सिलौटा निवासी अपनी बहन के घर होली की त्यौहारी लेकर आया था। घर वापस जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हृदय विदारक घटना सुनते ही परिजनों व रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। मृतक के 4 वर्षीय पुत्र दिव्यांश व 6 माह की पुत्री दिव्यांशी के सर से पिता का साया उठ गया।

# राहुल अपने आप को कोटेदार बताकर कार्ड धारक से करता दबंगई, पुलिस से शिकायत

सिद्धौर बाराबंकीःकोठी थाना क्षेत्र के पूरे तुलसी मजरे पडरावां गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर कोटेदार पर कम चीनी देने व मारपीट तथा जाति सूचक गाली देने का भी आरोप लगाया है इसकी शिकायत कोठी पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही कि मांग की है । जानकारी के अनुसार आपको पता है कि पूरा मामला ग्राम पंचायत पडरावां मजरे पूरे तुलसी गांव निवासी राजू रावत पुत्र धनराज जो यह गरीब और असहाय व्यक्ति का कहना है कि गांव के सस्ते गल्ले की दुकान पर राशन चीनी लेने गया था जहां पर 3 किलो के स्थान पर 2 किलो 700 ग्राम चीनी दिया विरोध करने पर तौल कर रहे अपने आप को कोटेदार बता कर फर्जी तरीके से तौल कर रहे राहुल कश्यप ने राजू रावत को जाति सूचक गाली गलौज देते हुए मारने पीटने की धमकी दी है वही नाम ना छापने की शर्त पर ग्रामीणों का कहना है जो सस्ते गल्ले की दुकान चलती है वह रोशनी स्वयं सहायता समूह के नाम चलती है जिसकी कोटेदार रोशनी के नाम लोगों द्वारा बताया जा रहा है और राहुल कश्यप कुछ भी नहीं है फर्जी तरीके से संचालित दुकान पर अपनी दबंगई के बल पर बैठते हैं। वही पीड़ित राजू रावत का कहना है कि मुझे मारपीट और भाग देने और साथ में जाति सूचक गाली भी दिया है जिसकी सिकायत मैंने कोठी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीकई अन्य ग्रामीणों ने बताया कोटेदारअपने बोर में राशन तोड़ कर देते हैं जिससे करीब 1 किलो राशन कम मिलता है वही इस संबंध में जब हल्का इंचार्ज अमर बहादुर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया की जांच कर हर हाल में दोषी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# सपा युवाओं के सहारे प्रचार को देगी धार

बरेली,। समाजवादी पार्टी (सपा) के पदाधिकारियों ने शनिवार को बरेली लोकसभा में पार्टी की जीत पक्की करने के लिए बैठक की और रणनीति बनायी। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि युवाओं की टोलियां बनाकर प्रचार को धार दी जायेगी।महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि युवाओं की टोलियां बनाकर प्रचार को धार दी जाएगी। बरेली लोकसभा प्रभारी संजीव यादव ने कहा कि लोकसभा स्तर से और विधान सभा स्तर पर चुनाव संचालन समिति का गठन किया जाएगा। विधानसभा चुनाव संचालन समिति क्षेत्र में पार्टी के प्रमुखजनों के साथ जनसंपर्क को तेज करेगी।बैठक में पार्टी के प्रदेश सदस्य संजीव कुमार सक्सेना, प्रमोद बिष्ट, भूपेंद्र कुर्मी, हैदर अली,अशोक यादव, ब्रजेश श्रीवास्तव, अनिल पटेल, हसीब खान, मीरगंज सुरेश गंगवार, तनवीर उल इस्लाम, भोजीपुरा टीका राम कश्यप, दीपक शर्मा, राजेश अग्रवाल, भुवनेश यादव, अविनाश मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव : पुलिस मुस्तैद, 13 वांछित भेजे गए जेल

बरेली। लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैदी से जुट गया है। साथ ही अपराधियों की धरपकड़ व सुरक्षात्मक कार्रवाई लगातार जारी है। सकुशल चुनाव संपन्न करवाने के लिए पुलिस नें मीरगंज समेत नवाबगंज सें विभिन्न धाराओं में वांछित 13 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। लगातार जारी पुलिस की कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप की स्थिति है।

नवाबगंज पुलिस ने 8 वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसमें न्यायालय द्वारा गैरजमानती वारंट तामील किये जानें के बाद भी आरोपी फरार चल रहे थे। नवाबगंज पुलिस नें अभियान चलाकर पुलिस टीम का गठन कर 8 वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। जिसमें थाना नवाबगंज के पचुआ निवासी गोविंद राम (53)पुत्र नाथूलाल, रोशन लाल (60)पुत्र नत्थू लाल, थाना नवाबगंज के बड़ागांव निवासी राजाराम (45) पुत्र मेवाराम,बड़ागांव निवासी राकेश (42) पुत्र मेवाराम, राधेश्याम (43) पुत्र मेवाराम, कुंवर सिंह (40) पुत्र मेवाराम, थाना नवाबगंज के त्यार जागीर निवासी मदनलाल पुत्र सियाराम,थाना नवाबगंज के बिजोरिया रोड निवासी दिनेश रस्तोगी पुत्र रामसेवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# समाजवादी पुरोधा डॉ राम मनोहर लोहिया याद किए गए, जयंती पर योगदान का जिक्र

वाराणसी। समाजवादी पुरोधा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ राममनोहर लोहिया की 115वीं जयंती शनिवार को मनाई गई। राजातालाब भैरवतालाब स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया पीजी कॉलेज में उनके मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक सुशील कुमार उर्फ तोयज ने समाजवादी पुरोधा के जीवन संघर्ष को बताया। उन्होंने कहा कि डॉ लोहिया समता मूलक समाज की स्थापना चाहते थे। जिसके लिए उन्होंने जीवन भर संघर्ष किया। महाविद्यालय के संस्थापकों ने लोहिया की नीतियों से प्रभावित होकर महाविद्यालय का नाम उनके नाम पर रखा।कॉलेज के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार ने डॉ लोहिया के विचारों और समाज में किए गए योगदान का उल्लेख किया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्र भारत की राजनीति और चिंतन धारा पर जिन गिने-चुने लोगों के व्यक्तित्व का गहरा असर हुआ है, उनमें डॉ राम मनोहर लोहिया प्रमुख रहे हैं।कार्यक्रम का संचालन चीफ प्राक्टर डॉ कृपाशंकर पाठक ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा, डॉ अरुण कुमार राय, डॉ सुमन लता, डॉ एनएन राय, डॉ रणधीर सिंह आदि ने भी भागीदारी की।

# पश्चिमी उप्र में बादलों की आवाजाही के साथ बूंदाबांदी की संभावना

कानपुर। उत्तर प्रदेश के मौसम में रोजाना बदलाव देखे जा रहे हैं। कभी पछुआ हवाओं से तापमान गिर जाता है तो कभी खिली धूप सामान्य से अधिक तापमान कर देती है। शनिवार को भी आसमान में बादलों की आवाजाही रही और पछुआ हवाएं चलती रहीं। हालांकि तापमान लगभग सामान्य ही रहा। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दिनों पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में बादलों की आवाजाही के साथ बूंदाबांदी की संभावना है।चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता से उत्तर प्रदेश के मौसम में इन दिनों बराबर बदलाव देखा जा रहा है। शुक्रवार को जहां पछुआ हवाओं से तापमान गिरा रहा तो वहीं शनिवार को खिली धूप लोगों को परेशान करने लगी। हालांकि पछुआ हवाओं के चलने से तापमान सामान्य के लगभग ही रहा। आज की रात्रि पश्चिमी हिमालय पर एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है जिससे होली के त्योहार में वातारण में नमी रहेगी और सुबह शाम गुलाबी सर्दी महसूस होगी। इस दौरान हवाओं की गति तेज रहेगी।

# जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में चोरो का आतंक,लोगों में दहशत

बाराबंकी।जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं से आमजनमानस में भारी दहशत व्याप्त है।विगत दिनों अलीपुर मजरे टिकरापट्टी में हुई लाखों की चोरी की घटना का अभी तक पुलिस खुलासा नही कर पाई कि बीती रात पलिया मसूदपुर में फिर अज्ञात चोरों तमाम जेवरात पर हाथ साफ किया।

जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया मसूदपुर निवासी कुलदीप कुमार उर्फ बबलू पुत्र स्वर्गीय पाटनदीन का पूरा परिवार जब रात में सो रहा था तो अज्ञात चोरों ने घर के अंदर से बक्सा छत पर उठाकर ले गए और छत ही पर बक्से को तोड़कर उसमें रखे हुए जेवर आदि की चोरी कर ली। पीड़ित ने सुबह जब देखा की पूर्व में रखे हुए स्थान से बक्सा गायब है और छत पर टूटा हुआ बक्सा पड़ा हुआ है उसने तत्काल डायल 112 नंबर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली और संबंधित थाने को सूचित किया जिसमें संबंधित थाने की पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।





# मुंबई इंडियंस में रोहित की विरासत आगे बढ़ाने की शुरुआत करेंगे हार्दिक पांड्या

एजेंसी

अहमदाबाद। हार्दिक पांड्या रविवार को यहां जब अपनी पूर्व टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे तो उनका लक्ष्य अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की विरासत को आगे बढ़ाना होगा। हार्दिक की अगुवाई में टाइटंस ने अपने पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था जबकि पिछली बार वह उपविजेता रहा था। यह ऑलराउंडर हालांकि इस सत्र में वापस मुंबई से जुड़ गया जहां उन्हें रोहित के स्थान पर कप्तान नियुक्त किया गया है। हार्दिक इसके साथ ही वनडे विश्व कप में चोटिल होने के बाद किसी टूर्नामेंट में खेलेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक के बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में प्रदर्शन पर सभी की नजर टिकी रहेगी। टाइटंस ने हार्दिक की जगह शुभमन गिल को अपना कप्तान



नियुक्त किया है जिन्हें कप्तानी का बहुत कम अनुभव है। मुंबई की टीम फिटनेस से जुड़े मुद्दों से जूझ रही है। उसके स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अभी तक खेलने की मंजूरी नहीं मिली है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडॉर्फ और दिलशान मदुशंका पहले ही आईपीएल से बाहर हो चुके हैं, जबकि नए खिलाड़ी गेराल्ड कोएत्ज़ी भी मांसपेशियों में खिंचाव से उबर रहे हैं और वह भी शुरू में कुछ मैच से बाहर रह सकते हैं। मुंबई को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा इस सत्र में विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे और वह विश्व कप से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करना चाहेंगे। मुंबई के एक अन्य खिलाड़ी ईशान किशन के प्रदर्शन पर भी सभी की नजर रहेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के घरेलू क्रिकेट में खेलने के दिशा निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण उन्हें बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से हाथ धोना पड़ा था और अब वह खुद को साबित करने के लिए बेताब होंगे। मुंबई के पास हार्दिक के अलावा मोहम्मद नबी और रोमारियो शेफर्ड के रूप में ऑलराउंडर के अच्छे विकल्प मौजूद हैं। जहां तक टाइटंस का सवाल है तो गिल के लिए टीम की पिछले दो सत्र की निरंतरता को बरकरार रखना चुनौती होगी। गिल को भारत के भावी कप्तान के रूप में भी देखा जा रहा है लेकिन इससे पहले उन्हें खुद को आईपीएल में साबित करना होगा। गिल पिछले सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल थे और उनकी टीम यही उम्मीद कर रही होगी की कप्तानी के दायित्व का उनकी बल्लेबाजी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े। टाइटंस को भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की कमी खलेगी जो एड़ी के ऑपरेशन के कारण टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। उसके लिए हालांकि अच्छी खबर यह है कि अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान पीठ की चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं।

# रुइचांग चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में हारे आयुष शेट्टी, भारतीय चुनौती समाप्त

रुइचांग। स्पोर्ट्स पार्क जिम में चल रहे रुइचांग चाइना मास्टर्स 2024 केपुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ ही भारतीय युवा शटलर आयुष शेट्टी का अभियान समाप्त हो गया। शुक्रवार को, शेट्टी को एक घंटे और सात मिनट तक चले मैच में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के शटलर डोंग तियान याओ से 21-9, 18-21, 21-16 से हार का सामना करना पड़ा। वर्तमान में दुनिया के 76वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने दुनिया के 369वें नंबर के डोंग के खिलाफ पहले गेम में 4-4 तक बराबरी का मुकाबला खेला। इसके बाद डोंग ने गियर बदला और लगातार सात अंक लेकर स्कोर 11-4 कर दिया। शेट्टी ने डोंग की स्ट्रीक को तोड़ दिया लेकिन चीनी शटलर ने लगातार चार अंक हासिल कर पहला गेम शेट्टी की पहुंच से पूरी तरह बाहर कर दिया। उन्होंने पहला गेम 21-9 से अपने नाम किया। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता ने दूसरे गेम में वापसी की और डोंग के खिलाफ शुरुआती 5-1 की बढ़त ले ली। हालाँकि,



डोंग ने वापसी की और स्कोर 10-10 के साथ गेम को वापस बराबरी पर ला दिया। दूसरे गेम में कड़ा मुकाबला हुआ लेकिन शेट्टी डोंग को मात देने में सफल रहे और 21-18 से जीत के साथ दूसरा गेम सुरक्षित कर लिया। मैच के निर्णायक मुकाबले में दोनों शटलरों ने कड़ा संघर्ष किया और एक-दूसरे को एक-एक अंक के लिए कड़ी मेहनत करने पर मजबूर किया। हालांकि अंत में डोंग ने सेट 21-16 से अपने नाम कर अगले दौर में प्रवेश किया। शेट्टी के बाहर होने से रुइचांग चाइना मास्टर्स 2024 में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। इससे पहले प्रतियोगिता में कार्तिकेय गुलशन कुमार और रघु मारिस्वामी पुरुष एकल राउंड 32 में हार गए थे। पुरुष युगल स्पर्धा में, डिंगकू सिंह कोंथौजाम और अमान मोहम्मद की जोड़ी चीन के डेंग चेंग हाओ और फैन जून लिन से 21-14, 21-9 से हार गई और राउंड 32 में बाहर हो गई।

# पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का 89 वर्ष की आयु में निधन

एजेंसी

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का शनिवार को लाहौर में लंबी बीमारी के कारण 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पीसीबी ने शहरयार खान के निधन की घोषणा करते हुए एक बयान जारी किया, जिसमें लिखा था, ''पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, अपने अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स और कर्मचारियों के माध्यम से, आज सुबह लाहौर में पूर्व पीसीबी अध्यक्ष शहरयार खान के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है। वह 89 वर्ष के थे। जियो न्यूज उर्दू के अनुसार, शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे और उन्हें कराची में दफनाया जाएगा। दिसंबर 2003 में, शहरयार ने जनरल तौकीर ज़िया से पीसीबी अध्यक्ष का पद संभाला। यह वह समय था जब वित्तीय कुप्रबंधन और भाई-भतीजावाद के आरोपों के कारण पीसीबी की प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ था। उनके आने के बाद बोर्ड बदल गया और एक मजबूत नेतृत्व के रूप में सामने आया। उनकी नियुक्ति ने पाकिस्तान के क्रिकेट को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2004 में, उन्होंने पूर्व अंग्रेजी क्रिकेटर बॉब वूल्मर को राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त किया और वूल्मर को लाने का तुरंत फल मिला क्योंकि टीम अधिक स्थिर दिख रही थी। जब क्रिकेट की दुनिया में भारत का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा था तब उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर चुनौतियों का सामना करना शुरू हुआ। अक्टूबर 2006 में, उनका अनुबंध समाप्त होने से दो महीने पहले ही उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। उन पर डेरेल हेयर-ओवल संकट के समय खिलाड़ियों को अधिकार के साथ संभालने में विफलता का आरोप लगाया गया था। 2006 में, अंपायर डेरेल हेयर और बिली डॉक्ट्रोव ने कहा कि पाकिस्तान टीम इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के चौथे दिन गेंद से छेड़छाड़ में शामिल थी। एक शानदार राजनीतिक करियर के बाद उन्हें पीसीबी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। 1957 और 1994 के बीच, उन्होंने पाकिस्तान के विदेश सचिव के साथ-साथ राजदूत और उच्चायुक्त के रूप में भी काम किया। उन्होंने लंदन में तीसरे सचिव, ट्यूनिस में दूसरे सचिव और 1987 में लंदन में तैनात होने से पहले 1976 में जॉर्डन में पाकिस्तान के राजदूत के रूप में भी कार्य किया। शहरयार ने 1999 से 2001 तक फ्रांस में पाकिस्तान के राजदूत के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने 1999 के भारत दौरे और आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2003 के दौरान पाकिस्तान की राष्ट्रीय पुरुष टीम के टीम मैनेजर के रूप में भी काम किया। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में उनका दूसरा कार्यकाल 2014 में उस समय शुरू हुआ जब पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर उथल-पुथल में फंस गया था। नजम सेठी और जका अशरफ के बीच अध्यक्ष की भूमिका में कई बार बदलाव देखा गया। पीसीबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा निर्विरोध मतदान के बाद आखिरकार शहरयार को अध्यक्ष के रूप में शामिल किया गया।

# कभी कोई दबाव महसूस नहीं हुआ: गायकवाड़

एजेंसी

चेन्नई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीज़न के शुरुआती मैच में जीत के साथ अपनी कप्तानी की शुरुआत करने वाले चेन्नई सुपर किंग्स के नवनियुक्त कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि उन्हें टीम का नेतृत्व करते हुए कोई दबाव महसूस नहीं हुआ। रचिन रवींद्र और शिवम दुबे की उम्दा पारियों और मुस्तफिजुर रहमान के चार विकेटों की बदौलत गत चैंपियन सीएसके ने आरसीबी पर छह विकेट से हराकर, गायकवाड़ युग की शानदार शुरुआत की। जीत के साथ, सीएसके ने आरसीबी के खिलाफ अपने शानदार घरेलू रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया। अपने घरेलू मैदान पर सीएसके ने आरसीबी से 9 मैच खेले हैं, जिसमें उसने 8 जीत दर्ज की है और उसे एक मैच में हार का सामना करना पड़ा है। आईपीएल में किसी भी स्थान पर किसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ किसी भी टीम की यह सबसे लंबी



जीत है। मैच के बाद गायकवाड़ ने कहा, ''मैंने हमेशा कप्तानी का आनंद लिया है, इसे कभी भी अतिरिक्त दबाव के रूप में महसूस नहीं किया। मेरे पास इसे संभालने का अनुभव था, कभी कोई दबाव महसूस नहीं हुआ और जाहिर तौर पर माही (एमएस धोनी) भाई भी थे। मुझे लगता है कि हमारे टीम के अंदर हर कोई एक स्वाभाविक स्ट्रोक खिलाड़ी है, मुझे लगता है कि जिंक्स (अजिंक्य रहाणे) भी वास्तव में सकारात्मक खेल रहे हैं। हर कोई अपनी भूमिका जानता है। भूमिका की स्पष्टता वास्तव में मदद करती है। सभी ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन मुझे लगता है कि अगर शीर्ष 3 में से कोई 15वें ओवर तक बल्लेबाजी करता तो यह और भी आसान हो जाता। गायकवाड़ ने कहा कि उनकी टीम शुरू से ही पूरी तरह नियंत्रण में थी और उनका मानना था कि अंत में उन्होंने वास्तव में अच्छा खेला। उन्होंने कहा, ''मैं कहूंगा कि 2-3 ओवरों के अलावा हम शुरुआत से ही पूर्ण नियंत्रण में थे। लेकिन हमने अंत तक वास्तव में अच्छा खेला। मुझे लगता है कि मैक्सवेल और फाफ का आउट होना एक बड़ा मोड़ था। हमें तीन विकेट जल्दी मिल गए और इससे हमें अगले ओवरों पर नियंत्रण रखने में मदद मिली, यही असली निर्णायक मोड़ था। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में सीएसके के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने चार विकेट लेकर आरसीबी की शुरुआत बिगाड़ दी थी, लेकिन इसके बाद अनुज रावत (48) और दिनेश कार्तिक (नाबाद 38) ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी का स्कोर 20 ओवरों में 6 विकेट पर 173 रनों तक पहुंचा दिया। जवाब में सीएसके ने रचिन रवींद्र (37), अजिंक्या रहाणे (27), डेरिल मिचेल (22) शिवम दुबे (नाबाद 34) और रविंद्र जडेजा (नाबाद 25) की बेहतरीन पारियों की बदौलत 18.4 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### थॉमस और उबेर कप 2024: भारतीय पुरुष और महिला टीमों को मिला कठिन ड्रा

**चेंगदू।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने थॉमस और उबेर कप के लिए ड्रा शुक्रवार को यहां घोषित कर दिया गया है। दोनों टूर्नामेंट में 16 टीमें शामिल हैं, जिन्हें चार समूहों में बांटा गया है। टूर्नामेंट 27 अप्रैल से 5 मई तक खेले जाएंगे। मौजूदा चैंपियन भारतीय पुरुष टीम को थॉमस कप में मजबूत इंडोनेशिया के साथ रखा गया है, जबकि उबेर कप में महिला टीम को शक्तिशाली चीन के साथ रखा गया है। थॉमस कप में ग्रुप सी में भारत और इंडोनेशिया के अलावा थाईलैंड और इंग्लैंड की टीमें हैं, जबकि मेजबान चीन ग्रुप ए में दक्षिण कोरिया, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के साथ शामिल है। ग्रुप बी में जापान, चीनी ताइपे, जर्मनी और चेक गणराज्य शामिल होंगे, जबकि ग्रुप डी में डेनमार्क का सामना मलेशिया, अल्जीरिया और हांगकांग, चीन से होगा। महिलाओं के उबेर कप में, 15 बार के चैंपियन चीन को ग्रुप ए में भारत, कनाडा और सिंगापुर से भिड़ना है। ग्रुप बी में थाईलैंड, चीनी ताइपे, मलेशिया और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। जापान, यूगांडा, हांगकांग चीन और इंडोनेशिया ग्रुप सी में शामिल हैं। मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया ग्रुप डी में डेनमार्क, संयुक्त राज्य अमेरिका और मैक्सिको के खिलाफ नॉकआउट चरण में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेगा। भारतीय महिलाएं तीन बार 1957, 2014 और 2016 में उबेर कप के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। भारतीय पुरुष टीम ने गत चैंपियन होने के कारण स्वचालित रूप से क्वालीफाई कर लिया, जबकि महिलाओं ने इस साल की शुरुआत में मलेशिया में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। द्विवार्षिक अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत के चेंगदू में आयोजित की जाएगी, जो थॉमस कप के 33वें संस्करण और उबेर कप के 30वें संस्करण को चिह्नित करेगी।

### रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी प्रभावशाली थी : सुनील गावस्कर

**चेन्नई।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा संस्करण के उदघाटन मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी की तारीफ करते हुये कहा कि एक कप्तान के तौर पर उनका डेब्यू प्रभावशाली था। आरसीबी पर छह विकेट से जीत की रुतुराज को बधाई देते हुए गावस्कर ने कहा, एक कप्तान के तौर पर आपका डेब्यू काफी अहम हो जाता है। आप जीत के साथ अपने कप्तानी करियर की अच्छी शुरुआत करना चाहते हैं और वैसा ही हुआ। मैच के दौरान गेंदबाजी में चतुराई से किया गया बदलाव प्रभावशाली था। जिस तरह से उन्होंने मुस्तफिजुर का इस्तेमाल किया वह बिल्कुल अद्भुत था। उन्होंने अंतिम ओवर के लिए दीपक चाहर की बजाय तुषार देशपांडे पर भरोसा बनाए रखा। मुझे लगता है कि यह किसी अन्य गेंदबाज का उपयोग करने का अवसर था, लेकिन वह फिर भी तुषार देशपांडे पर अड़ा रहा, और देशपांडे ने शानदार अंतिम ओवर के साथ जवाब दिया। तो मुझे लगता है कि कप्तानी सबसे प्रभावशाली थी। पूर्व भारतीय दिग्गज ने कहा, निश्चित रूप से, उनके आसपास एमएस धोनी हैं, जो उनका मार्गदर्शन करते हैं, उन्हें बताते हैं और उन्हें प्रोत्साहन देते हैं। कभी-कभी, एमएसडी जैसे अनुभवी और निपुण व्यक्ति का छोटा सा इशारा भी बड़ा अंतर पैदा कर देता है। स्टार स्पोर्ट्स शो क्रिकेट लाइव पर बोलते हुए इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने कहा, अगर मैं फाफ डु प्लेसिस होता तो मैं लक्ष्य का पीछा कर सकता था। वह विकेट बिल्कुल सपाट था।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी की इकाई 132 करोड़ रुपये में रिलायंस पावर की परियोजना का अधिग्रहण करेगी

**नयी दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी की इकाई जेएसडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी ने महाराष्ट्र के वाशपेट में रिलायंस पावर की 45 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का 132 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रिलायंस पावर ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि जेएसडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी (कोटेड) लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। इसके मुताबिक, रिलायंस पावर ने महाराष्ट्र के वाशपेट में अपनी 45 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना की बिक्री के लिए जेएसडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी के साथ 132 करोड़ रुपये में बिक्री समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सौदा 21 मई 2024 तक पूरी होने की संभावना है। कंपनी के सूत्रों के अनुसार, बिक्री से प्राप्त आय का उपयोग कर्ज चुकाने के लिए किया जाएगा।

# बीसीबी को उम्मीद, श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे शाकिब

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को उम्मीद जताई है कि ऑलराउंडर शाकिब अल हसन श्रीलंका के खिलाफ 30 मार्च से होने वाले दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच के लिए उपलब्ध होंगे। इससे पहले, बीसीबी ने कहा था कि शाकिब, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज गंवाने के बाद श्रीलंका के खिलाफ सफ़ेद गेंद की सीरीज से चूक गए थे, टेस्ट श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हालाँकि, ऑलराउंडर ने हाल ही में अपना मन बदल लिया और अब बोर्ड को सूचित किया कि वह सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दूसरा टेस्ट खेलना चाहते हैं। क्रिकबज के अनुसार, बीसीबी के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को बताया, ''हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान उपलब्ध रहेंगे क्योंकि वह खेलना चाहते हैं। मुझे लगता



है कि उनके पास खेल के लिए पूरी तरह तैयार होने के लिए अभी भी समय है। शाकिब की वापसी मेजबान टीम के लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन होगी क्योंकि अंगूठे की चोट के कारण श्रृंखला से बाहर होने के बाद उन्हें मुश्फिकुर रहीम के अनुभव की कमी खल रही है। शाकिब ने आखिरी टेस्ट मैच अप्रैल 2023 में खेला था जब वह मेजबान टीम के लिए आयरलैंड के खिलाफ उन्हीं के मैदान पर खेले थे। शाकिब हाल ही में देश के पारंपरिक लिस्ट ए टूर्नामेंट ढाका प्रीमियर लीग में खेलने के लिए शेख जमाल धनमंडी क्लब में शामिल हुए हैं, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी की तैयारी के लिए उन्हें बल्ले के साथ कुछ और समय मिल सके। मौजूदा सीरीज आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र का हिस्सा है।

# ईसीबी के नए मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त हुए निमेश कटारिया

एजेंसी




लंदन। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी (डब्ल्यूबीडी) के पूर्व वित्त कार्यकारी निमेश कटारिया को इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का नया मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। कटारिया अप्रैल में अपना कार्यभार संभालेंगे। कटारिया स्कॉट स्मिथ का स्थान लेंगे, जो इस भूमिका को आठ साल निभाने के बाद हट रहे हैं। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने शुक्रवार को बोर्ड द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, ''हम अपने खेल के लिए महत्वपूर्ण समय में ईसीबी में निमेश का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। वित्तीय प्रबंधन और रणनीतिक अंतर्दृष्टि में उनका सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड अमूल्य होगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि हम खेल को आर्थिक रूप से टिकाऊ स्तर पर रखें, हम क्रिकेट को विकसित करना चाहते हैं और सबसे समावेशी खेल बनना चाहते हैं। कटारिया ने कहा, ''मुझे ईसीबी में शामिल होने पर गर्व है और मुझे उम्मीद है कि मैं क्रिकेट के विकास में भूमिका निभा सकूंगा और अधिक से अधिक लोगों को इस खेल से प्यार करने में मदद कर सकूंगा। मैं पूरी जिंदगी क्रिकेट का प्रशंसक रहा हूं, और जबकि इंग्लैंड और वेल्स में पूरे खेल के लिए वास्तविक चुनौतियाँ हैं, मैं सबसे समावेशी खेल बनने और आने वाली पीढ़ियों के लिए खेलने, देखने और आनंद लेने के लिए क्रिकेट के भविष्य को सुरक्षित करने के अवसर से उत्साहित हूं।''

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब

एजेंसी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट का रुख है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 86 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम दिन ब्रेंड क्रूड 0.35 डॉलर यानी 0.41 फीसदी की गिरावट के साथ 85.43 डॉलर प्रति बैरल पर टिका हुआ है।

वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.44 डॉलर यानी 0.54 फीसदी लुढ़ककर 80.63 डॉलर प्रति बैरल पर है।

# केंद्र ने प्याज के निर्यात पर जारी प्रतिबंध अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाया

एजेंसी



नई दिल्ली। त्योहारी सीजन में केंद्र सरकार ने प्याज की कीमत को काबू में रखने के लिए प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया है। प्याज के निर्यात पर दिसंबर में लगाया गया प्रतिबंध 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाला था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने देर रात जारी एक अधिसूचना में कहा है कि प्याज के निर्यात पर लागू मौजूदा प्रतिबंध अगली सूचना तक जारी रहेगा। सरकार ने प्याज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए दिसंबर में प्रतिबंध लगाया था, जो 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाला था। लोकसभा चुनाव से भारत सरकार के इस कदम से विदेशी बाजारों में प्याज की कीमतों में इजाफा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि देश के सबसे बड़े प्याज उत्पादक राज्य महाराष्ट्र के कुछ थोक बाजारों में प्याज की कीमतें दिसंबर 2023 के 4,500 रुपये से घटकर 1,200 रुपये (14 यूएस डॉलर) प्रति क्विंटल हो गई हैं। हालांकि, देश के अधिकांश राज्यों में प्याज का मौजूदा खुदरा भाव 30 रुपये प्रति किलोग्राम है।

# हिप्र में कांग्रेस के छह बागी नेता समेत नौ पूर्व विधायक भाजपा में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ते राजनीतिक संकट के बीच कांग्रेस के छह अयोग्य विधायक और इस्तीफा दे चुके तीन निर्दलीयों समेत नौ पूर्व विधायक शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए।

पूर्व विधायकों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसके सत्ता में आने के बाद से विकास कार्य बाधित हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में पूर्व विधायक पार्टी में शामिल हुए।




इन पूर्व विधायकों का पार्टी में स्वागत करते हुए ठाकुर ने कहा कि उनकी उपस्थिति से भाजपा और मजबूत होगी। उन्होंने राज्य में कांग्रेस सरकार पर अपने वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया जिससे लोगों के बीच आक्रोश है। ठाकुर ने कहा कि इन नेताओं ने हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था जो कांग्रेस के खिलाफ ''जन आक्रोश'' को दर्शाता है। कांग्रेस के जो छह बागी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजेंद्र राणा, इंद्र दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देवेंद्र कुमार भुट्टो शामिल हैं। ये सभी कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित हुए थे और इन्हें हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उपस्थित रहने तथा कटौती प्रस्ताव व बजट के दौरान राज्य सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी के एक व्हिप की अवज्ञा करने के लिए 29 फरवरी को अयोग्य करार दिया गया था। तीन निर्दलीय विधायकों आशीष शर्मा, होशियार सिंह और के एल ठाकुर ने शुक्रवार को अपने इस्तीफ़े सौंपे थे और वे भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। होशियार सिंह ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास यात्रा का हिस्सा होने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से राज्य में विकास कार्य रुक गए हैं। भाजपा नेताओं ने राजमार्ग तथा रेल परियोजनाओं समेत राज्य के लिए मोदी सरकार द्वारा उठाए कई विकास कदमों का उल्लेख किया और कहा कि पूर्व विधायकों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व को मजबूत बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इन पूर्व विधायकों को भाजपा में उचित सम्मान दिया जाएगा। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों के भाजपा में शामिल होने को ऐसे छोटे राज्य के लिए बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम बताते हुए कहा कि इनमें से कई नेता पार्टी में वरिष्ठ पदों पर थे। पूर्व कांग्रेस नेताओं ने पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व अब दिखायी नहीं देता है।

# कोलन कैंसर से बचाता है सांबर : डॉ. पुरोहित

एजेंसी

जालंधर। राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के सलाहकार डॉ. नरेश पुरोहित ने कहा है कि कोलन कैंसर वैश्विक स्तर पर कैंसर से संबंधित मौतों का दूसरा सबसे प्रचलित कारण है और तीसरा सबसे आम वैश्विक कैंसर है लेकिन दक्षिण भारतीय करी में सबसे लोकप्रिय सांबर खाने से कोलन कैंसर से बचा जा सकता है।

राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के सलाहकार डॉ. नरेश पुरोहित ने राजपुरा में जियान सागर मेडिकल कॉलेज द्वारा शनिवार को 'कोलोरेक्टल कैंसर अवेयरनेस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि सांबर में तीखे मसाले नहीं होते, इससे आंतों की परत प्रभावित नहीं होती है और कार्सिनोजेन के विकास को रोकता है।

प्रसिद्ध महामारी विशेषज्ञ डॉ. पुरोहित ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार कोलन कैंसर वैश्विक स्तर पर कैंसर से संबंधित मौतों का दूसरा सबसे प्रचलित कारण है और तीसरा सबसे आम वैश्विक कैंसर है, जो कैंसर के सभी मामलों सका लगभग 10 प्रतिशत है। सत्तर प्रतिशत कोलन कैंसर उत्तर भारत में होता है। प्रसिद्ध ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ ने बताया कि सांबर पाउडर में मसालों का मिश्रण है जो इसकी प्रभावशीलता बढ़ाता है। उन्होंने कहा, ल्ल सांबर पाउडर में एंटी-ट्यूमरजेनिक गुण होते हैं, यानी यह ट्यूमर के गठन को रोकता है। सांबर पाउडर में धनिया के बीज, मेथी के बीज, हल्दी के प्रकंद, काली मिर्च, करी पत्ते और जीरा होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सही तरीके से बनाया जाये तो सांबर एक बहुत ही पौष्टिक व्यंजन है। उन्होंने यूरोपियन जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में अपनी हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुये कहा कि इस्तेमाल किये गये मसालों के गुण मल त्याग में मदद करते हैं, जिससे कोलन कैंसर का खतरा कम हो जाता है।

## महुआ के पिता के आवास पर सीबीआई ने की छापेमारी

कोलकाता। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 'कैश फॉर क्वेरी' मामले में पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के पिता के घर पर शनिवार को छापे मारे।
आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई के अधिकारियों ने शनिवार सुबह यहां स्थित अलीपुर में जजेज कोर्ट रोड पर एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में सुश्री मोइत्रा के पिता दीपेंद्र लाल मित्रा के घर में तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान सशस्त्र केंद्रीय बलों को आसपास की सुरक्षा करते देखा गया। सुश्री महुआ मोइत्रा 2024 के आम चुनाव के लिए फिर से तृणमूल के टिकट पर नादिया जिले के कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रही हैं।

# मीडिया देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका और सामाजिक विमर्श पर इसके प्रभाव को स्वीकार करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक स्वतंत्र और उद्देश्यपूर्ण मीडिया की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि मीडिया देश की अंतरात्मा का रक्षक बनकर उभरेगा। श्री धनखड़ ने शनिवार को यहां कहा कि मीडिया को भारत को समझने के लिए सही दृष्टिकोण बताने वाला बनना चाहिए और छवि खराब करने वाले सुनियोजित आख्यानों का शिकार नहीं बनना चाहिए। एक बहुलवादी और लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत के समृद्ध इतिहास का उल्लेख करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि नागरिक संशोधन अधिनियम (सीएए) भी भारतीय नागरिक को उसकी नागरिकता से वंचित नहीं करता है। उन्होंने कहा कि सीएए के माध्यम से हाल के कदमों का उद्देश्य किसी भी मौजूदा नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन किए बिना पड़ोस में सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों को राहत प्रदान करना है। श्री धनखड़ ने 'एनडीटीवी इंडिया ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2023-24' समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि धर्मनिरपेक्षता, समानता और न्याय के मूल्यों द्वारा निर्देशित सीएए जैसे कदमों के सकारात्मक प्रभाव होगा। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग पड़ोस में सताए गए अल्पसंख्यकों पर मानवाधिकार के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक संदर्भ और प्रभाव को पहचानने में विफल रहे। मीडिया की विश्वसनीयता और स्व-नियमन के मुद्दों पर श्री धनखड़ ने कहा कि मीडिया की विश्वसनीयता वस्तुनिष्ठ होने और राजनीति में शामिल न होने

# हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नौसेना सकारात्मक कार्रवाई करेगी : एडमिरल कुमार

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना के अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने शनिवार को कहा कहा कि हिंद महासागर को और अधिक सुरक्षित क्षेत्र बनाने के लिए बल 'सकारात्मक कार्रवाई' करेगा। इसी के साथ उन्होंने नौसेना द्वारा गत 100 दिनों में समुद्री लुटेरों के खिलाफ की गई कार्रवाई का भी उल्लेख किया।

यहां नवनिर्मित नौसेना भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि समुद्र में हूती विद्रोहियों द्वारा 'किसी भी भारतीय ध्वज वाले जहाज' को निशाना नहीं बनाया गया है। नौसेना ने बताया कि दिन में आईएनएस कोलकाता सोमालिया के तट पर हाल ही में एक अभियान के दौरान पकड़े गए 35 समुद्री लुटेरों को लेकर मुंबई पहुंचा। इन समुद्री लुटेरों को भारतीय कानूनों, विशेष रूप से समुद्री डकैती रोधी अधिनियम, 2022 के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया।

नौसेना प्रमुख ने रेखांकित किया कि भारतीय वायुसेना के साथ मिलकर नौसेना ने मध्य-समुद्र में नाटकीय रूप से अभियान को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान नौसेना ने अपने युद्धपोत आईएनएस कोलकाता, लंबे समय तक उड़ान भरने में सक्षम समुद्री निगरानी विमान ड्रोन, पी -8 आई की तैनाती की और वायु सेना के विमान सी-17 के जरिये मार्कोस कमांडो को उतारकर तीन महीने से अपहृत विशाल जहाज को मुक्त कराया। उन्होंने बताया कि नौसेना ने भारतीय तट से लगभग 2,600 किलोमीटर दूर लगभग 40 घंटे के अभियान में माल्टा के पूर्व ध्वज वाले जहाज को अपने कब्जे में लिया और बंधक बनाए गए उसके चालक दल के 17 सदस्यों को मुक्त कराने के साथ 35 सशस्त्र समुद्री डाकुओं को पकड़ लिया। विशेषज्ञों के मुताबिक यह सोमालियाई समुद्री लुटेरो से गत सात साल में किसी मालवाहक जहाज को मुक्त कराने का पहला सफल अभियान है। नौसेना प्रमुख ने कहा, पिछले 10 वर्षों में यह सबसे बड़ा अभियान था जिसमें भारतीय नौसेना ने 35 समुद्री लुटेरों को पकड़ा। एडमिरल कुमार ने यह भी कहा कि समुद्री डकैती रोधी अधिनियम, 2022 सुरक्षा बलों, विशेषकर भारतीय नौसेना के लिए ''बहुत सहायक'' रहा है, जो समुद्री डकैती रोधी अभियानों को अंजाम देती है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि इस कानून ने नौसेना को अहम हथियार दिया है। कुमार ने समुद्री डकैती के प्रयासों का मुकाबला करने के लिए नौसेना की तैनाती को भी रेखांकित किया था। यह पूछे जाने पर कि क्या इससे प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में भारतीय नौसेना की छवि मजबूत हुई है, तो एडमिरल कुमार ने कहा,''भारत एक महान शक्ति बनने की राह पर है। महान शक्तियों के साथ बहुत सारी जिम्मेदारियां आती हैं।''

यह पूछे जाने पर कि ये अभियान कब तक जारी रहेंगे तो एडमिरल कुमार ने जवाब दिया, ''जब तक हिंद महासागर सुरक्षित और संरक्षित नहीं हो जाता।'' उन्होंने कहा, ''भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सकारात्मक कार्रवाई करेगी। इसलिए, चाहे वे भारतीय नागरिक हों या जहाज, हम उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।''

नौसेना प्रमुख ने कहा, ''हम हिंद महासागर में सबसे बड़ी नौसेना हैं। भारतीय नौसेना की जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि हिंद महासागर क्षेत्र सुरक्षित, संरक्षित और स्थिर रहे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह स्वतंत्र, खुला, समावेशी हो और नियम-आधारित व्यवस्था बनी रहे।

# 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनी तो चुनावी बॉण्ड मामले की जांच के लिए बनेगी एसआईटी: कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि चुनावी बॉण्ड 'प्रीपेड रिश्वत और 'पोस्टपेड रिश्वत' का मामला है और इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि 'चंदादाताओं का सम्मान, अन्नदाताओं का अपमान' मौजूदा सरकार की नीति है। उन्होंने कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा। रमेश ने संवाददाताओं से कहा, ''पिछले महीने से ही भारतीय स्टेट बैंक इसका भरपूर प्रयास कर रहा था कि किसी तरह 'चुनावी बॉण्ड' से संबंधित आंकड़े जारी करने का समय 30 जून, 2024 तक टल जाए यानी आगामी लोकसभा चुनाव के काफ़ी बाद तक। यह संभवतः मोदी सरकार के इशारे पर किया जा रहा था। उन्होंने दावा किया, ''उच्चतम न्यायालय के बार-बार हस्तक्षेप और तल्ख़ टिप्पणी के बाद एसबीआई को अंततः 21 मार्च, 2024 को बॉण्ड के आंकड़े जारी करने पड़े। राजनीतिक दलों के साथ चंदा देनेवालों का मिलान करने में 'पायथन कोड' की मदद से 15 सेकंड से भी कम का समय लगा। इससे एसबीआई का यह दावा बेहद हास्यास्पद साबित हुआ है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा मांगा गया डेटा उपलब्ध कराने में उसे कई महीने लगेंगे। रमेश ने आरोप लगाया, ''बॉण्ड में घोटाला चार तरीके से किया गया। पहला तरीका 'चंदा दो, धंधा लो' का था। यानी यह 'प्रीपेड रिश्वत' थी। दूसरा तरीका 'ठेका लो, रिश्वत दो' का था। यह 'पोस्टपेड रिश्वत' थी। तीसरा तरीका 'हफ़्ता वसूली' का था, यानी छापेमारी के बाद रिश्वत। चौथा तरीका फ़र्ज़ी कंपनियों का था।''

उन्होंने दावा किया, ''38 ऐसे कॉरपोरेट समूहों ने 'चुनावी बॉण्ड' के माध्यम से चंदा दिया है, जिन्हें केंद्र या भाजपा की राज्य सरकारों से 179 प्रमुख परियोजनाएं मिली हैं। भाजपा को 'चुनावी बॉण्ड' के माध्यम से 2,004 करोड़ रुपए का चंदा देने के बदले इन कंपनियों को कुल मिलाकर 3.8 लाख करोड़ रुपये के ठेके और परियोजनाएं मिली हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि यह 'चंदा-धंधा घोटाला' है। रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा, ''जो सरकार किसानों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) नहीं दे रही है, उसने घूस को कानूनी दर्ज़ा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया, ''चंदादाताओं का सम्मान, अन्नदाताओं का अपमान। यही इस सरकार की नीति है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### लोकतंत्र डकैती...

राजनीति नहीं करती। हम लोकआस्था का सम्मान करते हैं। हम कर्फ्यू नहीं लगाते, कांवड़ यात्रा का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रदेश में स्पिरिचुअल टूरिज्म में यूपी में बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वह जितनी बार अयोध्या, मथुरा और काशी गये हैं, उतना कोई भी मुख्यमंत्री नहीं गया। यही कारण है कि 2017 से पहले की अयोध्या और अब की अयोध्या में संभावनाओं के मामले में 100 गुना ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। लाखों लोगों को रोजगार मिला है। सीएम ने बताया कि वो अपना चुनावी अभियान मथुरा में से करेंगे। मुख्यमंत्री ने बदायूं की घटना को वीभत्स बताया। उन्होंने कहा बुलडोजर अन्यायियों और अत्याचारियों के साथ साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए चलता है। सीएम ने प्रदेश में हुए एनकाउंटर पर कहा कि पुलिस नियमानुसार अपना काम करती है। बेटी और व्यापारी को कोई भी परेशान करेगा तो कानून का राज स्थापित करने के लिए जो भी उपाय है वो किया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि कहा कि हम हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर पाए, इसलिए शायद मुसलमानों के मन में जगह नहीं बना पाए। हिन्दुस्तान में हमें यहां की मूल आत्मा का सम्मान करना पड़ेगा। हिन्दू भारत की मूल आत्मा है। उसका अपमान नहीं किया जा सकता, जिसको गलतफहमी होगी कि हम इस भावना का अपमान करके राजनीति करेंगे, तो हम ऐसी राजनीति को ठोकर मारते हैं। हम देश की सुरक्षा और हिन्दु आस्था के सम्मान पर कोई समझौता नहीं कर सकते। ईश्वर की कृपा और जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। पेपर लीक के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें सख्त कार्रवाई की गई है। जो युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं आजम खां के मामले में सीएम ने कहा कि उनके कर्मों के कारण उन्हें न्यायालय से सजा मिली है। भारत की न्यायपालिका स्वतंत्र है। सीएम योगी ने सीएए के सवाल पर कहा कि भारत में मुस्लिमों की आबादी आजादी के बाद हिन्दुओं से कई गुना तेजी से बढ़ी है। मगर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिन्दू आबादी कई गुना घटी है। अगर भारत सरकार यहां जन्मी सभी उपासनाविधियों को मानने वाले शरणार्थियों को सीएए के माध्यम से भारत की नागरिकता दे रही है तो इसका स्वागत करना चाहिए था। इसके बदले अगर कोई हिंसा का रास्ता अख्तियार करता है तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाना चाहिए। सीएए भारत के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा है। मुख्यमंत्री ने मदरसों के मॉर्डनाइजेशन के मामले पर कहा कि शरियत हमारा व्यक्तिगत विषय हो सकता है, मगर वो संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। हम मदरसों का मॉर्डनाइजेशन कर रहे हैं। हमें वैज्ञानिक, इंजीनियर, स्किल मैनपावॅर चाहिए। हमें अपने शिक्षण संस्थानों को उसी अनुरूप बनाना होगा। प्रदेश की शिक्षण व्यवस्था को एकरूपता देना हमारी प्राथमिकता है। सीएम योगी ने सपा-कांग्रेस गठबंधन पर कहा कि ये पहले भी हो चुका है। इन्हें प्रदेश की जनता ने अच्छे ढंग से सबक सिखा दिया था। यही कारण है कि राहुल और प्रियंका यूपी में आने का साहस नहीं दिखा पा रहे। अब आप झूठे वादे करके प्रदेश की जनता की आखों में धूल नहीं झोंक सकते। भाजपा अपने सहयोगियों के साथ यूपी में अबतक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने जा रही है। ये पहला चुनाव होगा जिसके परिणाम के बारे में पूरा देश आश्वस्त है। मोदी की गारंटी पर देश का विश्वास है। चार जून को परिणाम आएंगे और मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। सीएम योगी ने कहा कि कर्नाटक, तेलंगाना और महाराष्ट्र में पार्टी मजबूत स्थिति में है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल में जहां बीजेपी कभी पीछे थी, वहां भी हम अच्छी सीटें लेकर आएंगे। सीएम ने बसपा के बारे में कहा कि उसका अपना वोटबैंक हैं। उसकी नेता मायावती तीन बार प्रदेश की सीएम रह चुकी हैं। बसपा कमजोर पड़ेगी तो उसका लाभ भाजपा को मिलेगा। 2019 में सपा और बसपा मिलकर अपनी ताकत आजमा चुके हैं। सीएम योगी ने इस बात के संकेत भी दिये कि इस बार भाजपा यूपी की सभी 80 सीटें जीतेगी।

### भारत अब आतंकवाद...

के रूप में इस्तेमाल करता है?

उन्होंने मामले की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा, 'यह एक बार होने वाली घटना नहीं निरंतर ऐसा हो रहा है, लगभग उद्योग स्तर पर...इसलिए भारत इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि हमें (खतरे) को संबोधित करने का एक तरीका ढूंढना होगा। समस्या से बचने का यही तरीका है। यह केवल और अधिक परेशानी ही आमंत्रित करता है। विदेश मंत्री के मुताबिक उनके पास इन मुद्दों का कोई तात्कालिक समाधान नहीं, लेकिन इतना स्पष्ट है कि भारत अब इस समस्या को नजरअंदाज नहीं करेगा। हम यह नहीं कहने जा रहे कि 'ठीक है, ऐसा हुआ और आइए दोनों देश अपनी बातचीत जारी रखें।' हमें उस समस्या का सामना करने के लिए पर्याप्त ईमानदार होना चाहिए, चाहे वह कितनी ही कठिन क्यों न हो...हमें दूसरे देश को यह कहकर खुली छूट नहीं देनी चाहिए कि वे बेबस-लाचार हैं और बहुत बड़ी समस्या से घिरे है। समस्या भले ही कठिन है, बहुत कुछ दांव पर भी लगा है, लेकिन दूसरी चीजों को हमें नजरअंदाज कर समस्या को दूर करने पर ध्यान देना चाहिए। चीन की विस्तारवादी नीति और अरुणाचल प्रदेश में भारतीय भूभाग पर उसके दावों पर विदेश मंत्री ने कहा, सीमांत राज्य अरुणाचल 'भारत का स्वाभाविक हिस्सा' है। उन्होंने राजनेताओं के अरुणाचल दौरे का चीनी खेमे से विरोध किए जाने पर कहा, यह कोई नया मुद्दा नहीं है। चीन ने दावा किया है, उसने अपने दावे का विस्तार किया है। ये दावे शुरू में हास्यास्पद थे और आज भी हास्यास्पद बने हुए हैं। बकौल डॉ जयशंकर, 'मुझे लगता है कि हम इस पर बहुत स्पष्ट और सुसंगत राय रखते हैं। आप जानते हैं कि यह कुछ ऐसा है जो सीमा विवाद से जुड़ी चर्चा का हिस्सा भी बनेगा।' बता दें कि चीनी विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अरुणाचल प्रदेश यात्रा पर आपत्ति जताई थी। जयशंकर की टिप्पणी विदेश मंत्रालय द्वारा चीनी रक्षा मंत्रालय के दावों को खारिज करने के कुछ दिनों बाद आई है। उन्होंने कहा, हमने चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता की तरफ से भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के क्षेत्र पर बेतुके दावों से जुड़ी बयानबाजी देखी है। इस संबंध में आधारहीन तर्क दोहराने से ऐसे दावों को कोई वैधता नहीं मिल जाती। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। इसके लोग हमारे विकास कार्यक्रमों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से लाभान्वित होते रहेंगे।

### कविता की ईडी हिरासत...

किया था और मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए 16 मार्च को सात दिनों की ईडी हिरासत हासिल की थी। ईडी के विशेष वकील जोहेब हुसैन ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत एक आवेदन दायर करके सुश्री कविता की हिरासत को पांच और दिनों के लिए बढ़ाने की मांग की। इस मामले में वर्ष 2021-22 के लिए दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में अनियमितताओं के लिए दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ 17 अगस्त 2022 को सीबीआई द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसके बाद ईडी ने 22 अगस्त 2022 को ईसीआईआर दर्ज करके जांच शुरू की और 26 नवंबर 2022 को अभियोजन शिकायत दर्ज की तथा विशेष पीएमएलए कोर्ट ने अपराध का संज्ञान लिया। ईडी के वकील ने कहा कि ईडी ने सुश्री कविता के फोन से निकाली गई उसकी भूमिका और फोरेंसिक रिपोर्ट का उल्लेख किया है तथा उसका विश्लेषण किया है। उनसे कुछ बयान भी लिए गए लेकिन वह जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। ईडी के वकील ने आरोप लगाया था कि सुश्री कविता 'साउथ समूह' की प्रमुख सदस्य थी, जिस पर आम आदमी पार्टी (आप) को रुपये की रिश्वत देने का आरोप है। इस रिश्वत में दिल्ली में शराब लाइसेंस के बड़े हिस्से के बदले में 100 करोड़ रुपये दिये जाने का आरोप है। सुश्री कविता के वकील ने उनकी ओर से जमानत याचिका दायर की थी, जिस पर ईडी ने यह कहते हुए आपत्ति जताई थी कि जांच के इस चरण में जमानत याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता है।

### मॉस्को आतंकवादी...

इस्तेमाल किया। समिति ने कहा कि बैलिस्टिक, जेनेटिक और फिंगरप्रिंट जांच की जा रही है। समिति ने यह भी कहा है कि यह भी स्थापित हो गया है कि आतंकवादियों ने परिसर में आग लगाने के लिए ज्वलनशील तरल पदार्थ का इस्तेमाल किया था। रूस की खुफिया एजेंसियों ने मास्को के क्रोकस सिटी हॉल पर हमले के मामले की जांच के संबंध में 11 लोगों को हिरासत में लिया है जिसमें चार आतंकवादी बताए जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ये सभी क्रोकस सिटी हॉल हमले में सीधे तौर पर शामिल थे। समिति ने कहा कि यूक्रेन की सीमा के पास ब्रांस्क क्षेत्र में चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने मॉस्को के क्रोकस कॉन्सर्ट हॉल में हुई गोलीबारी और बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। मॉस्को के बाहर क्रोकस सिटी हॉल के कॉन्सर्ट स्थल पर गोलीबारी हुई और उसके बाद भीषण आग लग गई। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, कई हथियारबंद लोगों ने कॉन्सर्ट स्थल में गोलीबारी की। रूस की जांच समिति ने आतंकवादी हमले में एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। समिति ने कहा कि क्रोकस सिटी हॉल में घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए गए हैं जिसकी जांच चल रही है और कैमरा रिकॉर्डिंग का अध्ययन किया जा रहा है। आतंकवादी संगठन ने अपनी अमाक समाचार एजेंसी द्वारा पोस्ट किए गए एक बयान में हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उसके लड़ाकों ने मॉस्को के बाहरी इलाके पर हमला किया था। इस घटना में सैकड़ों लोग मारे गये और कई घायल हुए।

### होली पर पूरे ...

प्राप्त होगी। अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संदर्भ में पूरी तरह सावधानी बरतें और सबको अनवरत विद्युत प्राप्त हो इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने बताया कि वितरण में लगे अधिकारियों को त्योहार पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए कहा गया है। डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों, मुख्य अभियंताओं सहित विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि होली के बाद भी प्रदेश में निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। मालूम हो की प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में जहां 18 घंटे आपूर्ति निर्धारित की गई है तो वहीं नगर पंचायत मुख्यालयों के लिए 21.30 घंटे, तहसील मुख्यालयों के लिए 21.30 घंटे और जनपद मुख्यालयों के लिए 24 घंटे आपूर्ति निर्धारित की गई है। वहीं बुंदेलखंड के सभी 7 जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति निर्धारित की गई है। इन सभी क्षेत्रों में निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। हालांकि, त्योहारों के अवसर पर यूपीपीसीएल सभी क्षेत्रों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति मुहैया कराने में जुट गया है।

